10 रोहित शर्मा...



झारखण्ड का अपना दैनिक
# झारखण्ड उजाला
सच आप तक

12 हुमा कुरैशी...



रांची, शनिवार, 14 दिसंबर 2024 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रूपये | रांची संस्करण | वर्ष- 04 | अंक -176 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com

## आज का विचार

झारखण्ड उजाला



**श्री पीयूष चौधरी**
**समाजसेवी रामगढ़ विधानसभा**
**आजसू पार्टी**

**सकारात्मक सोच शक्तिशाली सोच है। यदि आप खुशी, तृप्ति, सफलता और आंतरिक शांति चाहते हैं, तो यह सोचना शुरू करें कि आपके पास उन चीजों को प्राप्त करने की शक्ति है। जीवन के उज्ज्वल पक्ष पर ध्यान दें और सकारात्मक परिणामों की अपेक्षा करें।**

## सर्राफा

सोना (बिक्री) : **72,300**
चांदी (प्रति किलो) : **93,000**
(नोटः सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

## शेयर बाजार

सेंसेक्स :- **82,133.12**
निफ्टी :- **24,768.30**

## मौसम

अधिकतम तापमान : **22** °
न्यूनतम तापमान : **09** °

## सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- **06:22**
संध्या :- **17:05**

## आज का इतिहास

**आज के ही दिन 1799 को अमेरिका के प्रथम राष्ट्रपति जॉर्ज वाशिंगटन का निधन हुआ। उन्हें सर्वसम्मति से संयुक्त राज्य अमेरिका का राष्ट्रपति चुना गया।**

## संक्षिप्त समाचार

### धनबाद के बरवाअड्डा में जमीन कारोबारी को मारी गोली, हालत गंभीर

**धनबाद।** धनबाद के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के कुमीर्डीह में शुक्रवार की शाम को जमीन कारोबारी चेतन महतो को गोली मार दी है. मिली जानकारी के अनुसार दो अज्ञात अपराधी अपाची बाइक पर सवार होकर आए और चेतन महतो पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी. घटनास्थल पर ही चेतन महतो की घायल होकर गिर पड़े. स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें निजी अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने स्थिति को गंभीर देखते हुए रेफर कर दिया है. इस घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है. स्थानीय लोगों ने इस घटना की निंदा करते हुए दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की है.

### हाईकोर्ट ने रांची डीसी को सशरीर हाजिर होने का दिया निर्देश

**रांची।** मोरहाबादी के फुटपाथ दुकानदारों के पुनर्वास के लिए दायर याचिका पर हाईकोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान अदालत में जिला प्रशासन की ओर से जवाब दाखिल नहीं किया का सका. जिसके बाद कोर्ट ने अगली सुनवाई में रांची जिले के डीसी को सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया है. अब अदालत का मामले में 3 जनवरी को सुनवाई करेगा. मामले की सुनवाई हाईकोर्ट की न्यायाधीश जस्टिस अनुभा रावत की अदालत में हुई. प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता अनुराग कश्यप ने बहस की.

### छत्तीसगढ़ के बीजापुर में सुरक्षा बल के जवानों ने दो नक्सलियों को मार गिराया

**बीजापुर/रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर के बासागुड़ा थानाक्षेत्र के नेंड्रा जंगलों में आज सुबह से नक्सलियों और पुलिस के बीच मुठभेड़ जारी है। बीजापुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंद्रकांत गवर्ना ने मुठभेड़ की पुष्टि की ।उन्होंने जानकारी दी है कि सुरक्षा बल के जवानों ने दो नक्सलियों को मार गिराया है। पुलिस ने दोनों पुरुष माओवादियों के शव बरामद कर लिए हैं।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन ने बाबा भोलेनाथ से झारखंड वासियों की सुख-समृद्धि, उन्नति और खुशहाली की प्रार्थना की

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**





**देवघर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन दो दिवसीय दौरे पर संथाल परगना क्षेत्र पहुंचे हुए हैं. संथाल परगना प्रमंडल पहुंचने के साथ ही सबसे पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन ने बाबा मंदिर में दर्शन किया और वहां पर जलाभिषेक कर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया. सीएम के आगमन को लेकर मंदिर परिसर की सुरक्षा व्यवस्था ज्यादा पुख्ता कर दी गई. आम लोगों को मंदिर में प्रवेश पर कुछ देर तक रोक लगा दी गई. बाबा मंदिर में जलाभिषेक करने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि विधानसभा में जो जनादेश मिला है, वह राज्य की जनता के हित के लिए मिला है. इसीलिए राज्य की जनता को वह आश्वासन देते हुए कहना चाहते हैं कि आने वाले समय में सरकार राज्य की जनता के हितों के लिए काम करेगी.

मुख्यमंत्री के साथ पहुंची उनकी पत्नी व विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि यह बाबा का दरबार है. यहां पर किसी भी तरह की राजनीतिक बातें उचित नहीं होगी. उन्होंने हर हर महादेव का नारा लगाते हुए यह संदेश दिया कि इस बार भगवान भोलेनाथ की कृपा से झारखंड मुक्ति मोर्चा ने प्रचंड विजय प्राप्त की है और आने वाले समय में भी झारखंड राज्य के लिए जेएमएम बेहतर कार्य करने का काम करेगा. मुख्यमंत्री ने फिलहाल किसी भी मुद्दे पर कुछ भी बोलने से मना किया. बाबा मंदिर में बनने वाले कॉरिडोर को लेकर जब सवाल पूछे गए तो वह पूरे मामले पर चुप्पी साधते दिखे. वहीं मुख्यमंत्री की सुरक्षा में मौजूद और पूरे मंदिर में प्रोटोकॉल व्यवस्था को देख रहे देवघर के एसडीओ रवि कुमार ने कहा कि हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार बाबा मंदिर पहुंचे. उन्होंने बताया कि कड़ी सुरक्षा के बीच और बिना किसी समस्या के मुख्यमंत्री ने भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग की पूजा कर उनसे आशीर्वाद लिया.

एसडीओ रवि कुमार ने बताया कि पिछले दिनों मंदिर के आसपास क्षेत्र में सीमेंट छिड़काव व अवैध निर्माण को लेकर फिलहाल कुछ भी नहीं बोले, लेकिन उन्हें पहले से ही पूरे घटना को लेकर जानकारी थी. उन्होंने जब बाबा मंदिर के शिवलिंग को देखा तो उन्होंने संतुष्टि जाहिर की. एसडीओ रवि कुमार ने कहा कि जिस स्थिति में पहले शिवलिंग थी. उसी स्थिति में आज भी बनी हुई है. इसलिए मुख्यमंत्री संतुष्ट हुए. देर से पहुंचने की वजह से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सर्किट हाउस के कार्यक्रम को फिलहाल कैंसिल कर दिया गया. देवघर के बाबा मंदिर में पूरे विधि विधान से पूजा करने के बाद मुख्यमंत्री बासुकीनाथ के लिए रवाना हो गए.

### मुख्यमंत्री एवं कल्पना सोरेन ने दुमका जिला स्थित बासुकीनाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं उनकी धर्मपत्नी विधायक कल्पना सोरेन ने आज दुमका जिला स्थित बासुकीनाथ धाम मंदिर पहुंचकर बाबा भोलेनाथ की विधिवत पूजा-अर्चना की। तीर्थ पुरोहितों ने पूरे विधान के साथ पूजन कार्य संपन्न कराया। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने बाबा भोलेनाथ से राज्यवासियों की सुख, समृद्धि, उन्नति एवं खुशहाली की मंगलकामना की। इससे पूर्व दुमका जिला प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री का स्वागत एवं अभिवादन करते हुए उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

# मुख्य सचिवों के चौथे राष्ट्रीय सम्मेलन में मुख्य सचिव अलका तिवारी ने की सहभागिता



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** दिल्ली में आयोजित होने वाले चौथे मुख्य सचिवों के राष्ट्रीय सम्मेलन का आज से शुभारंभ हुआ। मुख्य सचिवों का यह सम्मेलन, सहकारी संवाद को मजबूत करने, विकास एवं प्रगति हासिल करने की दिशा में केंद्र और राज्यों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने की दृष्टि से अयोजित किया जाता है। झारखंड सरकार की तरफ से इस सम्मेलन में झारखंड सरकार की अध्यक्षता, मुख्य सचिव झारखंड सरकार श्रीमती अलका तिवारी, प्रधान सचिव योजना श्री मस्त राम मीना, सचिव ग्रामीण विकास श्री के श्रीनिवासन एवं सचिव उद्योग विभाग श्री जीतेन्द्र कुमार सिंह आदि विशेष पदाधिकारियों ने की।

बता दें कि यह सम्मेलन केंद्र एवं राज्य सरकारों के साझा विकास एजेंडा के सुसंगत प्रारूप तैयार करने के लिए किया जाता है। इसका प्रमुख उद्देश्य उद्धामिता को बढ़ावा देना, कौशल परक रोजगार सृजन कराना और अधिक जन मानस को लाभांश का दोहन कराना है। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य देश के प्रधानमंत्री, नीति आयोग,केंद्रीय मंत्रालय के साथ-साथ, राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश के प्रमुख प्रतिनिधियों एवं विशेषज्ञों के मध्य विचार विमर्श के आधार पर श्रेष्ठ कार्य प्रणाली को स्थापित करना है। इस वर्ष इस सम्मेलन में व्यापक विषय विनिर्माण, सेवा, ग्रामीण गैर-कृषि, शहरी विकास, नवीनिकरण ऊर्जा, मिशन कर्मयोगी पर विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा इसके अलावा कृषि में आत्म निर्भरता, खाद तेल एवं दालें, वृद्धि आबादी की देख भाल,अक्षय ऊर्जा और भारतीय पारंपरिक ज्ञान पर भी विचार विमर्श किया जाएगा।

# झारखंड से पहली बार चलेगी भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन, रेलवे करायेगा सात ज्योतिर्लिंग के साथ शिर्डी के दर्शन

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**

**रांची।** अगर आप भी ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने का सोच रहे हैं, तो यह खबर आपके लिए है. इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन ने झारखंड से पहली बार भारत गौरव टूरिस्ट सर्किट स्पेशल ट्रेन चलाने की योजना बनायी है. यह ट्रेन 5 जनवरी से झारसुगुडा से चलेगी, जो सात ज्योतिर्लिंग के साथ शिर्डी के दर्शन करवायेगी. इनमें भीमाशंकर, द्वारका, ग्रिशनेश्वर, महाकालेश्वर, नागेश्वर, ओंकारेश्वर, त्र्यंबकेश्वर, शिर्डी और सोमनाथ शामिल है. यह यात्रा 5 जनवरी से 17 जनवरी (12 रात/13 दिन) तक होगी. इच्छुक तीर्थयात्री यात्रा संबंधी विस्तृत जानकारी और बुकिंग के लिए आईआरसीटीसी कार्यालय (रेलवे स्टेशन रांची, पार्सल कार्यालय के पास) जाकर या फिर 8595937711 नंबर पर कॉल करके प्राप्त कर सकते है. इच्छुक तीर्थयात्रियों को स्लिपर क्लास के लिए 24330 और 3 एसी के लिए 42655 रुपये देने होंगे. इसमें सभी टैक्स भी शामिल हैं. टिकट की बुकिंग आप आईआरसीटीसी की वेबसाइट www.irctctourism.com के माध्यम से भी कर सकते हैं.

### 12 रात/13 दिन की होगी तीर्थ यात्रा

आईआरसीटीसी के अनुसार, भारत गौरव टूरिस्ट सर्किट स्पेशल ट्रेन नये साल की पांच तारीख (रविवार) को झारसुगुडा से खुलेगी और राउरकेला, रांची, मूरी, बोकारो स्टील सिटी, हजारीबाग रोड, कोडरमा, गया, राजगीर, बिहारशरीफ, पटना, बक्सर, आरा, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन होते हुए भीमाशंकर, द्वारका, ग्रिशनेश्वर, महाकालेश्वर, नागेश्वर, ओंकारेश्वर, त्र्यंबकेश्वर, शिर्डी , सोमनाथ के दर्शन कराते हुए 17 जनवरी को वापस लौटेगी. यह यात्रा 12 रात/13 दिन की होगी. इस यात्रा में तीर्थ यात्रियों को स्लीपर क्लास एवं 3 एसी से यात्रा, शाकाहारी भोजन, घूमने के लिए बस, रहने के लिए होटल की व्यवस्था, हर कोच में सिक्योरिटी गार्ड और टूर एस्कॉर्ट की सेवा उपलब्ध रहेगी. इसके अलावा यात्रियों के लिए बीमा की भी सुविधा रहेगी. बता दें कि देश के विभिन्न भागों से भारत सरकार द्वारा परिकल्पित 'देखो अपना देश' और 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की पर्यटन अवधारणाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रेल मंत्रालय ने भारत गौरव पर्यटक ट्रेनों का संचालन शुरू किया है.

### जनरल कोच में नये फीचर्स केसाथ जल्द दौड़ेंगी 50 नई 'अमृत भारत एक्सप्रेस'




**नयी दिल्ली।** इंडियन रेलवे हर रोज हजारों ट्रेनों के जरिए से लाखों यात्रियों को सेवा प्रदान करता है. ऐसे में रेलवे धीरे-धीरे न केवल अपने स्टेशनों में सुधार कर रहा है, बल्कि बेहतर सुविधाओं के साथ नई ट्रेनें भी शुरू कर रहा है. पिछले 10 साल में, वंदे भारत, तेजस, हमसफर और अमृत भारत जैसी कई ट्रेनें पटरियों पर उतरी हैं. भारतीय रेलवे अब सामान्य श्रेणी के यात्रियों के जीवन को आसान बनाने की योजना बना रहा है. इस संबंध में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संसद को बताया कि यात्री परिचालन में अमृत भारत ट्रेनों के 10 महीनों तक सफलतापूर्वक परीक्षण के बाद सार्वजनिक ट्रांसपोर्टर ने ऐसी 50 और ट्रेनें लाने का फैसला किया है. उन्होंने कहा, अमृत भारत ट्रेन नाम से एक नई ट्रेन विकसित की गई है. अमृत भारत ट्रेन पूरी तरह से नॉन-एसी है. इसमें 22 कोच शामिल हैं. इनमें से 20 यात्रियों के लिए और दो पार्सल के लिए हैं. इन 20 में से 10 स्लीपर कोच और 10 जनरल कोच हैं. इस ट्रेनों में वही तकनीक है, जो वंदे भारत में है. इनमें ऑटोमैटिक कपलर, बेहतर क्वालिटी वाली ट्रेनें, सीटें, चार्जिंग पॉइंट, नए शौचालय डिजाइन और नॉइज फ्री जैसे फीचर्स शामिल हैं. भारतीय रेलवे ने इस साल की शुरूआत में अमृत भारत सेवा शुरू की थी।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14-15 दिसंबर को दिल्ली में मुख्य सचिवों के चौथे राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 14 और 15 दिसंबर को दिल्ली में मुख्य सचिवों के चौथे राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। सम्मेलन में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिव, वरिष्ठ अधिकारी, डोमेन विशेषज्ञ तथा अन्य लोग उपस्थित रहेंगे। यह सम्मेलन पिछले 3 वर्षों से हर साल आयोजित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि यह केंद्र और राज्य सरकारों के बीच साझेदारी को और बढ़ावा देने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम होगा। मुख्य सचिवों का सम्मेलन प्रधानमंत्री के सहकारी संघवाद को मजबूत करने, तेजी से विकास व प्रगति हासिल करने और केंद्र व राज्यों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने के दृष्टिकोण से प्रेरित है। यह सम्मेलन पिछले 3 वर्षों से हर साल आयोजित किया जा रहा है। पहला मुख्य सचिव सम्मेलन जून 2022 में धर्मशाला में आयोजित किया गया था, उसके बाद दूसरा और तीसरा सम्मेलन क्रमशः जनवरी 2023 और दिसंबर 2023 में नई दिल्ली में आयोजित किया गया था।

13 से 15 दिसंबर तक आयोजित होने वाले तीन दिवसीय सम्मेलन में राज्यों के साथ साझेदारी में एक साझा विकास एजेंडा और सुसंगत कार्रवाई के लिए खाका तैयार करने और उसे लागू करने पर जोर दिया जाएगा। केंद्रीय मंत्रालयों, विभागों, नीति आयोग, राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों और डोमेन विशेषज्ञों के बीच व्यापक विचार-विमर्श के आधार पर, चौथा राष्ट्रीय सम्मेलन ह्यउद्यमिता, रोजगार और कौशल को बढ़ावा देनाह्ञ जनसांख्यिकी लाभांश का लाभ उठानाह्ल विषय पर केंद्रित होगा। इसमें राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के अनुसरण के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं और रणनीतियों को शामिल किया जाएगा। इस व्यापक विषय के अंतर्गत छह क्षेत्रों पर विशेष जोर दिया जाएगा। विनिर्माण, सेवा, ग्रामीण गैर-कृषि, शहरी, नवीकरणीय ऊर्जा और परिपत्र अर्थव्यवस्था को विस्तृत चर्चा के लिए चिन्हित किया गया है।

इसमें विकसित भारत के लिए अग्रणी प्रौद्योगिकी, आर्थिक विकास केन्द्रों के रूप में शहरों का विकास, निवेश के लिए राज्यों में आर्थिक सुधार और मिशन कर्मयोगी के माध्यम से क्षमता निर्माण पर चार विशेष सत्र भी आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा कृषि में आत्मनिर्भरताः खाद्य तेल और दालें, वृद्ध आबादी के लिए देखभाल अर्थव्यवस्था, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना कार्यान्वयन और भारतीय ज्ञान परम्परा पर केंद्रित विचार-विमर्श किया जाएगा। सम्मेलन में प्रत्येक विषय के अंतर्गत राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों की सर्वोत्तम प्रथाओं को भी प्रस्तुत किया जाएगा।

THE RANCHI RIFLE CLUB (RRC)
(Registered under -Society Registration Act: 21,1860. Government of Jharkhand)
JOIN US NOW
JOIN US TO BECOME A NATIONAL or INTERNATIONAL SHOOTER
Your ambition is our mission...





Our facilities:-
- 10m/ 25m Fully Air Conditioned Hitech indoor shooting range.
- All Types of Air/ Fire weapons are available for practice.
- All types of shooting equipments & accessories for sale available here.
- We teach the civilians how to handle weapons/ safety rules and way of firing.
- Special For School Girls & Boys.
- Above 8 years Girls & Boys May Join us.
- National Level Shooting Coach Facility Available Here.

Justdial
Contact: +91 8002397001, 7050607001
House No. 01, Shanti Nagar, Hatia, Near Hatia Tonko Bridge, P.O- Hatia, P.S.- Jagannathpur, Ranchi - 834003 (Jharkhand)
E-mail: theranchirifleclub@gmail.com | Website: http://www.theranchirifleclub.org

रत्नेश ज्योतिष एवं ग्रह रत्न केन्द्र
नीलम, पन्ना, पुखराज, माणिक, गोमेद, पारदर्शी, लसुनिया, हिरा, मोती, अकीक, चन्द्रमणि, एवं सभी प्रकार के रत्न और उपरत्न चाँदी में निर्मित अंगुठियाँ उचित मुल्य पर उपलब्ध है।
विशेष - जन्मकुंडली, लाईफ रिडिंग एवं पामेस्ट्री के लिए पधारें या संपर्क करें-



स्वामी रत्नेश जी
ज्योतिषाचार्य
पताः- सिंह मेंशन, शांति नगर, हटिया, राँची (झारखण्ड) / मो०- 6200215317

## राज्य के सभी शिक्षण संस्थानों को तम्बाकू मुक्त बनाने हेतु जिला स्तर पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

# छात्रों को तम्बाकू उत्पादों के सेवन से बचाने हेतु शिक्षा विभाग ने सीड्स के तकनीकी सहयोग से सभी जिलों में शुरू किया अभियान

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**शिक्षण संस्थानों के 100 गज के दायरे में तम्बाकू उत्पाद बेचने पर लगेगा जुमार्ना**

**बच्चों को तम्बाकू उत्पाद बेचा तो होगा 1 लाख का जुमार्ना और 7 साल का सजा**



**रामगढ़।** जिले के सभी शिक्षण संस्थानों को तम्बाकू मुक्त बनाने हेतु जारी दिशा-निदेर्शों के क्रियान्वयन तथा तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 2.0 हेतु शुक्रवार स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा सोशियो इकोनॉमिक एण्ड एजुकेशनल डेवलॉपमेंट सोसाईटी (सीड्स) के तकनीकी सहयोग से एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी नलिनी रंजन ने कार्यशाला में उपस्थित सभी पदाधिकारीयों, प्राचार्यों, शिक्षकों का स्वागत किया तथा कार्यशाला के उद्देश्यों के बारे में बताया। जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम ने अपने संबोधन में कहा कि तम्बाकू सेवन की आदत जनस्वास्थ्य के लिए एक बड़ी समस्या के रुप में वैश्विक स्तर पर उभर रहा है। अतः तंबाकू सेवन के दुष्परिणाम के प्रति अवयस्क और युवा वर्ग में जागरूकता फैलाना बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हम सब की जिम्मेदारी है कि अपने आनेवाले भविष्य की चिंता करते हुए युवाओं और अवयस्कों को तम्बाकू की लत से दूर रखा जाये। उन्होंने बताया कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार के मार्गदर्शन में सोशिओ इकोनॉमिक एण्ड एजुकेशनल डेवलपमेंट सोसायटी (सीड्स) झारखण्ड द्वारा ह्लतम्बाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान (ToFEI) के दिशा-निदेर्शों के अनुरूप क्रियान्वयन हेतु साकारात्मक प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सीड्स झारखण्ड के सहयोग से स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा राज्य के सभी शिक्षण संस्थानों को तम्बाकू मुक्त घोषित कराने हेतु आज हमारे रामगढ़ जिले में इस कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। तम्बाकू उत्पाद से बच्चे, अवस्क एवं युवा वर्ग के लोगों को बचाये जाने की आवश्यकता है। ग्लोबल यूथ टोबैको सर्वे (2019) द्वारा सम्पूर्ण विश्व में युवाओं द्वारा तम्बाकू सेवन से संबंधित जो आंकड़ें संकलित किये गये हैं वह यह दशार्ता है कि भारत में 13-15 वर्ष के 8.5 प्रतिशत छात्रगण किसी न किसी प्रकार के तम्बाकू का उपयोग कर रहे हैं वहीं झारखण्ड मे यह 5.1 प्रतिशत है जो चिन्ता का विषय है। श्री झा ने बताया कि पिछले 7-8 वर्षो से झारखण्ड सरकार और सीड्स ने मिलकर राज्य एवं जिला स्तर पर तम्बाकू सेवन को नियंत्रित करने के लिए काफी प्रभावी कदम उठाये हैं। उन प्रयासों का प्रतिफल गेट्स 2 के रिपोर्ट में देखने को मिला था, जिसके मुताबिक हमारे राज्य में तम्बाकू सेवन करने वालों का प्रतिशत 50 .1 % से घट कर 38.9 % पर आ गया था। लेकिन हम अभी भी राष्ट्रीय औसत (28.6%) से काफी ऊपर हैं। उन्होंने कहा कि तम्बाकू सेवन से हर साल देश में लगभग 13 लाख लोगों की मौत हो रही है। तम्बाकू सेवन से खास तौर पर बच्चों, अवयस्कों एवं युवा वर्ग के लोगों को बचाये जाने की आवश्यकता है। उन्होने कहा प्रायः ऐसा देखा जाता है कि राज्य के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के आस-पास तम्बाकू उत्पाद जैसे कि सिगरेट, बीडी.पान मसाला, जर्दा एवं खैनी इत्यादि की बिक्री की जाती है। इससे कम आयु के युवाओं एवं छात्रों में धूम्रपान एवं तम्बाकू सेवन की व्यसन को बढ़ावा मिलता है। अवयस्क और युवा वर्ग तम्बाकू पर आधारित व्यापार एवं उद्योगों के निशाने पर होते हैं, यह हमारे लिए एक गंभीर समस्या है। ह्लतम्बाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान (ToFEI) के दिशा-निदेर्शों के अनुरूप क्रियान्वयन किए जाने के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। साथ ही देश के अन्य राज्यों में इस बाबत किये जा रहे अच्छे कार्यों एवं गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने तम्बाकू मुक्त पीढ़ी (Tobacco Free Jeneration) एवं तम्बाकू मुक्त गॉव (Tobacco Free Village) बनाए जाने की पूर्ण जानकारी दी। संजीत कुमार जिला शिक्षा अधीक्षक ने कहा कि हम सब की जिम्मेदारी है कि अपने आनेवाले भविष्य की चिंता करते हुए युवाओं और अवयस्कों को तम्बाकू की लत से दूर रखा जाये। उन्होंने बताया कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार के मार्गदर्शन में सोसिओ इकोनॉमिक एण्ड एजुकेशनल डेवलपमेंट सोसायटी (सीड्स) झारखण्ड द्वारा ह्लतम्बाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान (ToFEI) के दिशा-निदेर्शों के अनुरूप क्रियान्वयन हेतु साकारात्मक प्रयास किये जा रहे हैं। अंत में शिक्षा विभाग रामगढ़ के कुमार राज ने कार्यशाला में भाग लेने के लिए सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे जिला शिक्षा पदाधिकारी की सहमति से कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, चयनित विद्यालय के प्राचार्य, नोडल शिक्षक, सीड्स झारखंड के क्षेत्रीय समन्वयक भोला पाण्डेय सहित अन्य उपस्थित थे।

## पतरातू स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के सहयोग से 50 कराटेकारों का कराया गया ग्रेडेशन टेस्ट



**पतरातू।** पतरातू स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के सहयोग से पतरातू क्षेत्र के 50 कराटे कारों का ग्रेडेशन टेस्ट सेंसी विकाश पाठक की देखरेख में करवाया गया। बताते चले कि पतरातू स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स सदैव क्षेत्र के हर गरीब या जरूरतमंद छात्र-छात्राओं के लिए हर संभव सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास करती आई है। चाहे वह विद्यार्थियों के लिए पाठ्य सामग्री हो, यूनिफॉर्म हो या अन्य वैसी चीज जो किसी विद्यार्थी के लिए अति आवश्यक है और वह उस चीज को खरीदने में असक्षम है, वैसे हालत में पतरातू स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स दो कदम आगे बढ़ते हुए इन विद्यार्थियों के सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहती है। इसी क्रम में पतरातू स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के द्वारा क्षेत्र के 50 कराटे कार बच्चों एवं बच्चियों का कराटे ग्रेडेशन टेस्ट करवाया गया।

## प्रखंड कार्यालय में विधायक ने किया विधायक कार्यालय का उद्घाटन



**पतरातू।** शुक्रवार को पतरातु प्रखंड परिसर में विधायक कार्यालय का उद्घाटन बड़का गांव विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक रोशन लाल चौधरी ने किया। मौके पर विधायक ने कहा कि इस कार्यालय से समस्त प्रखंड एवं अंचल से जुड़े सभी जन समस्याओं का समाधान किया जाएगा। सभी आम जनता अपनी समस्या को लेकर निसंकोच इस विधायक कार्यालय में आएँ निश्चित ही आम जनता की प्रखंड एवं अंचल से जुड़े सभी समस्याओं का समाधान होगा। विधायक कार्यालय उद्घाटन में प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार गुप्ता अंचलाधिकारी मनोज चौरसिया आजसू के केंद्रीय महासचिव विजय साहू भाजपा मंडल अध्यक्ष राजाराम प्रजापति, सतीश मोहन मिश्रा, सागर दांगी केंद्रीय सदस्य अशोक पाठक, राजू कुमार प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर महतो प्रखंड कार्यकारी अध्यक्षआजसू ब्रजेश सिंह प्रखंड सचिव आजसू विश्व रंजन सिंहा जिला उपाध्यक्ष आजसू अजय रवि जिला उपाध्यक्ष भाजपा दिनेश प्रसाद मुखिया किशोर कुमार महतो संतोष शर्मा डबलू पांडे रामेश्वर महतो पंकज कुमार सिंह राजेंद्र ठाकुर एनुअल खान धर्मेंद्र कुमार सिंह रंजन कुमार भगत विकास गुप्ता मानसिंह अमरेश कुमार संजोत दास राकेश विश्वकर्मा मनोज राम राजेश पटेल धीरज चौधरी गुड्डू सिंह सोनू कुमार सिंह अंकित सिंह निखिल सिंह अनिल सिंह विजेंद्र मुंडा अनिल पाठक गणपत सो वीरेंद्र कुमार झा को ज्योति गुप्ता दिनेश सोनी उज्जवल कुमार अजय कुमार सिंह अमित कुमार फुलेश्वर महतो दीपू कुमार सरिता देवी सहित एनडीए के सैकड़ो कार्यकर्ता एवं आम जनता उपस्थित थे।

## झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के पदाधिकारियों ने घायल छात्रों से मिला

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रामगढ़ ।**जेएसएससी और सीजीएल परीक्षा में गड़बड़ी को लेकर हजारीबाग जिले भर के छात्रों ने शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे थे. पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत छात्रों ने मटवारी गाँधी मैदान से से होते हुए आगे बढ़ रहे थे ' कोर्रा पुलिस साथ साथ चल रही थी. शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन कर रहे छात्रों पर लाठी चार्ज किया गया ! जबकि जिला नियंत्रण कक्ष से शहर में लगे सीसीटीवी कैमरे से छात्रों के विरोध प्रदर्शन की मॉनिटरिंग की जा रही थी! इस आंदोलन में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा हजारी बाग के प्रत्याशी उदय मेहता बरकट्ठा विधानसभा के प्रत्याशी महेंद्र मंडल , केंद्रीय सचिव संजय महतो तथा अन्य छात्रों भी गंभीर रूप से घायल हुए थे ! घायलों को देखने वस्तु स्थिति से अवगत होने के लिए रामगढ़ जिला से जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो, पूर्व कोषाध्यक्ष गिरीशंकर महतो, श्याम सुंदर महतो, सक्रिय सदस्य राजू बेदिया, सहदेव महतो के अलावा दर्जनों लोगों ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे घायल लोगों से मुलाकात कर हाल-चाल जाने तथा जल्द स्वस्थ होकर नितक्रिया की तरह संगठन के मजबूती हेतु कामना किये ' तथा झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष आदरणीय टाइगर जयराम महतो ने भी शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे घायल छात्रों पर अपना दुख प्रकट किये ! तथा उन्होंने कहा इस तरह का बर्ताव नहीं करना चाहिए ! छात्रों के सपने टूट रहे हैं, सपने नेस्तनाबूत हो जा रहे हैं ' छात्रों के सपनों के बीच पहाड़ आए, दरिया आये, चट्टान आये छात्र टकराएंगे ! सांच को आंच क्या. सरकार को स्टैंड क्लियर करना चाहिए '

## बच्चियों के लिए कराटे बहुत आवश्यक है : बैशाखी गुहा (प्रिंसिपल पतरातू स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स)



**पतरातू।** पतरातू प्रखंड के हेसला पंचायत स्थित पतरातू स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स की प्रिंसिपल बैशाखी गुहा ने कहा कि हमारे स्कूल में विगत कई वर्षों से सेंसी विकाश पाठक के द्वारा कराटे का प्रशिक्षण हमारे स्कूल के बच्चों को दिया जा रहा है। मैंने नोटिस किया है कि जब से बच्चे कराटे की प्रैक्टिस कर रहे हैं, उनके सर्वांगीण विकास हो रहा है। बच्चे फिजिकली तो फिट हो ही रहे हैं साथ ही साथ मानसिक रूप से भी सुदृढ़ हो रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि व्यक्तिगत तौर पर मेरा यह मानना है कि आज के इस समय में कराटे बच्चियों के लिए तो अत्यंत आवश्यक है। आज के परिवेश में कराटे एक ऐसा माध्यम है जो जिससे समय पड़ने पर बच्चियों खुद की सुरक्षा और असामाजिक तत्वों से निर्भीकता पूर्वक सामना कर सकती हैं। कराटे उनके अंदर गजब का आत्मविश्वास भरता है। मैं स्वयं अपने तथा अपने स्कूल की ओर से झारखंड के मुख्य प्रशिक्षक सेंसी विकाश पाठक का आभार व्यक्त करती हूं जो वह इतने वर्षों से हमारे स्कूल में बच्चों को कराटे की ट्रेनिंग दे रहे हैं।

## जिला के विभिन्न प्रखंडों के चौक चौराहों पर ठंड से बचाव के लिए अलाव की व्यवस्था होनी चाहिए : रमेश कुमार महतो



**रामगढ़ ।**झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा इकाई रामगढ़ के जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने कहा कि रामगढ़ में ठंड काफी बढ़ गया है। सभी लोग कृपया ठंड से बचे । रामगढ़ जिला के विभिन्न प्रखंडों के चौक चौराहों पर लोगों को ठंड से बचाव के लिए अलाव की व्यवस्था जिला प्रशासन के तरफ से व्यापक रूप से कर देनी चाहिए ' क्योंकि फुटपाथ पर रहने वाले लाचार, वेबस के लिये दिसंबर माह काफी कष्टदायी होता है। आजकल दिनो दिन शीतलहरी, कनकनी , ठंड ज्यादा बढ़ा दिया है । कुछ कुछ क्षेत्र मे सुबह सुबह तो कुहासे से रास्ते भी नजर नही आते हैं ' अनावश्यक घर से बाहर न निकले ' प्रत्येक वर्ष प्रशासन की तरफ से व्यवस्था की जाती है '

## श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के कक्षा नर्सरी से 4 तक के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण किया

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रामगढ़ ।**कक्षा से बाहर जाकर शैक्षिक भ्रमण के माध्यम से हम प्रकृति और मनुष्य के सह-सम्बन्धों को बेहतर तरीके से समझ सकते हैं। बच्चों को तो अपने परिवेश की काफी सारी जानकारी होती है और उसी जानकारी को विषय व विषयवस्तु से जोड़ना और उसमें विस्तार करना शैक्षिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य है। श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल रामगढ़ के कक्षा नर्सरी से कक्षा 4 के विद्यार्थि शैक्षणिक भ्रमण पर शुक्रवार ,13 दिसम्बर को छोटानागपुर फन केशल और रातु फोर्ट गये थे । इस दल में ८ शिक्षाक भी शामिल थे ।प्रिंसिपल हरजाप सिंह के अनुसार शैक्षिक भ्रमण में बच्चे सीधे तौर पर चीजों को देखते हैं, जिससे उनका ज्ञान स्थायी होता है। भ्रमण पर जाकर बच्चे नई चीजें सीखते हैं और अपने ज्ञान को नए स्तर पर ले जाते हैं. इस भ्रमण के जरिए बच्चे अलग संस्कृति का अनुभव करते हैं और सांस्कृतिक जागरूकता हासिल करते हैं भ्रमण पर जाकर बच्चे नए अनुभवों और चुनौतियों का सामना करते हैं, जिससे उनकी भावनात्मक बुद्धिमत्ता विकसित होती है। छोटानागपुर फन केशल जाकर बच्चों ने विभिन्न प्रकार के झुलों का आनंद लिया । रातु फोर्ट जाकर इतिहास से रूबरू हुए। कि ला कैसा होता है , कैसे कि ला राजाओं को सुरक्षित रखता था , पुराने समय में महल और कि ले के आकार कैसे हो तो थे यह सब कुछ की जानकारी ली। नई चीजें सीखी और प्रकृति के प्रति सम्मान को विकसित किया । विद्यालय आने वाले दिनों में इस प्रकार के भ्रमण का आयोजन करता रहेगा ।

## जिला परिवहन पदाधिकारी रामगढ़ के नेतृत्व में चलाया गया सघन वाहन जांच अभियान




**जांच के दौरान भारी वाहनों से लगभग 422153 रुपया की गई जुमार्ना वसूल।**

**रामगढ़।** परिवहन व्यवस्था को सुगम बनाने एवं ओवरलोडिंग परिवहन पर रोक लगाने के उद्देश्य से उपायुक्त,रामगढ़ चंदन कुमार के निदेर्शानुसार गुरुवार एवं शुक्रवार को जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स के नेतृत्व में जिलें के विभिन्न चौक चौराहे पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स के द्वारा भारी मालवाहक वाहनों व अन्य वाहनों का आर० सी० बुक, फिटनेस, प्रदूषण एवं ड्राइविंग लाइसेंस,ओवरलोडिंग, आदि के साथ साथ वाहनों पर लगाए जाने वाले रिफ्लेक्टिव टेप की भी जांच की गई। वहीं गुरुवार एवं शुक्रवार को जांच के दौरान कुल 30 से 35 बड़े वाहनों की जांच की गई जिसमें 15 वाहनों के कागजात अधूरे पाए गए उन सभी वाहनों के वाहन चालकों से नियम संगत जुमार्ना की वसूली की गई जिसमे लगभग कुल 422153 रुपया जुमार्ना वसूल किया गया। उन्होंने बताया की जांच के दौरान 15 बड़ी वाहनों का पेपर फेल, फिटनेस, टैक्स फेल, ओवरलोड, ओवरहाइट एवं रिफ्लेक्टिव टेप नही लगा होने के कारण लगभाग 422153 रुपये का जुमार्ना लगाया गया। जांच अभियान के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा जिले के अलग-अलग क्षेत्र में चार पहिया व दो पहिया वाहनों की भी जांच की गई जांच के दौरान हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस, ट्रिपल लोडिंग आदि की भी जांच की गई मौके पर उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील भी किया कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को वाहन चलाने ना दे और जिनकी उम्र 18 वर्ष से अधिक है वह वाहन चलाते समय सेफ्टी रूल का अनुपालन जरूर करें। जांच के दौरान उन्होंने बताया की अभियान आगे भी जारी रहेगा। जिन वाहनों का परमिट, बीमा, फिटनेस, प्रदूषण, ओवरहाइट,ओवरलोड सहित रिफ्लेक्टिव टेप लगा हुआ नहीं मिलेगा उन वाहनों पर कार्रवाई के साथ जुमार्ना भी लगाया जाएगा

## जिला स्तरीय राष्ट्रीय युवा महोत्सव का हुआ आयोजन

# अनुशासन एवं कठिन परिश्रम से अपने लक्ष्य की ओर बढ़ेः पुलिस अधीक्षक

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**सोच समझकर करें मित्रों की पहचान नशे से रहे सावधान: उपायुक्त रामगढ़**





**रामगढ़।** 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन किया जाना है। इसी क्रम में दिनांक 13 दिसंबर 2024 को रामगढ़ जिले में जिला स्तर पर आयोजित राष्ट्रीय युवा महोत्सव का शुक्रवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने रामगढ़ शहर अंतर्गत मैक्स बीएड कॉलेज में शुभारंभ किया। इस दौरान उपस्थित सभी को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने सर्वप्रथम सभी को जिला स्तरीय राष्ट्रीय युवा महोत्सव के आयोजन की शुभकामनाएं दी। उपायुक्त में सभी को देश के विकास में युवाओं के महत्वपूर्ण योगदान के प्रति जानकारी देते हुए सभी के साथ स्वयं के अनुभवों को साझा किया। उपायुक्त ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए यह सबसे जरूरी है कि आप निरंतर मेहनत करें अगर आप सभी किसी भी क्षेत्र को चिन्हित कर लगातार उस दिशा में मेहनत करेंगे तो सफलता अवश्य मिलेगी। मौके पर उपायुक्त ने सभी को अपने मित्र सोच समझ कर बनाने एवं अच्छी संगत में रहने पर जीवन में आने वाली सफलताओं के प्रति जागरूक किया। इस दौरान उन्होंने सभी से नशे से सावधान रहने एवं किसी भी हालत में नशीली पदार्थो के सेवन से दूर रहने का संदेश दिया। जिला स्तरीय राष्ट्रीय युवा महोत्सव के समापन समारोह में पुलिस अधीक्षक रामगढ़ अजय कुमार ने सभी को संबोधित करते हुए जीवन में सफल होने के लिए कठिन परिश्रम करने एवं अनुशासन के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने का संदेश दिया। इस दौरान उप विकास आयुक्त रॉबिन टोप्पो ने सभी को जिला स्तरीय राष्ट्रीय युवा महोत्सव के माध्यम से कुछ नया सीखने एवं हार या जीत से बिना प्रभावित हुए अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान जिला खेल पदाधिकारी के द्वारा सभी को जिला स्तरीय राष्ट्रीय युवा महोत्सव की जानकारी दी गई साथ ही उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय राष्ट्रीय युवा महोत्सव के विजई प्रतिभागियों को प्रमंडल स्तरीय राज्य, राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में रामगढ़ जिला का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा। जिला स्तरीय राष्ट्रीय युवा महोत्सव के दौरान कहानी लेखन में रानी कुमारी ने प्रथम, संदीप कुमार ने द्वितीय एवं एलिस तिर्की ने तृतीय, कविता लेखन में आद्या उपाध्याय ने प्रथम रौनक कुमार ने द्वितीय एवं किशन आनंद ने तृतीय, भाषण प्रतियोगिता में रवि शंकर ने प्रथम खुशबू कुमारी ने द्वितीय रेशम सिंह ने तृतीय, मोबाइल फोटोग्राफी में नेहा कुमारी ने प्रथम आकाश कुमार ने द्वितीय एवं नवीन कुमार ने तृतीय, पेंटिंग प्रतियोगिता में सतीश कुमार ने प्रथम, अमन कुमार ने द्वितीय एवं प्रियांशी कुमारी ने तृतीय, सामूहिक साइंस मेला प्रदर्शनी में स्वाति एवं ग्रुप ने प्रथम, सपोर्ट पब्लिक स्कूल ने द्वितीय अपग्रेड उच्च विद्यालय ने तृतीय, साइंस मेला एकल प्रदर्शनी में आर्यन कुमार ने प्रथम, अरुण कुमार महतो ने द्वितीय, रविंद्र कुमार ने तृतीय एकल लोक नृत्य में रूही कुमारी ने प्रथम, एंजेल गौरी ने द्वितीय एवं साक्षी कुमारी ने तृतीय, सामूहिक लोक नृत्य में अग्रसेन दव पब्लिक स्कूल ने प्रथम, मैक्स इंस्टीट्यूट आफ टीचर ट्रेनिंग कॉलेज ने द्वितीय एवं महर्षि परमहंस कॉलेज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, सामूहिक लोकगीत में अंकित एवं ग्रुप ने प्रथम प्रिया एवं ग्रुप में द्वितीय एवं मैक्स इंस्टीट्यूट आफ टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज ने तृतीय, एकल लोकगीत में अर्पिता ने प्रथम, जीनत परवीन ने द्वितीय एवं जुगल उरांव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया सभी विजेताओं को मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिला स्तरीय राष्ट्रीय युवा महोत्सव के दौरान कुल 11 प्रतियोगिताओं में 450 से ज्यादा प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जिला स्तरीय राष्ट्रीय युवा महोत्सव जिला प्रशासन रामगढ़, खेल कार्यालय रामगढ़, नेहरू युवा केंद्र एवं एनएसएस के द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।

# पारस हॉस्पिटल एचइसी में 15 दिसंबर को लगेगा निःशुल्क मेगा हेल्थ कैंप

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** पारस हॉस्पिटल एचइसी में 15 दिसंबर रविवार को निःशुल्क मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया जा रहा है. इसे लेकर शुक्रवार को पारस हॉस्पिटल में प्रेसवार्ता कर हेल्थ कैंप की जानकारी दी गई. प्रेस वार्ता में डॉ कौशिक रॉय मेडिकल सुप्रिटेंडेंट, डॉ मदन गुप्ता, ब्रिगेडियर डॉ आलोक चंद्रा, डॉ उदय शंकर, डॉ सुरेश, डॉ गणेश कुमार, डॉ कुणाल हजारा मौजूद थे. उन्होंने बताया कि 15 दिसंबर को हेल्थ कैंप एचइसी स्थित पारस हॉस्पिटल में सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक लगेगा. हेल्थ कैंप में बीपी, आरबीएस, ईसीजी, स्पाईरोमेट्री, बीएमडी, डाइट एंड न्यूट्रीशन, डॉक्टर्स परामर्श, कटे होठ व तालु के इलाज में निःशुल्क सेवा दी जाएगी. मेगा हेल्थ कैंप में जनरल फिजिशियन,




कार्डियोलॉजी, सर्जिकल आंकोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, गैस्ट्रोएंट्रलॉजी, जनरल सर्जरी, कार्डिक सर्जरी, स्त्री रोग, डेंटल, हड्डी रोग, बाल चिकित्सा, इएनटी, न्यूरोलॉजी, न्यूरो सर्जरी, यूरोलॉजी, मेडिकल आंकोलॉजी, डमेटोलॉजी, पल्मोनोलॉजी आदि अन्य विभागों के डॉक्टर मरीज को निःशुल्क परामर्श देंगे. इस कैंप में मरीजों के लिए लैब और रेडियोलॉजी पर 50फीसदी की छूट भी दी जाएगी. इस निःशुल्क मेगा हेल्थ कैंप में जांच करने के लिए मोबाइल नंबर 7282010101 पर निःशुल्क पंजीकरण करना होगा. पारस हॉस्पिटल के मार्केटिंग हेड मानस लाभ ने कहा कि ठंड में हार्ट, लीवर, किडनी, ब्रेन स्ट्रोक, ज्वाइंट पैन जैसे कई बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है. इस निःशुल्क हेल्थ कैंप में इन सभी बीमारियों का जांच और निःशुल्क परामर्श डॉक्टरों की ओर से दिया जाएगा. सभी लोगों को इस ठंड के मौसम में अपने स्वास्थ्य की जांच जरूर करवाना चाहिए. पारस हॉस्पिटल मरीजों के स्वास्थ्य के प्रति गंभीर रहता है. इस कारण समय-समय पर इस तरह का निःशुल्क मेगा हेल्थ कैंप लगा का आयोजन करता रहा है. उन्होंने आम लोगों से इस कैंप का लाभ उठाने की अपील की.

## रांची डीसी मंजूनाथ भजन्त्री ने जनता दरबार में लोगों की समस्याएं सुनी



**रांची**ः रांची डीसी मंजूनाथ भजन्त्री ने शुक्रवार को जनता दरबार में लोगों से मुलाकात की. वे जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र के लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं से अवगत हुए. सभी की समस्याओं को सुनते हुए उन्होंने आश्वस्त किया कि संज्ञान में आयी सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा.

**आवेदनों की भौतिक जांच करते हुए जल्द से जल्द समाधान करें**

जनता दरबार में विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आये, जो विभिन्न विभागों से संबंधित थे. सभी शिकायतकर्ता की समस्याओं को सुनने के बाद डीसी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित किया कि सभी आवेदनों की भौतिक जांच करते हुए जल्द से जल्द समाधान करें. इसके अलावा उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश किया कि शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए यथाशीघ्र इसकी रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें.

## हाईकोर्ट ने रांची डीसी को सशरीर हाजिर होने का दिया निर्देश



**रांची।** मोरहाबादी के फुटपाथ दुकानदारों के पुनर्वास के लिए दायर याचिका पर हाईकोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान अदालत में जिला प्रसाशन की ओर से जवाब दाखिल नहीं किया का सका. जिसके बाद कोर्ट ने अगली सुनवाई में रांची जिले के DC को सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया है. अब अदालत का मामले में 3 जनवरी को सुनवाई करेगा. मामले की सुनवाई हाईकोर्ट की न्यायाधीश जस्टिस अनुभा रावत की अदालत में हुई. प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता अनुराग कश्यप ने बहस की.

## झारखंड में फिर से जंगलराज की वापसीः डॉ. रविंद्र कुमार राय

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** भाजपा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व सांसद डॉ. रविंद्र कुमार राय ने हेमंत सरकार पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि झारखंड में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है. उन्होंने कहा कि राज्य में उग्रवादी गतिविधियां फिर से सिर उठाने लगी हैं, जिससे जनता आत्मरक्षा के लिए शस्त्र उठाने पर मजबूर हो रही है.

**भाजपा सरकार ने की थी उग्रवाद पर सख्त कार्रवाई**

डॉ. राय ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में उग्रवादी संगठनों पर सख्त कार्रवाई हुई थी. उग्रवादियों ने या तो आत्मसमर्पण किया था या सुरक्षाबलों की गोलियों का शिकार हुए थे. उन्होंने कहा कि उग्रवादियों के ठिकाने ध्वस्त किए गए थे और वे झारखंड छोड़कर




अन्यत्र भागने को मजबूर हो गए थे.

**वर्तमान सरकार पर निशाना**

डॉ. राय ने कहा कि वर्तमान हेमंत सरकार के शासनकाल में पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, चतरा और अन्य जिलों में हुई घटनाओं ने यह साबित कर दिया है कि राज्य एक बार फिर जंगलराज की ओर बढ़ रहा है. उन्होंने कहा कि ग्रामीण जनता को अपनी सुरक्षा के लिए रातभर जागना पड़ रहा है और उग्रवादियों से निपटने के लिए स्थानीय लोग संगठित होकर सेन्दरा (आत्मरक्षा अभियान) कर रहे हैं.

**असुरक्षित सड़कों की घोषणा पर सवाल**

उन्होंने राज्य सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि यह पहली ऐसी सरकार है. जिसने राज्य में 24 असुरक्षित सड़कों की सार्वजनिक घोषणा की है. यह न केवल सरकार की विफलता का प्रतीक है, बल्कि यह जनता में भय और असुरक्षा का माहौल पैदा करता है.

**उग्रवादियों की वसूली गतिविधियों में वृद्धि**

डॉ. राय ने कहा कि उग्रवादी बालू घाट, छोटे खनन क्षेत्रों, कोयला और पत्थर कारोबार से वसूली करने के लिए फिर से सक्रिय हो गए हैं. इससे आम जनता और व्यवसायियों में भय का माहौल है.

**राज्य सरकार से कानून व्यवस्था सुधारने की मांग**

उन्होंने हेमंत सरकार से मांग की कि राज्य में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए और कानून का राज स्थापित किया जाए. उन्होंने कहा कि इसे सरकार को अपनी प्राथमिकता सूची में रखना चाहिए. प्रेसवार्ता में भाजपा के मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक और प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज भी उपस्थित थे.

## वन नेशन, वन इलेक्शन संविधान की हत्याः झामुमो




**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित ह्लवन नेशन, वन इलेक्शनह्व (एक देश, एक चुनाव) योजना की कड़ी आलोचना की है. पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने इसे संविधान और लोकतंत्र के खिलाफ बताया.

**संविधान और लोकतंत्र पर हमला**

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि ह्लवन नेशन, वन इलेक्शनह्व का निर्णय भारत के संघीय ढांचे और संविधान की बुनियादी संरचना पर सीधा हमला है. उन्होंने कहा कि इस योजना से भारत गणराज्य की लोकतांत्रिक परिकल्पना खतरे में पड़ जाएगी. जेएमएम प्रवक्ता ने इसे संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की विचारधारा की हत्या करार दिया.

उन्होंने संविधान के अनुच्छेद 368 का हवाला देते हुए कहा कि कोई भी संशोधन संविधान की मूलभूत संरचना को प्रभावित नहीं कर सकता. इस योजना के लागू होने से संविधान के अनुच्छेद 333, जो न्यूनतम विधानसभा और कैबिनेट की संरचना तय करता है का उल्लंघन होगा.

**संघीय ढांचे पर खतरा**

सुप्रियो ने कहा कि राज्यों की स्वायत्तता और संघीय ढांचे पर ह्लवन नेशन, वन इलेक्शनह्व से आघात पहुंचेगा. यह योजना क्षेत्रीय दलों को खत्म करने और केंद्र सरकार की सत्ता को मजबूत करने की साजिश है. उन्होंने आरोप लगाया कि यह कदम आरएसएस की विचारधारा को थोपने का प्रयास है, जो 2025 में अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे करने की तैयारी कर रहा है.

**लोकतंत्र और विपक्ष पर सवाल**

जेएमएम ने भाजपा पर लोकतंत्र विरोधी ताकत होने का आरोप लगाया. उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि भाजपा ने मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में लोकतांत्रिक सरकारों को तोड़कर सत्ता हथियाई. उन्होंने पूछा, ह्लक्या यह योजना क्षेत्रीय दलों को समाप्त करने और देश में तानाशाही स्थापित करने का षड्यंत्र नहीं है ?ह्व

**मंईयां सम्मान योजना पर अपडेट**

सुप्रियो भट्टाचार्य ने बताया कि ह्लमंईयां सम्मान योजनाह्व की अगली किश्त, जो 2500 रुपये की है, 18 दिसंबर तक लाभार्थियों के खातों में स्थानांतरित की जाएगी. उन्होंने यह भी कहा कि फॉर्म में कमियां पाए जाने पर उन्हें खारिज कर दिया जाएगा.

## राजधानी का सौंदर्यीकरण और विकास होगी प्राथमिकताः नगर विकास सचिव

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** राजधानी के सौंदर्यीकरण और विकास को लेकर नगर विकास एवं आवास विभाग ने व्यापक योजना तैयार करने का निर्देश दिया है. शुक्रवार को प्रोजेक्ट भवन में हुई बैठक में प्रधान सचिव सुनील कुमार ने कहा कि रांची को उसकी गरिमा के अनुरूप विकसित करना सरकार की प्राथमिकता है.

**प्रथम चरण में कचहरी क्षेत्र का होगा विकास**

बैठक में जुडको द्वारा कचहरी चौक और उपायुक्त कार्यालय क्षेत्र के पुनर्विकास की योजना का प्रस्तुतिकरण किया गया. प्रधान सचिव ने कहा कि शहर के इस हृदयस्थल को बेहतर



यातायात सुविधा, चौड़ी सड़कों, फुटपाथ निर्माण, ड्रेनेज प्रणाली और आधुनिक लाइटिंग के माध्यम से आकर्षक बनाया जाएगा. उपायुक्त कार्यालय से शारदा बाबू लेन, लाइन टैंक तालाब और अन्य संपर्क पथों को भी समेकित विकास योजना में शामिल किया गया है.

**जनसुविधाओं और पर्यावरण का रखा जाएगा ध्यान**

प्रधान सचिव ने निर्देश दिया कि कचहरी क्षेत्र में जनसुविधाओं जैसे वॉकिंग मार्केट, पार्क, वृक्षारोपण और आधुनिक लाइटिंग का प्रावधान सुनिश्चित किया जाए. साथ ही बेतरतीब फैले विद्युत तारों को सुव्यवस्थित करने के लिए ऊर्जा विभाग से समन्वय स्थापित करने को कहा गया.

**अन्य प्रमुख इलाकों के लिए भी बनेगी योजना**

बैठक में अलबर्ट एक्का चौक, लालपुर चौक, डंगराटोली चौक, बरियातु चौक, रिम्स चौक, सुजाता चौक, शहीद चौक और करमटोली जैसे प्रमुख चौक-चौराहों के विकास और सौंदर्यीकरण की योजना भी तैयार करने के निर्देश दिए गए. इन्हें जोन में बांटकर प्राथमिकता के आधार पर काम किया जाएगा.

**सरकारी भूमि का होगा सदुपयोग**

प्रधान सचिव ने कहा कि खाली सरकारी जमीन और पुराने भवनों की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर उनकी उपयोगिता का अध्ययन किया जाए. इन इलाकों में 247 उपलब्ध जनसुविधाएं सुनिश्चित करने का प्रावधान किया जाएगा.

**बैठक में मौजूद अधिकारी**

बैठक में जुडको के परियोजना निदेशक (तकनीकी) गोपाल जी, महाप्रबंधक विनय कुमार, परियोजना प्रबंधक शितांशु वैभव, उप परियोजना प्रबंधक प्रत्युष आनंद और सुशांत सिन्हा ने भाग लिया.

## भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर कार्यशाला, ओबीसी वर्ग को पार्टी से जोड़ने की अपील

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ओबीसी मोर्चा झारखंड प्रदेश ने सदस्यता अभियान को लेकर प्रदेश कार्यालय, हरमू में कार्यशाला आयोजित की. कार्यशाला की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष डॉ अमरदीप यादव ने की. कार्यशाला में भाजपा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र कुमार राय ने ओबीसी वर्ग को भाजपा से जोड़ने की अपील की और उनके राष्ट्र निर्माण में योगदान को रेखांकित किया.

कार्यशाला में प्रमुख लक्ष्य तय किये गये

59 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्यः भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने बताया कि 22 दिसंबर से शुरू हो रहे अभियान का लक्ष्य 59 लाख सदस्य हैं, जिसमें ओबीसी मोर्चा 5 लाख सदस्य बनाएगा. सदस्यता अभियान की योजनाः 15-16 दिसंबर को जिला कार्यशालाएं और 18-19 दिसंबर को 515 कार्यशालाएं आयोजित होंगी. 25 दिसंबर को हर बूथ पर 100 सदस्य जोड़ने का लक्ष्य है.ओबीसी वर्ग का समर्थनः संयोजक राकेश प्रसाद ने इसे संगठन महापर्व बताते हुए ओबीसी वर्ग से समान विचारधारा के लोगों को जोड़ने की बात कही. आरक्षण को लेकर आंदोलनः डॉ. अमरदीप यादव ने कहा कि झारखंड सरकार ओबीसी को आरक्षण नहीं दे रही, जिसके खिलाफ मोर्चा आंदोलन करेगा.तकनीकी जानकारीः आईटी सेल संयोजक राहुल अवस्थी ने ऑनलाइन व ऑफलाइन सदस्यता की प्रक्रिया समझाई. कार्यशाला में प्रदेश महामंत्री हलधर नारायण शाह, उपाध्यक्ष दिलीप स्वर्णकारऔर अन्य पदाधिकारी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर कार्यशाला, ओबीसी वर्ग को पार्टी से जोड़ने की अपील



**रांची :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ओबीसी मोर्चा झारखंड प्रदेश ने सदस्यता अभियान को लेकर प्रदेश कार्यालय, हरमू में कार्यशाला आयोजित की. कार्यशाला की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष डॉ अमरदीप यादव ने की. कार्यशाला में भाजपा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र कुमार राय ने ओबीसी वर्ग को भाजपा से जोड़न्कार्यशाला में प्रमुख लक्ष्य तय किये गये

59 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्यः भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने बताया कि 22 दिसंबर से शुरू हो रहे अभियान का लक्ष्य 5ओबीसी वर्ग का समर्थनः संयोजक राकेश प्रसाद ने इसे संगठन महापर्व बताते हुए ओबीसी वर्ग से समान विचारधारा के लोगों को जोड़ने की बात कही.आरक्षण को लेकर आंदोलनः डॉ. अमरदीप यादव ने कहा कि झारखंड सरकार ओबीसी को आरक्षण नहीं दे रही, जिसके खिलाफ मोर्चा आंदोलन करेगा. तकनीकी जानकारीः आईटी सेल संयोजक राहुल अवस्थी ने ऑनलाइन व ऑफलाइन सदस्यता की प्रक्रिया समझाई. कार्यशाला में प्रदेश महामंत्री हलधर नारायण शाह, उपाध्यक्ष दिलीप स्वर्णकारऔर अन्य पदाधिकारी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे.

# कांग्रेस नेता प्रदीप यादव और राजेश कच्छप का कार्यकताओं ने किया अभिनंदन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

रांची। कांग्रेस भवन में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकताओं और नेताओं ने कांग्रेस विधायक दल के नए नेता प्रदीप यादव और उपनेता राजेश कच्छप का भव्य स्वागत और अभिनंदन किया. इस अवसर पर नेताओं ने विधिवत रूप से अपना पदभार ग्रहण किया और कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने के लिए अपने संकल्प को दोहराया.

**नेतृत्व के प्रति आभार और प्राथमिकता का ऐलान**

प्रदीप यादव ने शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस के विचारों को समाज के हर वर्ग में पहुंचाना और संगठन को मजबूत करना उनकी



प्राथमिकता होगी. यादव ने विधायकों और नेताओं के साथ मिलकर एक रोडमैप तैयार करने की बात कही और विश्वास व्यक्त किया कि कांग्रेस को मजबूती देने के लिए सभी मिलकर काम करेंगे. उन्होंने जोर दिया कि ईमानदारी और परिश्रम से सफलता निश्चित है.

**राजेश कच्छप ने समन्वय पर दिया जोर**

उपनेता राजेश कच्छप ने अपनी नियुक्ति पर कांग्रेस नेतृत्व का धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्हें सरकार और संगठन के बीच समन्वय स्थापित करने की जिम्मेदारी दी गई है. उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने और कार्यकताओं के मान-सम्मान को बढ़ाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा. उन्होंने यह भी कहा कि प्रदीप यादव के नेतृत्व में संसदीय कार्य प्रणाली और संगठन को मजबूत करने में हरसंभव सहयोग करेंगे.

**कार्यकताओं का सम्मान बढ़ाने का निर्णय**

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि प्रदीप यादव और राजेश कच्छप जैसे अनुभवी नेताओं को जिम्मेदारी सौंपकर कांग्रेस नेतृत्व ने संगठन और सरकार के बीच समन्वय स्थापित करने का प्रयास किया है. उन्होंने कहा कि कार्यकताओं के मान-सम्मान को प्राथमिकता देना कांग्रेस की परंपरा है और यह निर्णय उसी दिशा में एक सकारात्मक कदम है.

**सम्मान समारोह में कई प्रमुख नेता रहे उपस्थित**

सम्मान समारोह में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे. इस मौके पर मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष रविंद्र सिंह, प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुजनी, राजीव रंजन प्रसाद, किशोर आलोक कुमार दुबे, विनय सिन्हा दीपू, सोनाल शांति सहित मौजूद रहे.

# जिला स्तरीय युवा महोत्सव 2024-25 कार्यक्रम का हुआ आयोजन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**साहिबगंज(उजाला)।** खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड, रांची के निदेर्शानुसार साहेबगंज जिलान्तर्गत नेहरू युवा केन्द्र संगठन एवं एन०एस०एस० के संयुक्त तत्वाधान से जिला स्तरीय युवा महोत्सव 2024-25 कार्यक्रम का आयोजन सिद्धों कान्हू सभागार किया गया।कार्यक्रम की शुरूआत जिला दंडाधिकारी -सह- उपायुक्त हेमंत सती के द्वारा स्वामी विवेकानन्द के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।उपायुक्त ने संबोधित करते हुए कहा कि भारत सरकार, राज्य सरकार और जिला प्रशासन लगातार इस चीज के लिए प्रयासरत है कि जो भी हमारी प्रतिभाएं हैं उन प्रतिभाओं को एक अच्छा मंच मिल सके चाहे खेल के क्षेत्र में हो, चाहे विज्ञान के क्षेत्र में हो, चाहे आर्ट्स के क्षेत्र में हो किसी भी क्षेत्र में, किसी भी व्यक्ति के अंदर कोई



प्रतिभा है तो उसको एक सही मंच मिलना चाहिए। मैं आप लोगों से अपिल करता हूं कि अपने आसपास जितने भी लोग हैं जितने भी युवा वर्ग है उन लोगों को आप इस चीज के लिए मोटिवेट करें।हमारा युवा समाज आज तेजी से बदल रही दुनिया में अपनी पहचान बनाने की दिशा में अग्रसर है। वर्तमान में जहाँ एक ओर तकनीकी प्रगति हो रही है, वहीं दूसरी ओर हमारे परंपरागत मूल्यों और संस्कृतियों को बचाए रखने की जिम्मेदारी भी हम पर है। ऐसे में युवा महोत्सव जैसे आयोजन हम सभी को अपने सांस्कृतिक धरोहर से जुड़ने, अपने भीतर छुपी कला और प्रतिभा को बाहर लाने का अवसर प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता,मोबाइल फोटोग्राफी, कविता प्रतियोगिता, ड्राइंग प्रतियोगिता, कहानी लेखन प्रतियोगिता, समूह नृत्य प्रतियोगिता, एकल नृत्य प्रतियोगिता, समूह गान प्रतियोगिता, एकल गान प्रतियोगिता, विज्ञान मेला (समूह), विज्ञान मेला (एकल) जैसे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

**कार्यक्रम में जज के रूप में**

भाषण प्रतियोगिता
अब्दुस सुभान, डॉ संजीव कुमार, भिखारी शाह

**मोबाइल फोटोग्राफी**
अनिल कुमार, अरविंद केआर साहा, हर्षित कुमार

**काव्य प्रतियोगिता**
सुबोध, के आर झा, विजय कुमार

**ड्राइंग प्रतियोगिता**
श्याम विश्वकर्मा, निशु कुमारी, शिवका कुमारी

**कहानी लेखन प्रतियोगिता**
डॉ सोनू साहू, डॉ प्रिया हांसदा डॉ सबिता कुमारी

**समूह नृत्य प्रतियोगिता**
प्रभा, दीक्षा रानी, आयुष कुमार

**एकल नृत्य प्रतियोगिता**
प्रीति प्रिया मरांडी, विजय कुमार, महतो कल्याण श्रीवास्तव

**समूह गान प्रतियोगिता**
राजेश कुमार पंडित , बम बम राज रोनित तिग्गा

**एकल गीत प्रतियोगिता**
ज्योति प्रभा, संध्या किरण, प्रभात शंकर भगत

**विज्ञान मेला (समूह)**
रंजीत कुमार सिंह, बी बी द्वारि, पल्लवी उपाध्याय

**विज्ञान मेला (एकल)**
डॉ वकील पोद्दार, प्रभात सिंह,मो0 अशरफ रहे।

**प्रतियोगिता में प्रतिभागियों द्वारा**

**भाषण प्रतियोगिता में**
प्रथम- सुप्रिया कुमारी
द्वितीय- नव माधव आनंद
तृतीय- आदित्य राज

**मोबाइल फोटोग्राफी**
प्रथम- ललन कुमार,
द्वितीय-रितेश कुमार रंजन
तृतीय- सौरभ कुमार

**काव्य प्रतियोगिता**
प्रथम- सिम्मी कुमारी
द्वितीय- शिवानी कुमारी
तृतीय- स्वीटी कुमारी

**ड्राइंग प्रतियोगिता**
प्रथम- चन्द्रभूषण कुमर
द्वितीय- आदिती कुमारी
तृतीय - फरोन

**कहानी लेखन प्रतियोगिता**
प्रथम- सिम्मी कुमारी
द्वितीय- द्वितीय शिल्पी कुमारी,
तीतृय- स्वीटी कुमारीप्रथम- धनी हेंब्रम एंड ग्रुप
द्वितीय- बबलू कुमार ग्रुप
तृतीय- पोमा मरांडी ग्रुप

? **एकल नृत्य प्रतियोगिता**
प्रथम- स्नेह कुमारी,
द्वितीय- सूरज कुमार
तृतीय- ग्रेस बेसरा

**समूह गान प्रतियोगिता**
प्रथम- शुभम ग्रुप
द्वितीय- राज कुमार राज ग्रुप
तृतीय- काजल एंड ग्रुप

**एकल गीत प्रतियोगिता**
प्रथम- स्वीटी टुडु
द्वितीय- अंचना कुमारी
तृतीय- चांद मुनि उरांव

**विज्ञान मेला (समूह)**
प्रथम- डीसीएम ग्रुप सकरीगली
द्वितीय- राजस्थान इन्टर विद्यालय
तृतीय- साहेबगंज कालेज साहेबगंज

?विज्ञान मेला (एकल)
**प्रथम- नेहा कुमारी**
द्वितीय- रिया मंडल
तृतीय- अंजू कुमारी

## जल जमाव निकासी समस्या की समाधान के लिए नाला निर्माण की प्रकिया शुरू



**बरहरवा/साहिबगंज(उजाला)**।कांग्रेस जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान एवं बरहरवा नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी दीपक कुमार द्वारा गुरुवार को प्रोफेसर कॉलोनी में जल जमाऊ से त्रस्त लोगों के शिकायत पर वार्ड 02 का भौतिक निरीक्षण करने के बाद शुक्रवार को स्पेशल डिवीजन तथा बरहरवा नगर पंचायत के कनीय अभियंता की एक टीम ने संयुक्त रूप से जल निकासी हेतु पक्की नाली का निमार्ण हेतु वार्ड संख्या 02 में रिंकू अंसारी के घर से होते हुए भाया मस्तान के घर होते हुए भाया बी एन साहा के घर होते हुए सीधा राजमहल रोड के मुख्य नाले तक एवं वार्ड संख्या 03 के हरिजनपाड़ा में इंफोर्मेटिक के पास वाले नाले से होते हुए भाया पंचू रविदास के घर होते हुए भाया भीम राव अम्बेडकर स्कूल होते हुए राजमहल रोड के मुख्य नाले तक वाटर लेवल पाइप द्वारा पूरे एरिया को चिन्हित किया तथा उसी के आधार पर प्राक्कलन तैयार किया जाएगा । मौके पर प्रखण्ड महासचिव निताय सरकार, कनीय अभियंता पंचानन्द,मोहित कुमार, महेश उरांव,रवि उरांव, अंकित कुमार, अमीन सेख सहित अन्य मौजूद थे।

## रमैया केयर फाऊंडेशन हॉस्पिटल का उद्घाटन आज

**साहिबगंज(उजाला)**।बोरियो क्षेत्र के साक्षरता मोड़ के निकट रमैया केयर फाउंडेशन ए मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन आज बोरियो विधायक धनंजय सोरेन करेंगे।जिसकी जानकारी अस्पताल के प्रोपराइटर संगम सौरभ ने दी।उन्होंने बताया कि हमारे अस्पताल में गायनोकोलॉजी,नवजात शिशु रोग विशेषज्ञ,फिजिशियन,जेनरल सर्जरी,ऑथोर्पेडिक्स,ट्रामा, कार्डियोलॉजी,न्यूरोलॉजी सहित कई तरह की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

## समाज कल्याण से संबंधित योजनाओं की समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**साहिबगंज(उजाला)**।जिला दंडाधिकारी -सह- उपायुक्त हेमंत सती हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में समाज कल्याण से संबंधित संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक की।सर्वप्रथम उपायुक्त द्वारा समाज कल्याण विभाग द्वारा 127 निमार्णाधीन आंगनबाड़ी व DMFT मद के द्वारा निमार्णाधीन आंगनबाड़ी की जानकारी ली।सावित्रीबाई फुले योजना में प्रखंडों की रैंकिंग असंतोषप्रद पाई गई। एक सप्ताह के अंदर महिला पर्यवेक्षिकाओं को जिले के सभी संचालित आँगनबाड़ी केन्द्रवार लक्ष्य निर्धारित कर सेविका-सहायिकाओं के माध्यम से लक्ष्य के अनुरूप उक्त योजना से संबंधित आवेदन प्राप्त कर उक्त योजना का लाभ प्रदान करना सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया।साथ ही पूरे सप्ताह में प्रतिदिन केन्द्रवार सेविका-सहायिकाओं द्वारा प्राप्त आवेदनों की संख्या की महिला पर्यवेक्षिकाओं के माध्यम से समीक्षा कराने हेतु निर्देशित किया गया ।प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, पोषण ट्रैक ऐप, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, मानदेय भुगतान ,पोषाहार भुगतान एवं आंगनबाड़ी सेविकाओं की जिला में नियुक्ति को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए।बताया गया कि चाइल्ड होम में भवन मरम्मती रंग रोगन का कार्य किया जा रहा है। वही पुराने परिषद भवन में मरम्मती को लेकर प्रस्ताव समर्पित करने को कहा गया।उपायुक्त ने स्पॉन्सरशिप योजना में अधिक से अधिक लाभुको को लाभ देने हेतु निर्देशित किए गए।मौके पर जिला कल्याण पदाधिकारी चित्रा यादव, बाल संरक्षण पदाधिकारी पूनम कुमारी, महिला पर्यवेक्षीका समेत बाल संरक्षण के कर्मी उपस्थित थे।

## झामुमो नेता वारिस अनवर ने छात्र-छात्राओं की समस्याओं को लेकर संध्या इंटर महाविद्यालय के प्राचार्य से की मुलाकात



**साहिबगंज(उजाला)**।झामुमो के जिला संगठन सचिव वारिस अनवर ने छात्र एवं छात्राओं की समस्याओं को लेकर इंटर संध्या महाविद्यालय साहिबगंज के प्राचार्य शंभू नाथ पाठक से मिले। प्राचार्य शंभू नाथ पाठक ने छात्र एवं छात्राओं की समस्याओं को हर संभव दूर करने की बात कही।वही प्राचार्य शंभू नाथ पाठक ने झामुमो नेता वारिस अनवर को महाविद्यालय से जुड़े समस्याओं से अवगत करवाया।वहीं झामुमो नेता वारिस अनवर ने भी मूलभूत सुविधाओं को जल्द बहाल करने का आश्वासन दिए।इस मौके पर लाल बाबू,रंजीत महतो,अभय यादव,मोहम्मद महफूज अंसारी, रजी अशरफ सहित कई लोग मौजूद थे।

## पत्नी ने एसपी को आवेदन दे कर पति के खिलाफ की शिकायत,पुलिस ने पति को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जेल



**साहिबगंज(उजाला)**।जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के अर्जुन नगर कॉलोनी निवासी पुष्पांजलि कुमारी ने एसपी अमित कुमार को आवेदन देकर अपने पति डॉक्टर अजय के खिलाफ शिकायत की।उन्होंने आवेदन में बताया कि महिला थाना में 23 सितंबर व 30 सितंबर को प्राथमिकी दर्ज होने के बावजूद उसके पति अजय कुमार व उसके रिश्तेदार ने जबरन घर में घुस कर जान मारने की नीयत से उसके साथ मारपीट की।उन्होंने बताया कि डॉ अजय ने उसे धोखे में रख कर उसके साथ विवाह किया।उन्हें नहीं पता था कि डॉ अजय पूर्व से ही शादीशुदा है।डॉ अजय उसके साथ हमेशा मारपीट करता था। 12 दिसंबर डॉ अजय की पूर्व की पत्नी कल्पना कुमारी के कुछ महिला के साथ उसके घर पहुंच जान मारने की नीयत से उसके साथ मारपीट की।आवेदनकर्ता ने बताया कि डॉ अजय पहुंच वाला है खुद को थाना से ही छूटने की बात कहता है।वही पुष्पांजलि ने बताया कि उसके पति में तीसरी शादी भी कर ली है।जिससे उनको एक बच्चा भी है।जिसका सारा सबूत उनके पास है।उन्होंने यह भी खुलासा कि डॉ अजय कोई डॉक्टर नहीं बल्कि वह फर्जी डॉक्टर हैं।उसके सारे सर्टिफिकेट की जांच होने से खुलासा हो जाएगा।पहले से भी उस पर केस चल रहा है।वही इस मामले में एसपी ने संज्ञान लेते हुए डॉ अजय को तुरंत गिरफ्तार करने का निर्देश दिया।वहीं जिरवाबाड़ी थाना के प्रभारी थाना प्रभारी लव कुमार ने बताया कि डॉ अजय को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## उपायुक्त ने आम जनों की समस्याओं से हुए अवगत



**साहिबगंज(उजाला)**।समाहरणालय स्थित उपयुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त- सह- जिला दंडाधिकारी हेमंत सती द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया।इस दौरान उपयुक्त ने जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों से मुलाकात कर उनके समस्याओं से अवगत हुए। इसके साथ ही उपयुक्त द्वारा उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।इसके साथ ही जनता दरबार के दौरान विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आए, जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। जनता दरबार में सभी शिकायतकताओं की समस्याओं को सुनने के बाद उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द करें। साथ ही उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें। ताकि शिकायतों के निष्पादन में आसानी हो सके। ज्ञात हो कि हर सप्ताह मंगलवार एवं शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है।

## आज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भोगनाडीह से जनसभा को करेंगे संबोधित

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**बरहेट/साहिबगंज(उजाला)।** राज्य के मुख्यमंत्री सह बरहेट विधानसभा विधायक हेमंत सोरेन शनिवार को भोगनाडीह पहुंचकर जनसभा को संबोधित करेंगे, साथ ही साथ सिद्धू कान्हू चांद भैरव फूलों झानू प्रतिमा को माल्यार्पण कर नमन करेंगे।इसको लेकर जिला प्रशासन की ओर से तैयारी पूरी कर ली गई है। वहीं जिला प्रशासन की ओर से जगह-जगह बैरिकेड लगाया गया है। साथ ही साथ सुरक्षा को लेकर पुलिस बल की तेनाती की गई है।सिद्धू कान्हु चांद भैरव फूलों झानो परिसर में आकर्षक ढंग से सजाया गया है।वही मुख्यमंत्री



जनसभा के तत्पश्चात परिसंपत्ति शिलान्यास एवं उद्घाटन करेंगे। वही प्रखंड विकास अधिकारी अंशु कुमार पांडे ने कहा कि मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है।वही कार्यक्रम स्थल के जगह-जगह मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। वाहनों की रखरखाव के लिए पार्किंग बनाया गया है। सभी प्रकार की सुविधाओं को दुरुस्त कर ली गई है।

## स्पेशल ड्राइव में 37 कुतुब न्यायालय से संबंधित मामले का सेटलमेंट,

**साहिबगंज(उजाला)**।झलसा के निदेर्शानुसार, 9 दिसंबर से 13 दिसंबर तक संजय कुमार उपाध्याय प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय साहिबगंज के मार्गदर्शन में फैमिली कोर्ट से संबंधित मामले को लेकर चतुर्थ फैमिली स्पेशल ड्राइव का आयोजन किया गया है। साहिबगंज न्याय मंडल के अंतर्गत कुटुंब न्यायालय साहिबगंज एवं एडिशनल कुटुंब न्यायालय राजमहल से कुल 67 मामले को सुला समझौते के लिए स्पेशल ड्राइव में भेजा गया था। मध्यस्थता केंद्र में मेडिएटर के सहयोग से कुटुंब न्यायालय साहिबगंज का 21 मामला एवं एडिशनल कुटुंब न्यायालय राजमहल से 16 मामला का सेटलमेंटकिया गया। ओके स्पेशल ड्राइव में मेडिएटर सुनील कुमार, सरदार आनंद गोपाल सिंह, देवेंद्र सिंह,अशोक कुमार श्रीवास्तव ,विजय कुमार, संजय मिश्रा ,अमरेंद्र मोहती उपस्थित थे। ज्ञात होगी 14 दिसंबर को सुबह 10:30 बजे से जिला विभाग न्यायालय परिसर साहिबगंज में नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहिबगंज के तत्वाधान में आयोजित किया जाएगा।

# सांसद विजय हंसदा के प्रयास से बाबूपुर गांव में नया ट्रांसफार्मर लगाया गया

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**तीनपहाड़/साहिबगंज(उजाला)।** तीनपहाड़ क्षेत्र अंतर्गत बाबूपुर ग्राम में राजमहल लोकसभा के लोकप्रिय सांसद विजय कुमार हासदा के प्रयास से नया ट्रांसफार्मर लगवाया गया। वही ग्रामीणों ने बताया कि बीते कई दिनों से ट्रांसफार्मर खराब हो गया था जिससे ग्रामवासियों को बहुत ही कठनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। लाइन नही रहने के कारण सैकड़ों परिवार अंधेरे में रहने को विवश हो गए थे। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत सांसद विजय हंसदा से किया।वही सांसद ने बिजली विभाग के पदाधिकारी से संपर्क स्थापित कर तत्काल गांव में ट्रांसफर उपलब्ध करवाने की बात कही थी जो
रविवार को सांसद के प्रयास से नया



ट्रांसफार्मर लगाया गया। वही नया ट्रांसफार्मर लगने से ग्रामीणों ने सांसद विजय हंसदा का आभार व्यक्त किया। मौके पर जेएमएम युवा नेता आकिब अनीस उर्फ विक्की, जनार्धन महतो, एजाजुल रिची, लोहा महतो, खाटूमल महतो,भुनेश्वर नोनिया, नरेश नोनिया, जहाज नोनिया, गुलाब महतो, संजय नोनिया, सैनकुमार महतो सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री प्रतिनिधि पंकज मिश्रा ने बांके बिहारी मेंस पार्लर का किया उद्घाटन



**साहिबगंज(उजाला)**।शहर के कॉलेज रोड स्थित मछुआ सोसाइटी में बने अति संसाधन युक्त बांके बिहारी मेंस पार्लर का उद्घाटन मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा ने फीता काट कर किया।इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस तरह की दुकान से स्वरोजगार को बल मिलेगा।उनकी सरकार युवाओं या जरूरतमंदों को 40 प्रतिशत सब्सिडी पर लोन देने का कार्य कर रही है।लोग खासकर युवा वर्ग इसका लाभ उठा कर अपने को स्वरोजगार से जोड़ सकते है।इससे उन्हें रोजगार की तलाश में बाहर के अन्य प्रदेशों में पलायन करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।मौके पर प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर प्रमोद चौधरी,अरुण चौधरी,धनंजय तिवारी,मनोज चौरसिया,कौशल किशोर ओझा,सुरेंद्र यादव,प्रयाग चौधरी,आदित्य ठाकुर,गोपाल यादव,सहित दर्जनों गण्यमान्य लोग मौजूद थे।

## नयी तकनीक को सीखने का जोखिम उठायें, करियर में भी मिलेगी मदद : राजपाल यादव




**रांची.** एमिटी यूनिवर्सिटी में गुरुवार को बॉलीवुड अभिनेता राजपाल यादव ने विद्यार्थियों के साथ संवाद किया. विषय था : सफलता के लिए प्रशिक्षण का महत्व. राजपाल यादव ने अपने छात्र जीवन की यादें साझा की. उन्होंने आज की दुनिया में सोशल मीडिया के महत्व और इसके प्रभाव के बारे में बताया. साथ ही इसके विकास के कारण उत्पन्न अवसरों का उल्लेख करते हुए छात्रों को इन प्लेटफार्मों का उपयोग करने और नयी तकनीक को सीखने का जोखिम उठाने के लिए प्रोत्साहित किया.

**लक्ष्य ही है, जो लोगों को प्रेरित करता है**

राजपाल यादव ने कहा कि इन चीजों से करियर के अवसर को बेहतर बनाने में भी मदद मिलेगी. एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड के कुलपति डॉ अशोक के. श्रीवास्तव ने कहा कि कहा कि छात्रों के लिए एक लक्ष्य रखना महत्वपूर्ण है. जब आप जीवन में फंस जाते हैं, तो लक्ष्य ही है, जो लोगों को प्रेरित करता है. उनकी मदद करता है.

## उपायुक्त के निदेर्शानुसार अवैध शराब कारोबारियों के विरूद्ध कार्रवाई जारी, महुआ चुलाई शराब भट्ठी ध्वस्त

**पाकुड़ :** उपायुक्त मनीष कुमार के निदेर्शानुसार अवैध शराब कारोबारियों के विरूद्ध लगातार छापेमारी की कार्रवाई की जा रही है। उत्पाद विभाग की टीम ने पाकुड़िया थाना अंतर्गत छापामारी की जिसमें विशु टुडु के घर से अवैध चुलाई शराब जब्त की गई। दस लीटर अवैध चुलाई शराब के साथ उनके घर में चल रहे शराब भट्ठी को भी नष्ट किया गया। साथ ही अवैध चुलाई शराब विनिर्माण में सलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत उल्लंघन का मामला दर्ज करते हुए अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।इसके अलावा कमपोजिट शराब दुकान बनोग्राम का भी निरीक्षण कर उसके स्टाक की जांच की गई।

# सड़क सुरक्षा अभियान के तहत राज+2 उच्च विद्यालय में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**यासिर अराफात@ झारखंड उजाला ब्यूरो**



**पाकुड़ :** शहर के राज+2 उच्च विद्यालय में शुक्रवार को उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी संजय पीएम कुजूर एवं जिला आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक सिंह और सड़क सुरक्षा टीम द्वारा छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के बीच सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया।उपायुक्त मनीष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को बताया कि वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट, जूता इत्यादि का उपयोग कर कैसे सड़क पर होने वाले दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। वाहन चलाते समय मोबाइल, हेड फोन, इयर बड्स का उपयोग न करने के लिए छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को प्रेरित किया। उपायुक्त ने बच्चों से पढ़ाई को लेकर कई टिप्स भी दिए। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में ज्यादातर मृत्यु बाइक से हो रही है तथा सबसे अधिक दुर्घटना के शिकार लोग बाइक चलाने वाले ही हैं। इससे पता चलता है कि शहरी क्षेत्र में निर्धारित गतिसीमा से अधिक रफ्तार और ओवरटेक तथा असंतुलित होकर तेज रफ्तार से वाहन चलाने और लापरवाही से वाहन चलाने के अतिरिक्त बिना हेलमेट/सीट बेल्ट आदि सुरक्षा उपकरण के इस्तेमाल के बिना गाड़ी ड्राइव करने से एवं अल्कोहल सेवन करने से तथा ट्रिपल राइड करने से दुर्घटना होती है। साथ ही उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित विद्यार्थियों से अपील किया कि वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग ना करें और ना ही किसी को करने दें, शराब पीकर वाहन न चलाएं एवं पीकर चलाने भी ना दें। उन्होंने बताया थोड़ी सी चूक सड़क दुर्घटना का कारण बन सकती है, 'सावधानी हटी, दुर्घटना घटी'। जिला परिवहन पदाधिकारी ने सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन करने तथा करवाने पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा ऐसी गलती न करें और कड़ा रुख अपना कर अपने परिवार को भी सुरक्षा का पाठ पढ़ाये। साथ ही उन्हें भविष्य में सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा इन सबको देखते हुए सभी तरह के नियमों का पालन नियमित रूप से किया जाएं तो भविष्य उज्जवल हो सकती है। इसके अलावा सड़क सुरक्षा के टीम ने बच्चों के बीज क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया। क्विज प्रतियोगिता में बेहतर करने वाले छात्र-छात्राओं को टोपी, पेन, नोटबुक आदि का वितरण किया गया। साथ ही आज परख प्री टेस्ट का आयोजन किया गया था। उस परख टेस्ट में बेहतर करने वाले छात्र- छात्राओं के बीच उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने कम्बल का वितरण किया।

## यूनिक डिसेबिलिटी पहचान पत्र के माध्यम से मिलेगा दिव्यांगजनों को योजनाओं का लाभ



**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**

**पाकुड़ :** अब दिव्यांगजनों को विकलांगता का डिजिटल पहचान पत्र मिलेगा। उपायुक्त मनीष कुमार ने दिव्यांगजनों के यूडीआइडी कार्ड (यूनिक डिसेबिलिटी पहचान पत्र) बनाने के लिए जिले एवं सभी प्रखंडों में शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने 18 दिसम्बर से 20 दिसम्बर मेडिकल बोर्ड सदर अस्पताल में लगाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि दिव्यांगजनों को केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ यूनिक डिसेबिलिटी पहचान पत्र यानी यूडीआईडी कार्ड के माध्यम से दिया जाएगा। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे दिव्यांगजनों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र यानी यूडीआईडी कार्ड बनाने की दिशा में भी जरूरी कार्यवाही करें। साथ ही उपायुक्त ने तम्बाकू से संबंधित जागरूकता को लेकर सभी विद्यालयों में जागरूकता कैम्प लगाने का निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त ने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत माइक्रोप्लान बना कर सभी विद्यालयों में स्वास्थ्य कैम्प लगाकर सभी बच्चों का स्वास्थ्य जांच करने का निर्देश दिया गया। मौके पर पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, डॉ संजय कुमार झा, डॉ मनीष कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

## आमजनों की समस्या से रूबरू हुए उपायुक्त, पदाधिकारियों को दिये निर्देश

**जनता की समस्याओं का समाधान हो सबकी प्राथमिकता : उपायुक्त**

**ऑन स्पॉट कई मामलों का किया गया निष्पादन**

**जिला अन्तर्गत लंबित शिकायतों का जल्द से जल्द करें समाधान- उपायुक्त**

**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**



**पाकुड़ :** आम जनमानस के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त मनीष कुमार के द्वारा समाहरणालय सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान उपायुक्त द्वारा वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएँ सुनी गयी एवं आश्वस्त किया गया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जाँच कराते हुए जल्द से जल्द सभी का समाधान किया जाएगा। इसके अलावे जनता दरबार के दौरान शिक्षा से संबंधित मामले, जमीन से संबंधित मामले, डीप बोरिंग, आंगनबाड़ी सेविका आदि से संबंधित मामले एवं विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आये जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएं को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित किया गया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए, उसका समाधान जल्द से जल्द करें। इसके अलावे उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के अंदर अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करे, ताकि शिकायतों के निष्पादन में आसानी हो।

## पलामू में रफ्तार का कहर, तीन अलग-अलग हादसे में पांच घायल, तीन की हालत गंभीर

**झारखंड उजाला, ब्यूरो पलामू**



**पलामू:** जिले में देर शाम रफ्तार का कहर देखने को मिला. जिले के छत्तरपुर थाना क्षेत्र के तीन अलग-अलग इलाकों में सड़क दुर्घटना का मामला सामने आया है. इस घटना में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिनमें तीन का प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर के एमएमसीएच रेफर कर दिया गया है. जबकि एक की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है. जानकारी के मुताबिक पहली घटना छत्तरपुर थाना क्षेत्र के उदयगढ़ मोड़ के पास की है. जहां तेज रफ्तार में जा रही एक हाइवा ने ऑटो में सीधा टक्कर मार दी. घटना को सुनते हुए लोग मौके पर पहुंचे और हादसे में फंसे हुए चालक को लोगों ने निकाला।

जहां घायल ऑटो चालक अनिल राम को छत्तरपुर के अनुमंडलीय अस्पताल में प्राथमिक इलाज के लिए भेज दिया. वहीं, दूसरी घटना छत्तरपुर थाना क्षेत्र के नौडीहा बाजार जाने वाले रस्ते सरईडीह मोड़ की है. सरईडीह मोड़ के पास दो मोटरसाइकिल की टक्कर में उस पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. बताया जा रहा है कि एक मोटरसाइकिल नौडीहा बाजार से छत्तरपुर की ओर आ रही थी कि तभी विपरीत दिशा से जा रहे एक मोटरसाइकिल ने सीधी टक्कर मार दी, जिसमें तीन लोग घायल हो गए. जबकि तीसरी सड़क दुर्घटना फोरलेन के हेसला सर्विस रोड में एक युवक बिकी कुमार ने गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों ने इलाज के लिए छत्तरपुर अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया है।

## धान अधिप्राप्ति को लेकर जिला सहकारिता पदाधिकारी ने दी अहम निर्देश

किसानों की सुविधा के लिए लैंप्स सचिवों को निर्देश, जागरूकता अभियान तेज करने पर जोर

**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**



**पाकुड़:** पाकुड़ समाहरणालय स्थित सहकारिता विभाग के कार्यालय में जिला सहकारिता पदाधिकारी चंद्रजीत खलको की अध्यक्षता में वर्ष 2024-25 के धान अधिप्राप्ति कार्य को लेकर चयनित लैंप्स (लार्ज एरिया मल्टीपर्पज सोसाइटी) के सदस्य सचिवों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य धान अधिप्राप्ति प्रक्रिया को सुचारू और पारदर्शी बनाना था। श्री खलको ने सभी सदस्य सचिवों को निर्देश दिया कि धान अधिप्राप्ति कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। उन्होंने कहा कि सभी लैंप्स समय पर खुलें ताकि किसानों को अपने धान को संबंधित लैंप्स में बेचने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो।उन्होंने जानकारी दी कि सरकार ने इस वर्ष धान का समर्थन मूल्य ?2400 प्रति क्विंटल तय किया है, जिसे सीधे किसानों के बैंक खातों में हस्तांतरित किया जाएगा। साथ ही उन्होंने सभी सदस्य सचिवों को अधिक से अधिक किसानों को जागरूक करने और उनके पंजीकरण की प्रक्रिया को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।धान अधिप्राप्ति कार्य 15 दिसंबर 2024 से शुरू किया जाएगा। इस दौरान किसानों को अपने जरूरी कागजात के साथ पंजीकरण कराने की अपील की गई।बैठक में पाकुड़िया प्रखंड बीसीओ मनोज कुमार, हिरणपुर बीसीओ मोहन कुमार, पाकुड़ बीसीओ प्रमोद कुमार, श्रीरामपुर लैंप्स सदस्य सचिव परमेन रविदास सहित सभी चयनित लैंप्स के सदस्य सचिव उपस्थित थे।

**धान अधिप्राप्ति के लिए तैयार रहें**

श्री खलको ने यह भी कहा कि सभी लैंप्स सदस्य सचिव अपने क्षेत्र में किसानों को धान बेचने की प्रक्रिया के बारे में जागरूक करें और सभी को समय पर जानकारी दें। सरकार के इस प्रयास का उद्देश्य किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाना है।

## सिंदरी महाविद्यालय में फिट इंडिया वीक के तहत कबड्डी एवं दौड़ की प्रतियोगिता




**कुलबीर सिंह@ झारखंड उजाला संवाददाता**

**सिंदरी /धनबाद।** शुक्रवार को फिट इंडिया वीक के चौथे दिन सिंदरी महाविद्यालय , सिंदरी में राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट 1 एवं यूनिट 2 के द्वारा कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अगुवाई राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट 1 की कार्यक्रम अधिकारी डॉ नीतू गौरव कुमार ने की। प्रतियोगिता में कुल चार टीम आमने-सामने प्रस्तुत हुए , जिसमें 2 टीम लड़कों की और 2 टीम लड़कियों की रही। प्रत्येक टीम में सात प्रतिभागियों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। कबड्डी प्रतियोगिता का परिणाम फल घोषित करते हुए प्रो निशांत कुमार दुबे ने विजयी टीम की घोषणा की।

गुरुवार को हुए दौड़ प्रतियोगिता के चयनित प्रतिभागियों के बीच आज प्रातः 10 बजे अंतिम दौड़ के उपरांत अंतिम तीन विजयी प्रतिभागियों के नाम की घोषणा की गई। कार्यक्रम मे निम्नलिखित शिक्षकों की सहभागिता प्रशंसनीय रही - प्रोफेसर मनमोहन सिंह, डॉ विशु मेंघनानी, डॉ शर्मिष्ठा आचार्या , डॉ सुमिरन कुमार रजक, डॉ ममता कुमारी,डॉ अनुराधा दास ,डॉ रंजीत प्रसाद रजक, प्रोफेसर निशांत दुबे ,प्रोफेसर अंकित, प्रोफेसर पूजा, प्रोफेसर रमोला जोजो , डॉ शुभाशीष दत्ता, डॉ राजेश गुप्ता । इसमें छात्र-छात्राओं का उत्साह सराहनीय रहा। कार्यक्रम की समाप्ति राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट 2 के कार्यक्रम अधिकारी डॉ सनत कुमार द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुई।

## धान अधिप्राप्ति को लेकर डीसी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों संग बैठक की

**झारखंड उजाला, ब्यूरो पलामू**



**मेदिनीनगर (पलामू)।** जिले के निबंधित 41 पैक्सों में 15 दिसंबर से धान की खरीदारी होनी है।इसे लेकर शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त शशि रंजन ने खरीफ विपणन मौसम 2024-25 धान अधिप्राप्ति की तैयारी को लेकर बैठक की।उन्होंने डीएसओ प्रीति किस्कु से किसानों से धान क्रय को लेकर अबतक की गयी तैयारी से अवगत हुए।उन्होंने कहा कि 2 लाख क्विंटल धान का क्रय किया जाना है, इसमें किसी प्रकार का कोई कोताही ना हो यह सुनिश्चित किया जाये।उन्होंने जिला आपुर्ति पदाधिकारी और जिला सहकारिता पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी को आपस में बेहतर तालमेल के साथ निष्पक्ष एवं सही तरीके से धान क्रय करने पर बल दिया।

**किसानों को जागरूक करने का निर्देश**

उन्होंने बैठक में सभी संबंधितों को 15 दिसंबर से धान क्रय किये जाने को लेकर सभी किसानों के बीच जागरूकता अभियान चलाये जाने पर बल दिया।वहीं,किसानों की सुविधा को देखते हुए सभी राइस मिल को लैंपस के साथ टैग करने का भी निर्देश पदाधिकारियों को दिया गया ताकि किसानों का भुगतान समय पर हो सके।

**किसानों के निबंधन को लेकर तीन दिन विशेष कैंप लगाने के निर्देश**

पोर्टल पर अधिकाधिक किसानों को निबंधन कराये जाने को लेकर उपायुक्त ने जिले के सभी प्रखंडों में 16,17 और 18 दिसंबर को विशेष कैंप लगाने की बात कही। इस दिन किसान सभी आवश्यक दस्तावेज के साथ ब्लॉक पहुंचकर अपना निबंधन करा सकेंगे।उन्होंने कहा कि धान अधिप्राप्ति की प्रक्रिया में बिचौलियों व फर्जी किसानों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी, कृषि पदाधिकारी, सभी संबंधित नोडल पदाधिकारी, क्रय पदाधिकारी, धान अधिप्राप्ति केंद्र के पैक्स अध्यक्ष समेत अन्य उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री दाल-भात केन्द्र निरीक्षण के क्रम में डीसी व एसपी एवं डीएसओ ने भोजन कर गुणवत्ता को परखा

**पाकुड़ :** उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने पाकुड बस स्टैंड स्थित मुख्यमंत्री दाल भात केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जहां संचालित मुख्यमंत्री दाल-भात केंद्र में आमजनों का भोजन वितरित किया जा रहा था। उपायुक्त ने भोजन कर रहे लोगों की संख्या की जानकारी ली। साथी परोसे जा रहे भोजन की गुणवत्ता की भी जांच की। उपायुक्त ने कहा कि भोजन निर्माण में गुणवत्ता का ख्याल रखा जाए। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गुणवत्ता जांच के लिए उपायुक्त तथा पुलिस अधीक्षक एवं जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने मौके पर भोजन कर गुणवत्ता को परखा।



## ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाएं यथा अबुआ आवास आदि योजनाओं की हुई समीक्षा बैठक



**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**

**पाकुड़ :** सदर प्रखंड पाकुड़ स्थित सभागार में उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता मे सदर प्रखंड के सभी पदाधिकारीयों एवं कमियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाएं यथा अबुआ आवास, पोटो हो खेल योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, बिरसा कूप संवर्धन योजना, मानव दिवस, बिरसा हरित ग्राम योजना सहित अन्य संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक के दौरान अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं मनरेगा की विस्तारपूर्वक समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उपायुक्त द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत लंबित सभी आवास को पूर्ण कराने निर्देश दिया गया। साथ ही मनरेगा योजना की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारी पाकुड़ को वैसे सभी योजनाओं जो वर्षों से पेंडिंग पड़े हुए हैं उन्हें अविलंब पूर्ण कराने, मानव दिवस सृजन में प्रगति लाने तथा संबंधित पंचायत अंतर्गत चल रही कूप निर्माण एवं लंबित पोटो हो खेल मैदान सहित अन्य योजना को निर्धारित समय तक पूर्ण करने हेतु सख्त निर्देश दिया गया।

# बीआईटी सिंदरी में रिमोट सेंसिंग और जीआईएस का अनुसंधान में अनुप्रयोग पर कार्यशाला का आयोजन

**आधुनिक तकनीक पर व्याख्यान**

**कुलबीर सिंह@ झारखंड उजाला संवाददाता**



**सिंदरी /धनबाद।** बी० आई० टी० सिन्द्री के असैनिक अभियंत्रण विभाग में ह्वरिमोट सेंसिंग और जीआईएस का अनुसंधान में अनुप्रयोगह्व की पांच दिवसीय कार्यशाला के पाँचवे दिन शुक्रवार को लेक्चर सीरीज एवं प्रशिक्षण सत्र के साथ हुआ। जिसे झारखंड विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार परिषद रांची द्वारा प्रायोजित किया गया। पहले सत्र में रिसोर्स पर्सन के रूप में बी०आई०टी० मेसरा के प्रो०(डॉ०) ए० पी० कृष्णा उपस्थित रहे। सत्र की शुरूआत में कार्यशाला के संयोजक एवं विभागाध्यक्ष डॉ० जीतू कुजूर ने डॉ० कृष्णा को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। डॉ० कृष्णा ने अपने व्याख्यान में रिमोट सेंसिंग और जीआईएस की आधुनिक तकनीकों जैसे मल्टीस्पेक्ट्रल और हाइपरस्पेक्ट्रल इमेजिंग, ड्रोन-आधारित डेटा संग्रहण, लाइट डिटेक्शन एंड रेंजिग और लाई डी ए आर एस ए आर की उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

सत्र के पहले चरण की समाप्ति पर बी०आई०टी० सिन्द्री के असैनिक अभियंत्रण विभाग के सह-प्राध्यापक डॉ० ब्रह्मदेव यादव ने धन्यवाद ज्ञापन किया। डॉ० कृष्णा ने तकनीकों के अनुप्रयोगों द्वारा पर्यावरण निगरानी, शहरी नियोजन, और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में समझाया और चंद्रयान मिशन पर हो रहे अनुसंधान पर प्रकाश डाला। बी०आई०टी० सिन्द्री की सहायक प्राध्यापक डॉ० कोमल कुमारी ने रिमोट सेंसिंग से उपग्रह डेटा का संग्रहण और जीआईएस के माध्यम से उस डेटा का विश्लेषण करके मानचित्र तैयार करने के तरीके सिखाए । प्रतिभागियों ने जल संसाधनों की निगरानी और प्रबंधन में तकनीकों के उपयोग को समझा। इस सत्र में बी०आई०टी० सिन्द्री के शिक्षक, शोधार्थी और अन्य संस्थानों के प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी देखी गई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रो० (डॉ०) उदय कुमार सिंह, प्रो० प्रफुल्ल कुमार शर्मा, डॉ० माया राजनरायन रे, डॉ० निशिकांत किस्कु, प्रो० सरोज मीणा एवं प्रो० प्रशांत रंजन मालवीय का विशेष योगदान रहा।

## जिला स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक संपन्न

**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**



**पाकुड़ :** उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक समाहरणालय स्थित सभागार में की गई।बैठक में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के सफल संचालन एवं क्रियान्वयन संबंधी दिशा निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि सभी बीईईओ, बीपीओ को अपने-अपने पोषक क्षेत्र में अनुश्रवण करते हुए शत प्रतिशत नामांकन एवं बच्चों की उपस्थिति में वृद्धि लाने का निर्देश दिया। साथ ही निर्धारित समय अवधि में लक्ष्य पूर्ण नहीं होने की स्थिति में सभी प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी एवं प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। पी.एम.पोषण योजना का क्रियान्वयन हेतु विद्यालय को राशि समय पर भेजने का निर्देश जिला शिक्षा अधीक्षक को दिया गया। मध्याह्न भोजन योजना संचालित सभी विद्यालयों के द्वारा दैनिक कार्य शत प्रतिशत पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही मध्याह्न भोजन योजना का चावल विद्यालय में ससमय उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। विभाग द्वारा उपलब्ध मेनु के आधार पर विद्यालय में मध्याह्न भोजन संचालित किया जाना है। अन्यथा लापरवाही पाये जाने पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। बच्चो को सप्ताह में दो दिन अंडा एवं सप्ताह में रागी का लड्डु एक दिन (बुधवार) निश्चित रूप से देने का निर्देश दिया गया। पाकुड़ जिले के लिए कुल 212 विद्यालयों के किचेन-सह-स्टोर की मरम्मति का कार्य कराने हेतु राशि उपलब्ध कराई गई है। मरम्मति का कार्य 201 विद्यालय पूर्ण हो चूका है। शेष 11 विद्यालय का मरम्मति का कार्य यथाशीध्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।



शरीर में उत्पन्न होने वाली कई नई-पुरानी व्याधियों को दूर करने के लिए जापान की सकनीरा एसोसिएशन द्वारा पानी के प्रयोग का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। पानी के द्वारा रोगों को दूर करने की यह सादी-सरल विधि है। भारत जैसे गरीब देश के लिए तो यह विधि बिना पैसा खर्च की चमत्कारी पद्धति सिद्ध हो सकती है।

# सेहत का राज बस 4 ग्लास पानी एक साथ

सिरदर्द, उच्च रक्तचाप, खून की कमी, मोटापा, बेहोशी, दमा, खांसी, लीवर की कमजोरी, पेशाब की बीमारी, गैस, कब्ज, एसीडिटी, कमजोरी, आंख की बीमारी, मानसिक रोग, महिलाओं को होने वाली बीमारियां एवं शरीर में उत्पन्न होने वाली कई नई-पुरानी व्याधियों को दूर करने के लिए जापान की सकनीरा एसोसिएशन द्वारा पानी के प्रयोग का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। पानी के द्वारा रोगों को दूर करने की यह सादी-सरल विधि है। भारत जैसे गरीब देश के लिए तो यह विधि बिना पैसा खर्च की चमत्कारी पद्धति सिद्ध हो सकती है। कमी है तो बस इसके जनसाधारण के बीच प्रसार की।

## पानी प्रयोग की विधि क्या है

सुबह उठकर बिस्तर में बैठ जाएं और चार बड़े ग्लास भरकर (लगभग एक लीटर) पानी एक ही समय एक साथ पी जाएं। ध्यान रहे कि पानी पीने के पहले मुंह न धोएं, न ब्रश करें तथा शौचकर्म भी न करें। पानी पीने के बाद थूकें नहीं। पानी पीने के पौन घंटे बाद आप ब्रश/दातून, मुंह धोना, शौचकर्म इत्यादि नित्यकर्म कर सकते हैं। जो व्यक्ति बीमार या कमजोर काया के हैं और वे एक साथ चार ग्लास पानी नहीं पी सकते तो उन्हें शुरूआत एक-दो ग्लास पानी से करना चाहिए तथा धीरे-धीरे चार ग्लास तक बढ़ाना चाहिए। साथ ही भोजन करने के बाद लगभग दो घंटे पानी न पिया जाए तो अति उत्तम रहेगा।

चार ग्लास पानी पीने की यह विधि स्वस्थ या बीमार, सभी के लिए अति लाभदायक सिद्ध हुई है। सकनीरा एसोसिएशन के अनुभव द्वारा यह सिद्ध किया गया है कि कई बीमारियां इस प्रयोग से निम्नलिखित समय में दूर होती जाती हैं।

- मधुमेह एक माह के लगभग। ● उच्च रक्तचाप एक माह के लगभग।
- गैस दो सप्ताह के लगभग। ● टी.बी. छः माह के लगभग। ● कब्जीयत- दो सप्ताह के लगभग।

# सावधान रहें ताजातरीन सब्जियों से

**यूं तो हम हर रोज तरह-तरह की सब्जियां खाते हैं लेकिन वे ताजा होती हैं इस बारे में कुछ भी कहना मुश्किल है। हर रोज सामने आ रही बीमारियों के पीछे कहीं न कहीं एक कारण यह भी है कि आज इंसान को शुद्ध और ताजा आहार नसीब नहीं हो पा रहा। मिलावट और रसायन संरक्षण से सब्जियां भी अछूती नहीं हैं।**



सब्जी विक्रेता आज या तो रसायन में संरक्षित कर रखी गई सब्जियां बेचते हैं या फिर मुनाफे के चक्कर में लौकी जैसी सब्जियों का आकार बढ़ाने के लिए उनमें ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन लगा देते हैं। आहार विशेषज्ञ का कहना है कि लोगों को अपने आहार में ताजा सब्जियों का इस्तेमाल करना चाहिए और ऐसी सब्जियों के सेवन से बचना चाहिए जो बहुत दिनों से संरक्षित कर रखी गई हों। ताजा सब्जियां जहां खाने में स्वादिष्ट और पौष्टिक होती हैं वहीं उनमें विटामिन काबोहाइड्रेट और प्रोटीन जैसे पोषक तत्व भी प्रचूर मात्रा में होते हैं लेकिन सावधानी यह जरूरी है कि सब्जियां सचमुच ताजा हो न कि उन्हें इंजेक्शन से ताजा बनाया गया हो। बाजार से सब्जियां खरीदते समय बहुत सतर्क रहने की जरूरत है। यदि ऐसी सब्जी खरीद ली जाती है, जिसका आकार बढ़ाने के लिए या चमकदार दिखाने के लिए किसी रसायन का इस्तेमाल किया गया हो तो इससे पेट में अल्सर अम्लता और गैस बनने जैसी समस्याएं पैदा हो सकती हैं। सब्जियों को संरक्षित कर रख दिए जाने

स`
उनके पोषक तत्वों में कमी आ जाती है, जो स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद नहीं हैं। ऐसा नहीं होना चाहिए कि एक बार सब्जी बनाने के बाद उसे बार-बार गर्म करके रात तक इस्तेमाल किया जाता रहे। ऐसा करने से उसके पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं और शरीर को कोई फायदा नहीं पहुंचता। एक बार सब्जी बनाने के बाद उसे कुछ घंटों के भीतर ही इस्तेमाल कर लेना चाहिए। सब्जी को फ्रिज में रख देने का मतलब यह नहीं है कि वह जरा भी खराब नहीं होगी। फ्रिज में रखी सब्जी को भी छह-सात घंटे के भीतर इस्तेमाल कर लेना चाहिए। इसके बाद उसके पोषक तत्वों में ह्रास होने लगता है।



# सिर्फ 5 आहार ठंड में रखे सदाबहार

**सर्द मौसम में व्यायाम करके अपने शरीर को गर्म व ऊर्जावान बनाए रखने के साथ ही अपने भोजन में ऐसी चीजों को शामिल करना भी जरूरी हो गया है जिनकी कम मात्रा लेने पर भी शरीर को भरपूर कैलोरी मिले। पेश है 5 ऐसे आहार जो आपको सर्दियों में तरोताजा और स्वस्थ बनाएंगे।**

## सलाद

आपके सुबह व शाम के भोजन में सलाद के लिए एक सुरक्षित स्थान होना चाहिए। यदि आप कम कैलोरी और हाई फाइबर वाला फूड लेना चाहते हैं तो सलाद आपके लिए बेहतर विकल्प है। सलाद के लिए प्रयोग में आने वाली कच्ची सब्जियों व फलों में एंटी ऑक्सीडेंट, नेचुरल एंजाइम्स और फाइबर्स होते हैं जो शरीर के कोलेस्ट्रॉल को कम करने के साथ ही भोजन के पाचन में भी सहायक होते हैं। इससे आपका वजन भी नियंत्रित रहता है। यदि आप सेहत के प्रति जागरूक हैं तो आपको रोजाना कम से कम एक बड़ा कप हरी सलाद खानी चाहिए।

## छिलके वाली दालें

छिलके वाली दालों में प्रोटीन की भरपूर मात्रा होती है। प्रोटीन के साथ ही दालों में फोलिक एसिड, विटामिन ए, विटामिन बी आदि होता है। इनका रोजाना सेवन शरीर में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा को कम करता है जिससे आपका वजन नियंत्रित होता है।

## पीले व खट्टे फल

फलों में सबसे अधिक गुणकारी खट्टे फल होते हैं। पीले व नारंगी रंग के फलों में बीटा केरोटिन व एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं। खट्टे फल विटामिन सी, कैल्शियम, मिनरल, फाइबर्स आदि का प्रमुख स्रोत होते हैं जो शरीर के विकास के लिए उपयोगी होते हैं। नींबू में मौजूद पेक्टिन शरीर में जमा वसा को गलाता है और पाचन प्रक्रिया को भी धीमा करता है जिससे खाने के बाद भी लगने वाली भूख शांत होती है। खट्टे फलों का सेवन डाइबीटिज, कैंसर, एनीमिया, मोतियाबिंद, अस्थमा, किडनी में पथरी आदि रोगों में लाभदायक होता है। इन फलों को निरंतर सेवन से हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता में भी वृद्धि होती है।

## तरल, जूस व ड्रिंक

भोजन के पूर्व या पश्चात यदि आप तरल पदार्थ लेने के आदी हैं तो इस सर्द मौसम में भी आप छाछ, लस्सी, दही व फ्रूट जूस का सेवन कर सकते हैं। दही, छाछ व ताजे फलों का रस आपके शरीर के लिए गुणकारी होता है। खट्टे फलों में नींबू का रस वजन कम करने, डेंटल केयर, बुखार, रक्त शुद्धि आदि में सहायक होता है। भोजन के बाद ली जाने वाली छाछ में दूध की अपेक्षा फैट की मात्रा कम होती है। यदि हम लिक्विड में नारियल पानी की बात करें तो इसमें पोटेशियम की भरपूर मात्रा होती है, जो ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखने के साथ ही शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाता है। इसमें कार्बोहाइड्रेट, शर्करा व वसा की कम मात्रा होती है।

## अंकुरित अनाज

अंकुरित किए जाने से अनाज में पोषक तत्वों की मात्रा दुगुनी हो जाती है। चना, मूंग, सोयाबीन, मटर आदि को अंकुरित करके खाया जा सकता है। सर्दियों के मौसम में नाश्ते में अंकुरित अनाज को शामिल करना स्वास्थ्य के लिहाज से बेहतर है। भरपूर अंकुरित अनाज का सेवन आप सूप या सलाद के साथ भी कर सकते हैं। सुलभ, सस्ता, बनाने में आसान व पौष्टिक होने के कारण अंकुरित अनाज का सेवन आपके शरीर के लिए लाभदायक होता है। विटामिन, मिनरल्स, प्रोटीन, एंटी ऑक्सीडेंट आदि की भरपूर मात्रा होने के कारण अंकुरित अनाज हमारे भोजन के पाचन में भी सहायक होता है।


# ब्रेस्ट कैंसर से बचाता है विटामिन डी

ब्रिटेन के विशेषज्ञों का कहना है कि विटामिन डी के सेवन से स्तन कैंसर के खतरे को कम किया जा सकता है. लंदन की सर्जन एवं प्रो. केफाह मोकबेल के अनुसार इससे एक हजार जिंदगियां प्रतिवर्ष बचाई जा सकती हैं. वैसे तो धूप विटामिन डी का सबसे बड़ा स्रोत है. लेकिन महिलाएं अक्सर अपनी दिनचर्या में इससे महरूम हो जाती है. प्रो. मोकबेल का दावा है कि 20 साल की आयु के बाद महिलाएं को प्रतिदिन एक विटामिन डी की गोली का सेवन करना चाहिए. इसके सेवन से स्वस्थ्य महिलाओं में भी ब्रेस्ट कैंसर होने की आशंका काफी घट जाती है. महिलाओं में जरूरी विटामिन डी लेबल काफी उच्च स्तर का होता है. जो अक्सर कम हो जाता है. इसे मेंटेंन करके खतरे को कम किया जा सकता है.

अध्ययन के अनुसार इसका (विटामिन डी की गोलियों का) खर्च काफी कम है और लाभ काफी अधिक क्योंकि इससे बड़ी परेशानी की आशंका काफी कम हो जाती है. एक अध्ययन के अनुसार, ब्रिटेन में हर साल 50 हजार महिलाएं ब्रेस्ट कैंसर की चपेट में आ रही हैं. इसमें 1200 मौत के मुंह में चली जाती हैं. अध्ययन के अनुसार, वैसे तो विटामिन डी हड्डियों की मजबूती में अहम रोल अदा करता है. लेकिन अब यह भी माना जाता है कि विटामिन डी इम्यून सिस्टम और कोशिका विभाजन को नियंत्रित करने में भी लाभकारी है. यह दोनों कैंसर की रोक के अहम कारक हैं. अमेरिका के हार्वर्ड स्कूल और पब्लिक हेल्थ के अनुसार विटामिन डी की कमी से कई बड़ी बीमारियों जैसे ऑस्टियोपोरोसिस, ह्रदय रोग, फ्लू, कई प्रकार के कैंसर, टीबी और स्केरोसिस का खतरा बढ़ जाता है. विटामिन डी हड्डियों की मजबूती में अहम रोल अदा करता है यह इम्यून सिस्टम और कोशिका विभाजन को नियंत्रित करने में लाभकारी हेल्थ फैक्ट्स है.



# जरा संभलकर मम्मी टू बी...



**गर्भावस्था के दौरान जरा सी असावधानी बरतने पर आपको कमर दर्द संबंधी समस्या उत्पन्न हो सकती है। इससे बचने के लिए आइए जानते हैं क्या करें और क्या न करें**

## ऐसा न करें

- भारी वस्तुएं न उठाएं। ● कमर को झुकाएं नहीं।
- उल्टे-सीधे तरीके से न लेटें। ● जगने पर बिस्तर से झटके में न उठें।
- ज्यादा देर के लिए हाई हील न पहनें।
- कंधे पर भारी बैग लटकाकर न चलें।
- हर काम अपने सिर पर लेने की कोशिश न करें।

## ऐसा करें

- भारी वस्तुएं उठाने के लिए अपने पति या अपने किसी खास से कहें।
- कमर झुकाने के बजाय घुटनों के बल बैठें और अपनी कमर सीधी रखें।
- अपनी स्पाइन को सीधा रखने के लिए जिस करवट लेटी हैं उस तरफ घुटनों के बीच में एक तकिया जरूर रखें।
- नींद से उठने पर पहले करवट लें। फिर अपने हाथों का सहारा लेकर बैठ जाएं।
- हाई हील के स्थान पर लो हील और फ्लैट जूते-चप्पल का ही इस्तेमाल करें। इससे आपकी पेल्विस और पीठ सीधी रहेगी।
- भारी बैग के बजाय बैक पैक का इस्तेमाल करें।
- जितना संभव हो घर के कामों की जिम्मेदारियां परिवार के सदस्यों को सौंपें। आपके साथ ही आने वाले नन्हें मेहमान को भी तो सुकून चाहिए।

# जब झुंझुनू से चुनाव हार गए थे उद्योगपति कृष्ण कुमार बिड़ला



करण कुमार सिंह, स्वतंत्र पत्रकार

पिलानी के रहने वाले बड़े उद्योगपति घनश्याम दास बिड़ला के सुपुत्र कृष्ण कुमार बिड़ला का उस समय देश के उद्योग जगत में एक बड़ा नाम होता था। लाखों की संख्या में लोग बिड़ला घराने के औद्योगिक संस्थानों में काम करते थे। हरियाणा सीमा पर स्थित राजस्थान का झुंझुनू जिला एक तरफ जहां पूरे देश में सैनिकों के लिए जाना जाता है। वहीं दूसरी तरफ देश के बहुत से बड़े-बड़े उद्योगपति भी झुंझुनू जिले के रहने वाले हैं। हालांकि सभी बड़े उद्योगपति झुंझुनू जिले से बाहर जाकर अपना व्यवसाय बढ़ा कर उद्योग जगत में अपना नाम कमाया है। मगर कई बार औद्योगिक घरानो के परिवार के सदस्य अक्सर झुंझुनू आते रहते हैं। इसी तरह भारतीय सेना में देश में किसी एक जिले से सबसे अधिक सैनिक झुंझुनू जिले के जवान है। वही देश में सबसे अधिक शहीद भी झुंझुनू जिले के सैनिक हुए हैं।

देश में लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। सभी जगह चुनावी चचाएं जोरों से चल रही है। झुंझुनू जिले में 1971 का लोकसभा चुनाव पूरे देश में चर्चित रहा था। उस समय देश के सबसे बड़े उद्योगपतियों में शुमार बिड़ला घराने के कृष्ण कुमार बिड़ला स्वतंत्र पार्टी से झुंझुनू लोकसभा क्षेत्र से चुनाव मैदान में उतरे थे। उनके सामने कांग्रेस पार्टी ने एक साधारण किसान के घर जन्मे शिवनाथ सिंह गिल को चुनाव मैदान में उतारा था। पिलानी के रहने वाले बड़े उद्योगपति घनश्याम दास बिड़ला के सुपुत्र कृष्ण कुमार बिड़ला का उस समय देश के उद्योग जगत में एक बड़ा नाम होता था। लाखों की संख्या में लोग बिड़ला घराने के औद्योगिक संस्थानों में काम करते थे। दूसरी तरफ बैंकों के राष्ट्रीयकरण व पाकिस्तान युद्ध में मिली जीत के बाद प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की देशभर में हवा चल रही थी। उस समय देश में इंदिरा गांधी आई है, नई रोशनी लाई है नारा बहुत चर्चित हुआ था। उस नारे की बदौलत देश में कांग्रेस की ऐसी हवा चली थी कि विपक्ष के कई बड़े धुरंधर नेता चुनाव हार गए थे। इंदिरा गांधी ने बिड़ला घराने के कृष्ण कुमार बिड़ला को हराने के लिए जिले के धमोरा गांव के शिवनाथ सिंह गिल को चुनाव मैदान में उतार दिया था। उस समय शिवनाथ सिंह गिल गुढ़ा क्षेत्र से कांग्रेस के विधायक थे। चुनाव में एक तरफ देश के सबसे धनवान प्रत्याशी थे तो दूसरी तरफ कांग्रेस के एक साधारण किसान चुनाव लड़ रहा था। उस वक्त के चुनाव में धनवान बनाम किसान का नारा लगा था। स्वतंत्र पार्टी के प्रत्याशी कृष्ण कुमार बिड़ला ने अपने कल कारखानों में कार्यरत झुंझुनू जिले के सभी लोगों को चुनाव प्रचार के लिए झुंझुनू भेज दिया था। बिड़ला की ओर से बड़े भव्य तरीके से चुनाव लड़ा जा रहा था तथा जमकर पैसा खर्च किया जा रहा था। वहीं दूसरी तरफ शिवनाथ सिंह गिल सामान्य प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे थे।



जब चुनाव नतीजे आए तो सभी राजनीतिक पर्यवेक्षक दंग रह गए। बड़े-बड़े राजनीतिक भविष्यवक्ताओं की भविष्यवाणी फेल हो गई। देश के सबसे बड़े उद्योगपति परिवार के कृष्ण कुमार बिड़ला को कांग्रेस के एक किसान परिवार के प्रत्याशी शिवनाथ सिंह गिल ने 98949 वोटो के अंतर से चुनाव हार दिया था। उस चुनाव में कांग्रेस के शिवनाथ सिंह गिल को 223286 यानी 59.79 प्रतिशत वोट मिले थे। वहीं स्वतंत्र पार्टी के कृष्ण कुमार बिड़ला को 124337 यानी 33.30 प्रतिशत वोट मिले थे। कामरेड घासीराम को 9548 वोट, हणुताराम को 5073 वोट, बलदेव प्रसाद को 3143 वोट, दुलाराम को 3013 वोट, महादेव प्रसाद को 2113 वोट, बृजमोहन को 1801 वोट, तारावती को 1113 वोट मिले थे। उस चुनाव में मुल 9 प्रत्याशी खड़े हुए थे। मगर मुख्य मुकाबला कृष्ण कुमार बिड़ला व शिवनाथ सिंह गिल के बीच ही हुआ था। लोकसभा चुनाव में हारने के बाद बिड़ला परिवार का झुंझुनू जिले से मोह भंग हो गया और उन्होंने अपनी जन्म भूमि पिलानी में एक शैक्षणिक संस्थान बिड़ला प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान (बिट्स) के अलावा और कोई भी ऐसा काम नहीं किया जो जिले की जनता के काम आ सके। हालांकि बाद में कृष्ण कुमार बिड़ला कांग्रेस के टिकट पर 1984 से 2002 तक लगातार 18 वर्षों तक राज्यसभा सदस्य रहे। बाद में कृष्ण कुमार बिरला की बेटी व हिंदुस्तान टाईम्स अखबार की अध्यक्ष शोभना भरतीया भी एक बार कांग्रेस के टिकट पर राजस्थान से राज्यसभा सदस्य रह चुकी है।

कहते हैं कि उस चुनाव में बिड़ला परिवार ने अपने यहां काम करने वाले लोगों को चुनाव प्रचार के लिए झुंझुनू भेज दिया था और बिड़ला परिवार के बड़े-बड़े मैनेजर अलग-अलग विधानसभा चुनाव के प्रभारी बनाए गए थे। जब वह अपने समर्थन में आए हुए लोगों से चुनाव के दौरान चुनाव की स्थिति पूछते थे तो सभी लोग कहते थे कि बाबू बारह आना यानी की 12 आने में बाबू है बाकी में शिवनाथ सिंह गिल है। मगर जब बिड़ला परिवार की चुनाव में हार हो गई तो लोगों ने एक जुमला बना लिया कि बाबू बिड़ला तो पहले ही बारह आना थे। यानी कि पहले ही उनके भाव खराब थे। उस समय बाबू बारह आना बहुत चर्चित हुआ था। पुराने लोग बताते हैं कि चुनाव के दौरान बिड़ला परिवार ने लोगों से वायदा किया था कि यदि कृष्ण कुमार बिड़ला चुनाव जीतते हैं तो जिले में ऐसे बड़े उद्योग धंधों की स्थापना की जाएगी जिससे आने वाले समय में लोगों को रोजगार मिलेगा। मगर बिड़ला परिवार की हार के बाद उन्होंने जिले के विकास में कोई रुचि नहीं ली। 1971 में बिड़ला को भारी मतों से हराने वाले शिवनाथ सिंह गिल भी 1977 के लोकसभा चुनाव में जनता पार्टी की लहर में कन्हैयालाल महला से सवा लाख से ज्यादा मतों से चुनाव हार गए थे।

## आज का राशिफल



स्वामी रत्नेश जी
भारत ज्योतिष शिरोमणि,
नई दिल्ली ।

**मेष राशि :-** शारीरिक बीमारी के सही होनी की काफी संभावनाएँ हैं और इसके चलते आप शीघ्र ही खेल-कूद में हिस्सा ले सकते हैं. आज घर से बाहर बड़ों का आशीर्वाद लेकर निकलें इससे आपको धन लाभ हो सकता है. आपके जीवन-साथी की सेहत चिंता का सबब बन सकती है और उसे चिकित्सकीय देखरेख की जरूरत है. आप साथ में कहीं घूमने-फिरने जाकर अपने प्रेम-जीवन में नयी ऊर्जा का संचार कर सकते हैं.

**वृषभ राशि :-** आपमें आज चुस्ती-फुर्ती देखी जा सकती है. आपका स्वास्थ्य आज पूरी तरह से आपका साथ देगा. विदेशों में पड़ी आपकी जमीन आज अच्छे दामों में बिक सकती है जिससे आपको मुनाफा होगा. आपके जीवन-साथी की सेहत चिंता का सबब बन सकती है और उसे चिकित्सकीय देखरेख की जरूरत है. रोमांस के लिहाज से रोमांचक दिन है. शाम के लिए कोई खास योजना बनाएँ और जितना हो सके, इसे उतना रुमानी बनाने की कोशिश करें.

**मिथुन राशि :-** आप जल्द ही लम्बे समय से चली आ रही बीमारी से उबरकर पूरी तरह सेहतमंद हो सकते हैं. लेकिन ऐसे खुदगर्ज और गुस्सैल इंसान से बचें, जो आपको तनाव दे सकता है और आपकी परेशानियों में इजाफा कर सकता है. जो लोग शेयर बाजार में पैसा लगाते हैं आज उनका पैसा डूब सकता है. वक्त रहते सचेत हो जाएं तो आपके लिए बेहतर रहेगा. जिन्हें भावनात्मक संबल की जरूरत है, वे पाएंगे कि बड़े मदद के लिए आगे आ रहे हैं.

**कर्क राशि :-** स्वयं को शांत बनाए रखें क्योंकि आज आपको ऐसी कई बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है, जिनके चलते आप काफी मुश्किल में पड़ सकते हैं. खास तौर पर अपने गुस्से पर काबू रखें, क्योंकि यह और कुछ नहीं बल्कि थोड़ी देर पागलपन है. धन की आवाजाही आज दिन भर होती रहेगी और दिन ढलने के बाद आप बचत करने में भी सक्षम हो पाएंगे.

**सिंह राशि :-** आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा. कई लोग आपकी खासी तारीफ कर सकते हैं. धन की आवश्यकता कभी भी पड़ सकती है इसलिए आज जितना हो अपने पैसे की बचत करने का विचार बनाएं. परिवार के सदस्यों की जरूरतों को तरजीह दें. उनके सुख-दुःख के भागीदार बनें, ताकि उन्हें महसूस हो कि आप वाकई उनका खयाल रखते हैं. आज आप अपने दोस्त की महक उसकी अनुपस्थिति में महसूस करेंगे.

**कन्या राशि :-** अपनी शारीरिक चुस्ती-फुर्ती को बनाए रखने के लिए आप आज का दिन खेलने में व्यतीत कर सकते हैं. जिन लोगों ने कहीं निवेश किया था आज के दिन आपको आर्थिक हानि होने की संभावना है. अपनी महत्वाकांक्षाओं को ऐसे बड़ों के साथ बांटें, जो आपकी सहायता कर सकते हैं. रोमांस के नजरिए से आज जिन्दगी बहुत जटिल रहेगी. आज किए गए निवेश काफी फायदेमन्द साबित होंगे, लेकिन आपको भागीदारों से विरोध का सामना करना पड़ सकता है.

**तुला राशि :-** दूसरों की इच्छाएँ आपकी अपना खयाल रखने की इच्छा से टकराएगी- अपने जज्बात को बांधे नहीं और वे काम करें जिससे आपको सुकून मिले. जमीन या किसी प्रॉपर्टी में निवेश करना आज आपके लिए घातक हो सकता है जितना हो सके इन चीजों में निवेश करने से बचें. आपमें से कुछ गहने या घरेलू सामान खरीद सकते हैं. सावधान रहें, क्योंकि कोई आपकी छवि धूमिल करने की कोशिश कर सकता है.

**वृश्चिक राशि :-** मित्रों या परिवार के सदस्यों के साथ मौज-मस्ती भरी यात्रा आपको सुकून देगी. आपने बीते समय में बहुत पैसा खर्च किया है जिसका खामियाजा आज आपको भुगतना पड़ सकता है. आज आपको पैसों की जरुरत होगी लेकिन वो आपको मिल नहीं पाएगा. दोस्तों का साथ राहत देगा. अपने प्रिय की गैर-जरूरी भावनात्मक मांगों के सामने घुटने न टेकें. नयी साझीदारी आज के दिन फलदायी रहेगी.

**धनु राशि :-** खयाली पुलाव पकाने में वक़्त जाया न करें. सार्थक कामों में लगाने के लिए अपनी ऊर्जा बचाकर रखें. आज किया गया निवेश आपकी समृद्धि और आर्थिक सुरक्षा में इजाफा करेगा. किसी नजदीकी रिश्तेदार या मित्र की तरफ से मिली अच्छी खबर के साथ दिन की शुरूआत होगी. प्यार का भरपूर लुत्फ मिल सकता है. आपके पास आज अपनी क्षमताओं को दिखाने के मौके होंगे. अगर आप शादीशुदा हैं और आपके बच्चे भी हैं तो वो आज आपसे शिकायत कर सकते हैं।

**मकर राशि :-** स्वास्थ्य के लिहाज से बहुत अच्छा दिन है. आपकी खुशमिजाजी ही आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी करेगी. कोई पुराना मित्र आज आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है और यदि आप उसकी आर्थिक मदद करते हैं तो आपके आर्थिक हालात थोड़े तंग हो सकते हैं. अपना कीमती वक़्त अपने बच्चों के साथ गुजारें. यह सबसे बेहतर मरहम है. वे कभी न खत्म होने वाली खुशियों का स्रोत साबित होंगे.

**कुम्भ राशि :-** नियमित व्यायाम के माध्यम से वजन को नियन्त्रित रखें. खर्चों में हुई अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी आपके मन की शांति को भंग करेगी. कुछ लोगों के लिए- परिवार में किसी नए का आना जश्न और उल्लास के पल लेकर आएगा. अनपेक्षित रोमांटिक आकर्षण की संभावना है. मशहूर लोगों से मेलजोल आपको नई योजनाएँ और आइडिया सुझाएगा. दिन को कैसे अच्छा बनाया जाए इसके लिए आपको अपने लिए भी समय निकालना सीखना होगा.

**मीन राशि :-** आपका सकारात्मक रुख आपके आसपास के लोगों को प्रभावित करेगा. अतिरिक्त धन को रिअल एस्टेट में निवेश किया जा सकता है. शाम को रसोई के लिए जरूरी चीजों की खरीदारी आपको व्यस्त रखेगी. कई लोगों के लिए आज की रोमांटिक शाम खूबसूरत तोहफों और फूलों से भरपूर रहेगी. कार्यक्षेत्र के नजरिए से आज का दिन आपका है. इसका भरपूर फायदा उठाएँ. आज आप खुद को लोगों के ध्यान के केंद्र में पाएंगे, जब कोई आपके सहयोग की वजह से पुरस्कृत होगा।

# दिल्ली की चुनावी जंग में कौन सत्ता का ताज पहनेगा?

दिल्ली में भाजपा के लिए यह चुनाव चुनौतीपूर्ण होने के साथ संघर्षपूर्ण भी है। 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों में, जहां पार्टी को शानदार प्रदर्शन की उम्मीद थी, उसे आम आदमी पार्टी से हार का सामना करना पड़ा। दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों के लिए फरवरी 2025 या उससे पहले चुनाव होने की संभावनाओं को देखते हुए राजनीतिक हलचलें एवं सरगर्मियां उग्र हो गयी है। इस बार के चुनाव में आम आदमी पार्टी लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटने की तैयारी में जुट गई है। वहीं, भाजपा और कांग्रेस इस बार सत्ता में वापसी की तैयारी में जुटी है। भाजपा दिल्ली विधानसभा चुनाव दूसरे प्रांतों की ही भांति बिना किसी मुख्यमंत्री चेहरे के लड़ने का मन बना चुकी है और केंद्र सरकार की योजनाओं को जनता के बीच रखेगी। पार्टी का मानना है कि लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व से प्रभावित हो सकते हैं। दिल्ली में भाजपा के पास एक से एक मजबूत नेता हैं, लेकिन इनमें से कोई भी नेता मुख्यमंत्री के रूप में पार्टी के लिए पेश नहीं किया जा रहा है। भाजपा दिल्ली में अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए नए तरीके से चुनावी तैयारियों में जुट चुकी है, वही कांग्रेस अपनी खोयी जमीन को हासिल करने के लिये जद्दोजहद करती हुई दिखाई दे रही है। निश्चित ही इस बार का दिल्ली चुनाव आक्रामक एवं संघर्षपूर्ण त्रिकोणात्मक होगा। आप, कांग्रेस एवं भाजपा की चुनावी जंग में कौन सत्ता का ताज पहनेगा, यह भविष्य के गर्भ है।

दिल्ली में भाजपा के लिए यह चुनाव चुनौतीपूर्ण होने के साथ संघर्षपूर्ण भी है। 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों में, जहां पार्टी को शानदार प्रदर्शन की उम्मीद थी, उसे आम आदमी पार्टी से हार का सामना करना पड़ा। तब भाजपा को दिल्ली में मुख्यमंत्री का चेहरा प्रस्तुत करने से कोई बड़ा लाभ नहीं हुआ। इसके बजाए, भाजपा अब चुनावी रणनीतियों में बदलाव कर रही है और अपनी शक्ति को पार्टी संगठन और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उनकी लोककल्याणकारी योजनाओं के बल पर मजबूत करने का प्रयास कर रही है। यही कारण है कि दिल्ली भाजपा आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में केंद्र सरकार के काम और योजनाओं को जनता के बीच रखेगी। पार्टी के रणनीतिकारों का मानना है कि दिल्ली के लोग इससे ज्यादा प्रभावित हो सकते हैं, खासकर जब बात विकास, सुरक्षा, चिकित्सा और शिक्षा जैसे मुद्दों की हो। अगर भाजपा बिना किसी प्रमुख चेहरे के चुनाव लड़ती है तो यह असमंजस की स्थिति बनने की संभावनाएं तो पैदा कर ही सकती हैं। दूसरी ओर, यह फैसला एक रणनीतिक कदम हो सकता है, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिष्ठा का इस्तेमाल करके अन्य प्रांतों की भांति दिल्ली में भी चमत्कार घटित हो सकता है।

भाजपा ने यह भी तय किया है कि दिल्ली की जनता को बताया जाएगा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उनके साथ वादाखिलाफी की है, वे बेहतर





स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा और सड़कों की स्थिति में सुधार का वादा करके उन्हें जर्जर करते रहे हैं। भाजपा का मानना है कि मोदी सरकार की योजनाएं देशभर में सफलता प्राप्त कर रही हैं और इन्हें दिल्ली में लागू किया जाएगा। भाजपा को दिल्ली में हमेशा मिडिल और हाई मिडिल क्लास के लोगों की पार्टी माना जाता है। इसमें व्यापारिक समुदाय इसके कट्टर समर्थक हैं। लेकिन इस बार निचले तबको एवं गरीब लोगों के बीच उसे प्रभावी प्रयास करने होंगे। यह तो दिखता हुआ सच है कि दिल्ली में आप शासन में विकास अवरूद्ध हुआ है, पर्यावरण की समस्या उग्रतर हुई है, आप नेताओं पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे एवं उनके नेता जेल यात्राएं की है। ऐसे अनेक गंभीर आरोपों के साथ भाजपा आप और उसके नेताओं पर आक्रमक होकर चुनावी परिदृश्यों को बदल सकती है।

भाजपा ने कमर कस ली है और उसके नेता लगातार जनता के बीच जाकर बदलाव की अपील कर रहे है। इसके तहत इन दिनों जहां परिवर्तन सभाओं का आयोजन किया जा रहा है, वहीं अगले हफ्ते से पूरी दिल्ली में परिवर्तन यात्राएं भी निकाली जाएंगी। इन यात्राओं के माध्यम से आम मतदाताओं से निजी तौर पर मिलते हुए, उनसे बात करते हुए उनको पार्टी के साथ जोड़ा जायेगा। उनके दुःख-दर्द को सुना जायेगा। भाजपा का इतिहास रहा है कि वह आम जन तक पहुंचने के लिए ऐसी यात्राएं निकालती रही है एवं व्यक्तिगत संवाद स्थापित करती रही है। भाजपा नेता सतीश उपाध्याय ने कहा कि दिल्ली में एक भ्रष्ट सरकार चल रही है लेकिन अब तो रंगदारी, वसूली, फिरौती और आम नागरिकों के बीच डर पैदा करने की भी कोशिश की जा रही है। इसके चलते दिल्ली की जनता अब सत्ता परिवर्तन के मूड में है और देशविरोधी मानसिकता वाली सरकार को इस बार विधानसभा से उखाड़ फेंकने का मन बना चुकी है। देखना है कि भाजपा के इन आरोपों का जनता पर कितना असर होता है। निश्चित ही दिल्ली में आम आदमी पार्टी की जमीन अभी भी मजबूत है। इसीलिये 2025 के चुनाव कांग्रेस एवं भाजपा के लिये चुनौतीपूर्ण होने वाले है। 2020 में हुआ विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने 62 सीटें जीती थीं। वहीं भाजपा को महज 8 सीटों पर जीत मिली थी। कांग्रेस का लगातार दूसरी बार दिल्ली से सफाया हो गया था। इस बार के चुनाव से पहले अरविंद केजरीवाल ने अपने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है।

# सत्ता और चुनौतियां

हिमाचल प्रदेश में आखिरकार मुख्यमंत्री पद को लेकर मचा घमासान थम गया और सुखविंदर सिंह सुक्खू को इसकी जिम्मेदारी सौंप दी गई। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू। वहां चुनाव नतीजे आने के तुरंत बाद जिस तरह से मुख्यमंत्री पद के लिए जोर आजमाइश शुरू हो गई थी, उससे लगा था कि पार्टी में दरार आ सकती है। पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत वीरभद्र सिंह की पत्नी प्रतिभा सिंह के समर्थक उन्हें मुख्यमंत्री बनाने की मांग कर रहे थे। धमकियां भी दी जाने लगी थीं कि अगर उन्हें मुख्यमंत्री नहीं बनाया गया, तो उनके समर्थक विधायक पार्टी छोड़ने का फैसला कर सकते हैं।

मगर इसमें कई तकनीकी, व्यावहारिक और रणनीतिक दिक्कतें थीं। पहली बात तो यह कि वे विधायक नहीं हैं, मंडी लोकसभा सीट से सांसद हैं। उन्हें मुख्यमंत्री बनाने का मतलब था कि एक संसदीय सीट और एक विधानसभा सीट पर उपचुनाव कराने पड़ते। फिर सरकार चलाने के लिए केवल विरासत काम नहीं आती, उसके लिए नेतृत्व का गुण और सबको साथ लेकर चलने का कौशल भी होना चाहिए। दूसरी दावेदारी वहां के वरिष्ठ नेता मुकेश अग्निहोत्री की भी चल रही थी। मगर पार्टी आलाकमान ने बहुत सलीके से इस पेचीदगी को सुलझाया और सुखविंदर सिंह सुक्खू को मुख्यमंत्री और मुकेश अग्निहोत्री को उपमुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी सौंप कर संतुलन साधने का प्रयास किया। एक स्वस्थ लोकतंत्र में राजनीतिक नेतृत्व की दावेदारी अच्छी बात है। मगर आजकल जिस तरह भारतीय राजनीति का मिजाज बदलता गया है, उसमें इस तरह राजनेताओं की जोर आजमाइश को पार्टी में अनुशासन की कमी माना जाने लगा है। इसका फायदा प्रतिद्वंद्वी पार्टियां उठाती देखी जाती हैं। इसलिए हिमाचल में मुख्यमंत्री पद को लेकर चले संघर्ष से स्वाभाविक ही पार्टी में टूट और बिखराव की आशंकाएं पैदा हुईं।

हालांकि वहां लोकतंत्र के लिए एक अच्छी मिसाल यह भी देखी गई कि विधायकों ने खुद हिमाचल से बाहर जाकर नहीं, बल्कि वहीं रह कर मामले को निपटाने पर जोर दिया और केंद्रीय नेतृत्व पर भरोसा जताया। शपथ ग्रहण के बाद दोनों नेताओं ने साथ मिल कर हिमाचल की बेहतरी के लिए काम करने का संकल्प दोहराया। हालांकि वहां के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री में राजनीतिक तालमेल का अभाव और वर्चस्व की लड़ाई कभी देखी नहीं गई, जिसके आधार पर आने वाले दिनों में किसी तरह की आशंका जताई जा सके। उपमुख्यमंत्री पद वीरभद्र सिंह के करीबी रहे मुकेश अग्निहोत्री को देकर एक तरह प्रतिभा सिंह को भी संतुष्ट किया गया है। मगर राजनीति में चुनौतियां कभी खत्म नहीं होतीं। हिमाचल की नई सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती होगी उन वादों को पूरा करना, जो चुनावी घोषणापत्र में कांग्रेस ने किए थे। पुरानी पेंशन योजना लागू करना, फल उत्पादकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना, उनकी उपज की वाजिब कीमत दिलाना और नई नौकरियां देना बड़ी चुनौती हैं। जिन राज्यों का मिजाज बारी-बारी से सरकार बदलने का होता है, वहां सरकारों के सामने बेहतर प्रदर्शन की चुनौतियां हमेशा बनी रहती हैं। ऐसे में चुनाव के वक्त कांग्रेस ने जो वादे किए हैं, उन्हें पूरा नहीं किया गया, तो विरोध के स्वर फूटने शुरू हो जाएंगे। पुरानी पेंशन योजना लागू करने का वादा पूरा करने के लिए सबसे पहले सरकार को आवश्यक धन की व्यवस्था करनी होगी। फिर नए रोजगार का सृजन बड़ी चुनौती है।

# उत्साह का निवेश

अर्थव्यवस्था को अपेक्षित गति में लौटा लाने के लिए मंद पड़े क्षेत्रों में निवेश पर जोर दिया जाता रहा है। कोरोना की वजह से लंबे समय तक बंदी रहने की वजह से कई क्षेत्रों में अभी तक कारोबारी रफ्तार नहीं लौट पाई है। इसकी वजह से रोजगार सृजन में भी दिक्कतें पैदा हो रही हैं। निर्माण यानी आवासीय परियोजनाओं में भी सुस्ती होने की वजह से अर्थव्यवस्था पर बुरा असर पड़ रहा है। हालांकि कोरोना से पहले ही बेनामी संपत्तियों के खिलाफ कड़ाई, भवन निर्माण सामग्री की कीमतें बढ़ने आदि के चलते आवासीय परियोजनाओं में सुस्ती आ गई थी। बहुत सारी परियोजनाएं लटक गई थीं। कोरोना की बंदी से उस पर दोहरी मार पड़ी। तब सरकार ने घोषणा की थी कि लटकी हुई आवासीय परियोजनाओं को पूरा करने के लिए वह दस हजार करोड़ रुपए का एक कोष बनाएगी और उसमें पैसे डाले जाएंगे। इसके पहले चरण में पांच हजार करोड़ रुपए डाले गए थे, जिससे अटकी हुई परियोजनाओं को कुछ गति मिल सकी थी। अब इस कोष में बाकी के पांच हजार करोड़ रुपए डाल दिए गए हैं। इससे स्वाभाविक ही आवासीय परियोजनाओं से जुड़े उद्योग में उत्साह बना है। निर्माण के क्षेत्र में रोजगार सृजन की बड़ी संभावना होती है। इसलिए जब इस क्षेत्र में मंदी आती है, तो बहुत सारे निर्माण मजदूरों और दूसरे कामों से जुड़े लोगों के सामने रोजगार का संकट पैदा हो जाता है। इसका असर स्वाभाविक रूप से अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। अब अटकी पड़ी आवासीय परियोजनाओं को गति मिलने से एक तरफ जहां बहुत सारे लोगों के लिए रोजगार के अवसर फिर से खुलेंगे, वहीं उन निवेशकों को भी राहत मिलेगी, जिन्होंने बैंकों से कर्ज लेकर वर्षों से आशियाने का सपना संजो रखा है।

महंगाई रोकने के मकसद से जिस तरह थोड़े-थोड़े अंतराल पर बढ़ोतरी कर रेपो रेट में करीब ढाई फीसद का इजाफा किया जा चुका है, उससे उन लोगों पर सबसे अधिक बोझ पड़ रहा है, जिन्होंने बैंकों से आवास के लिए कर्ज ले रखा है। एक तो उन्हें समय पर घर न मिल पाने की वजह से किराए के घर में रहना पड़ रहा है, दूसरे बैंक की किस्त अधिक चुकानी पड़ रही है। इसके अलावा आवासीय परियोजनाएं जैसे-जैसे लटकती जाती हैं, उनके निर्माण का खर्च भी बढ़ता जाता है। इस तरह खरीदार को शुरूआती तय कीमत से अधिक कीमत चुकानी पड़ जाती है।

अच्छी बात है कि सरकार ने रुकी हुई आवासीय परियोजनाओं को पूरा कराने के लिए पूंजी उपलब्ध कराई है। अभी यह वित्तीय मदद एक सौ सत्ताईस अटकी हुई परियोजनाओं को मुहैया कराई जा रही है। स्वाभाविक ही इन परियोजनाओं का संचालन कर रही कंपनियों को काफी राहत मिल सकेगी, क्योंकि पूंजी के अभाव में वे अपने काम को आगे नहीं बढ़ा पा रही थीं। इसके बाद दो सौ छियासी अन्य परियोजनाओं का भी आकलन किया जा रहा है, जिन्हें वित्तीय मदद की जरूरत है। इसके लिए निजी और सार्वजनिक, सभी तरह के बैंकों को आगे बढ़ने को कहा गया है। हालांकि यह कोई पहला क्षेत्र नहीं है, जिसमें वित्तीय मदद के लिए सरकार ने बैंकों को प्रोत्साहन दिया है। कोरोना के बाद बड़े उद्योगों और एमएसएमई को भी इसी तरह का राहत प्रस्ताव दिया गया था, मगर उन्हें कारोबार में तेजी नजर नहीं आई, इसलिए वे उस प्रस्ताव का लाभ उठाने को आगे नहीं आए। आवासीय परियोजनाओं के मामले में भी ऐसा न हो, इसके लिए ध्यान रखना होगा।



## आरजेडी विधायक को

# जदयू में शामिल होने का ऑफर

### अशोक चौधरी बोले: पहले भी बुलाया था, तेजप्रताप के बयान पर फूट-फूटकर रोए थे मुकेश रौशन

**पटना।** बिहार सरकार में मंत्री अशोक चौधरी ने आरजेडी विधायक मुकेश रोशन को जदयू में शामिल होने का ऑफर दिया है। अशोक चौधरी ने कहा, 'पहले भी मुकेश रोशन को जदयू में आने के लिए कहा गया था, लेकिन नहीं आए, पता नहीं कहां गड़बड़ा गए। तेजप्रताप के महुआ से चुनाव लड़ने पर अशोक चौधरी ने कहा कि ये लोग कभी काम नहीं करते हैं। मुकेश रोशन महुआ से आरजेडी के विधायक हैं। पांच दिन पहले एक कार्यक्रम में तेजप्रताप यादव ने कहा था, महुआ में मैंने स्कूल, अस्पताल और सड़क जैसे कई विकास कार्य करवाए हैं। अगर महुआ की जनता चाहेगी तो मैं 2025 में यहीं से चुनाव लड़ूंगा। ये मेरा पुराना विधानसभा क्षेत्र है।' तेज प्रताप के इस बयान के बाद महुआ से वर्तमान आरजेडी विधायक मुकेश रोशन ने कहा, 'पार्टी का जो फैसला होगा, उसे मानूंगा।' उसके बाद वो बीच सड़क पर फूट-फूट कर रोने लगे थे।लालू परिवार पर निशाना



साधते हुए अशोक चौधरी ने कहा, 'ये लोग हर बार क्षेत्र बदल लेते हैं। 5 साल में भाग जाते हैं। काम तो कुछ करते नहीं हैं। जनता फिर पकड़कर सवाल पूछेगी। अब महुआ के विधायक समझेंगे। उनको पहले से कह रहे थे, आ जाइए, आ जाइए। अब उनको समझ में आएगा। हमारा बढ़िया उम्मीदवार है, उनको अब क्यों लेंगे।' पहले भी महुआ से चुनाव जीत चुके हैं तेजप्रताप तेजप्रताप यादव वर्तमान में समस्तीपुर के हसनपुर के विधायक हैं। महुआ सीट से 2015 में चुनाव जीते थे। उन्हें 66,927 वोट मिले थे। नीतीश कुमार की महागठबंधन सरकार में 2015 में तेजप्रताप यादव को स्वास्थ्य मंत्री का पद भी मिला था। 2020 का विधानसभा चुनाव हसनपुर से लड़ा था। वहीं, 2020 के चुनाव में महुआ से मुकेश रोशन आरजेडी के टिकट पर चुनाव जीते थे। मुकेश रोशन को 62,580 वोट मिले थे, जो तेज प्रताप यादव से 4,347 हजार कम थे।

## पंचायत सरकार भवन में शिफ्ट हुआ 34 डाक घर

**मोतिहारी।** में बिहार सरकार के निर्देश पर अब तक 34 डाक घर को पंचायत सरकार भवन में शिफ्ट किया जा चूका है। सरकार 35वां डाकघर को शिफ्ट करने कि तैयारी में जुटी है। दरअसल बिहार सरकार कि सोच है कि एक छत के नीचे लोगों को सभी सुविधा मिले। इसी को लेकर डाक विभाग लोगों तक सरल और सुलभ तरीके से अपने योजनाओं का लाभ देने के प्रयास में लगातार नए नए तरीके अपना रही है। इसी बीच बिहार सरकार ने निर्देश दिया कि पंचायत सरकार भवन में ही डाक शाखा का संचालन किया जाए। ताकि लोगों को एक छत के निचे सभी तरह का सुविधा मिल सके और उन्हें अलग अलग जगह नहीं जाना परे। पंचायत सरकार भवन में होगा डाक घर डाक



अधीक्षक आशुतोष आदित्य ने बताया कि बिहार सरकार के निर्देश पर 34 पंचायत सरकार भवन में डाक कार्यालय को शिफ्ट किया जा चूका है। 35वां डाक कार्यालय सुगौली प्रखंड के उत्तरी सूगांव में नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन में शिफ्ट किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बिहार सरकार के निर्देश पर ही जहां भी पंचायत सरकार भवन है, उसी में डाक घर को शिफ्ट किया जा रहा है।

## महिला जागरूकता अभियान की शुरूआत

**मोतिहारी।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के महिला संवाद यात्रा को लेकर मोतिहारी में महिला जागरूकता अभियान की शुरूआत की गई है। इस अभियान के तहत, मोतिहारी जिले की महिला थानाध्यक्ष प्रत्याशा कुमारी और प्रशिक्षु डीएसपी पूजा विश्वास की अगुआई में महिला जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से स्कूलों में जाकर छात्राओं को जागरूक किया जा रहा है। आज महिला जागरूकता टीम ने आर्य विद्यापीठ और एमएस मेमोरियल स्कूल का दौरा किया। यहां पुलिस की टीम ने छात्राओं को 'गुड टच' और 'बैड टच' के बारे में जानकारी दी और उन्हें अपने अधिकारों के बारे में बताया। इसके



साथ ही, बाल विवाह, दहेज प्रताड़ना, मद्य निषेध और पॉक्सो एक्ट कानून की जानकारी भी छात्राओं को दी गई। इसके अलावा, नशे के नुकसान और उससे बचने के उपायों के बारे में भी विस्तार से बताया गया। महिला थानाध्यक्ष प्रत्याशा कुमारी और केसरिया शक्ति बल की अपर प्रभारी संगीता कुमारी ने खासकर छात्राओं से अपील की कि वे खुद की सुरक्षा का ध्यान रखें। उन्होंने बताया कि 10 से 15 साल की उम्र में छात्राएं अक्सर भटक सकती हैं, ऐसे में उन्हें अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और किसी भी असुरक्षित स्थिति में तुरंत पुलिस से संपर्क करना चाहिए। महिला हेल्पलाइन नंबर और केसरिया शक्ति बल से संपर्क करने की जानकारी भी दी गई। अभियान के दौरान प्रशिक्षु डीएसपी पूजा विश्वास, महिला हेल्पलाइन प्रभारी रिया जायसवाल और अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। इस जागरूकता अभियान से छात्राओं को आत्मरक्षा और समाज में महिलाओं के अधिकारों को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी मिली, जो उनके भविष्य में सुरक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूक बनाने में मददगार साबित होगा।

## माइक्रोफाइनेंस कंपनी के प्रबंधक से 1.25 लाख की लूट

**सुपौल।** के जदिया थाना क्षेत्र के मानगंज से एक सनसनीखेज घटना सामने आई। भारत माइक्रोफाइनेंस लिमिटेड कंपनी के प्रबंधक इंद्रजीत कुमार(39) को दो अज्ञात अपराधियों ने गोली मार दी और उनसे करीब सवा लाख रुपए, टैब और अन्य सामान लूट लिया। घटना गुरुवार की देर शाम की बताई जा रही है। घायल इंद्रजीत मुंगेर जिले के आदर्श गांव के निवासी हैं और पिछले डेढ़ वर्षों से सुपौल जिले के पिपरा स्थित भारत माइक्रोफाइनेंस लिमिटेड कंपनी में प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं। घटना के तुरंत बाद डायल 112 की पुलिस टीम उन्हें त्रिवेणीगंज अनुमंडलीय अस्पताल लेकर पहुंची। डॉक्टर बीएन पासवान ने बताया कि पीड़ित के पैर में गोली लगी है। हालांकि, उनकी स्थिति फिलहाल स्थिर है और उन्हें खतरे से बाहर बताया गया है।



घटना में घायल शख्स को बेहतर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। ईएमआई की वसूली कर अपने कार्यालय लौट रहे थे घटना को लेकर बताया जा रहा है कि इंद्रजी चार महिला समूहों से लोन की ईएमआई वसूल कर अपने कार्यालय लौट रहे थे। नहर के किनारे बनी सड़क से गुजरते समय एक बाइक पर सवार दो अपराधियों ने उन्हें रोका। बातचीत से पहले ही अपराधियों ने उनके बाएं पैर में गोली मार दी और वसूली किए गए पैसे, कंपनी का टैब और अन्य सामान लूट लिया। अपराधियों ने उनकी बाइक भी छीन ली, लेकिन कुछ देर बाद उसे घटनास्थल पर ही छोड़ दिया। गोली मारकर पैसे और टैब लूटे पीड़ित ने बताया कि वह महिलाओं से वसूली कर लौट रहे थे, तभी यह हमला हुआ। अपराधियों ने उनका करीब सवा लाख रुपए, टैब, और अन्य सामान लूट लिया। उन्होंने यह भी कहा कि घटना के बाद अपराधी आसानी से फरार हो गए। जांच में जुटी पुलिस जदिया थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि फाइनेंस कर्मी के साथ अपराधियों के द्वारा लूट जैसी घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित को अस्पताल पहुंचाया। जगह-जगह छापेमारी की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। पीड़ित के द्वारा अबतक फर्द बयान या थाने में आवेदन नहीं दिया गया है। आवेदन मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की प्रक्रिया की जाएगी।

## वन नेशन वन इलेक्शन के समर्थन में प्रशांत किशोर



**पटना।** जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने केंद्र सरकार द्वारा वन नेशन वन इलेक्शन को मंजूरी दिए जाने के बाद अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि एक देश एक चुनाव देश के लिए फायदेमंद है। उन्होंने कहा कि अगर इसे सही नीयत से लागू किया जाए तो देश के लिए काफी फायदेमंद होगा। हर साल देश की करीब एक चौथाई जनता मतदान करती है। सरकार और जनता का समय बचेगा प्रशांत किशोर ने कहा कि मतदान की वजह से सरकार चलाने वाले लोग ज्यादातर समय चुनाव के चक्कर में फंसे रहते हैं। इसलिए अगर इसे एक या दो बार किया जाए तो सरकार भी हमेशा चुनाव मोड में नहीं रहेगी। साथ ही सरकार और जनता दोनों का समय और खर्च बचेगा। इसके साथ ही उन्होंने सरकार को सलाह दी कि देश में पिछले 50 सालों से चली आ रही चुनाव प्रक्रिया को 1 दिन में नहीं बदला जा सकता। सरकार को इस बदलाव को लागू करने के लिए 4-5 साल का समय देना चाहिए। इतने बड़े बदलाव 1 दिन में नहीं हो सकते। सही नीयत से लागू हो तो स्वागत योग्य कदम प्रशांत किशोर ने यह भी कहा कि वन नेशन, वन इलेक्शन की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि सरकार इसे किस उद्देश्य और नीयत से लागू करती है। यदि यह कानून सही नीयत से लाया जाता है तो यह स्वागत योग्य कदम है, लेकिन अगर इसका इस्तेमाल किसी विशेष वर्ग या समाज को हानि पहुंचाने के लिए किया जाता है, तो यह उचित नहीं होगा।

## संक्षिप्त डायरी

### महिला का मिला शव, गला रेत कर हत्या की आशंका

**सुपौल।** में गुरुवार की सुबह रेलवे लाइन के पास पुलिया के नीचे 30 वर्षीय अज्ञात महिला का शव मिला है। सुबह टहलने निकले लोगों ने पुलिया के नीचे उपलाता हुआ शव देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। मामला किसनपुर थाना क्षेत्र के बौराहा पंचायत अंतर्गत अरराहा गांव का है। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार राय ने बताया कि प्राथमिक जांच में यह स्पष्ट होता है कि महिला की हत्या धारदार हथियार से गला रेत कर की गई है। शव को सुनसान स्थान पर फेंक दिया गया। महिला के बाएं हाथ पर एस.के. लिखा हुआ है, जो उसकी पहचान में मददगार हो सकता है। एफएसएल की टीम को बुलाया थानाध्यक्ष ने आगे बताया कि शव की पहचान कराने के लिए 72 घंटे तक शव को थाने में रखा जाएगा। यदि इस दौरान पहचान नहीं होती है तो नियमानुसार अंतिम संस्कार कर दिया जाएगा। घटना की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल (फोरेंसिक साइंस लैबोरेटरी) और डीआईयू (डिस्ट्रिक्ट इंटेलिजेंस यूनिट) की टीम को भी जांच के लिए बुलाया गया है। पुलिस हत्या के कारणों और संभावित संदिग्धों का पता लगाने में जुटी है। लोग हत्या की गुत्थी जल्द सुलझाने और आरोपियों को सजा दिलाने की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी को महिला के बारे में कोई जानकारी हो, तो तुरंत थाने को सूचित करें। इस जघन्य अपराध की गुत्थी सुलझाने के लिए जांच तेज कर दी गई है।

### पूर्णिया में स्टैंड में खड़ी 2 बसों में लगी आग



**पूर्णिया।** में बस स्टैंड में खड़ी पैसेंजर्स बस में आग लग गई। जिसके लपेटें इतनी तेज थी कि आग की चपेट में एक और पैसेंजर बस में आग लग गई। आगलगी के बाद बस स्टैंड में मौजूद लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कुछ लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की। इस आगलगी में एक स्मैकर का हाथ बताया जा रहा था। घटना के बाद भाग रहे स्मैकर को लोगों को पकड़ लिया और संदेह पर उसकी जमकर पिटाई कर दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची अग्निशमन की टीम ने आग पर काबू पाया गया।स्थानीय लोगों ने बताया कि रोजाना की तरह बस यात्रा पूरी करने के बाद बस स्टैंड परिसर में आकर खड़ी थी। अगली यात्रा के लिए उसकी साफ सफाई की जानी थी। बस के ड्राइवर और खलासी कैंपस में ही टहल रहे थे। इसी बीच अचानक बस से धुआं निकलना शुरू हो गया। आसपास के लोग कुछ समझ पाते तब तक आग ने आग का विकराल रूप धारण कर लिया। देखते ही देखते आंखों के सामने पूरी बस जलने लगी। आग की लपटों ने वहां खड़ी एक और बस को अपनी जद में ले लिया। बस से आग की लपेट उठती देख लोगों को तो पहले लगा कि शॉर्ट सर्किट की वजह से ये आग लगी है। उसी समय बस से उतरकर एक युवक भागता हुआ देखा गया। कुछ ही दूरी पर स्मैक की छोटी पुड़िया दिखाई दी। जिसके बाद लोगों को समझ में आ गया कि यह घटना स्मैकर की वजह से हुई है। बस में बैठकर स्मैकर स्मैक पी रहा था, जिसकी वजह से आग लग गई।

### सलवार सूट में लगी आग, 50 परसेंट जली महिला



**औरंगाबाद।** के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बिसैनी गांव में शुक्रवार की दोपहर 12 बजे के आसपास घर में रह रही अकेली वृद्ध महिला आग सेकने के दौरान झुलस गई। महिला के सलवार सूट और दुपट्टे में आग लग गई। महिला की पहचान मोहम्मद सलीम के 55 साल की पत्नी तोयेबा खातून उर्फ सुविदा खातून के रूप में की गई है। झुलसी हालत में महिला को ग्रामीणों ने सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया। ग्रामीणों ने फोन के माध्यम से घटना की जानकारी महिला के बहन के घर वालों को दी। सदर अस्पताल में डॉक्टर रवि भूषण शर्मा की देखरेख में इलाज चल रहा है।झुलसी महिला के परिजन सूचना पाकर सदर अस्पताल पहुंचे। परिजनों ने बताया कि तोयेबा खातून दोपहर में नहाने करने के बाद (बोरसी) में आग जलाकर ठंड से बचने के लिए आग सेक रही थी तभी सलवार सूट और दुपट्टे में आग लग गई। चीखने चिल्लाने के बाद आसपास के ग्रामीण पहुंचे और आग बुझाई।

## एसएसबी ने मानव तस्करी को रोका, नाबालिग को बरामद किया



**सुपौल।** भारत-नेपाल सीमा पर स्थित एसएसबी की सीमा चौकी न्योर ने एक कार्रवाई की है। मानव तस्करी की कोशिश को विफल करते हुए एक 15 साल की नाबालिग लड़की को बरामद किया गया है। घटना न्योर चेकपोस्ट पर दोपहर 12:30 बजे हुई है। सीमा पर तैनात जवानों ने एक संदिग्ध जोड़े को रोक कर पूछताछ की। एसएसबी 45वीं बटालियन के कमांडेंट गौरव सिंह ने गुरुवार की देर शाम बताया कि भारत से नेपाल की ओर जाते इस जोड़े पर जवानों को संदेह हुआ। पूछताछ में पता चला कि 22 साल के कृष्ण कुमार यादव, नेपाल के सप्तरी जिले के लल्लापट्टी गांव का निवासी है। नाबालिग लड़की को शादी के बहाने नेपाल ले जा रहा था। जवानों ने तत्परता दिखाते हुए मानव तस्कर रोधी इकाई और जिला बाल संरक्षण इकाई (डीसीपीयू) को मामले की जानकारी दी। आवश्यक कार्रवाई के बाद नाबालिग लड़की को डीसीपीयू मधुबनी को सौंप दिया गया।अभियान में एसएसबी के सहायक उपनिरीक्षक साहिल कुमार और उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कमांडेंट गौरव सिंह ने बताया कि यह कार्रवाई एसएसबी की सतर्कता और प्रतिबद्धता का परिणाम है, जो मानव तस्करी जैसे जघन्य अपराधों को रोकने में मदद करती है। एसएसबी की इस त्वरित कार्रवाई की स्थानीय लोगों और जिला प्रशासन की ओर से सराहना की गई है। भारत-नेपाल सीमा पर इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए एसएसबी लगातार चौकसी और सतर्कता बनाए हुए है।

# पटना से ईरानी गैंग के दो सदस्य गिरफ्तार

### पुलिस अधिकारी बनकर ठगते थे गहने-रुपए; 9 शहरों में नेटवर्क, 3 घटना के बाद बदलते हैं शहर

**पटना।** पुलिस ने क्राइम ब्रांच के अधिकारी के नाम पर डरा-धमकाकर गहने, रुपए ठगने वाले ईरानी गैंग के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। एक का नाम रहमुतुल्ला सैफउल्ला जाफरी उर्फ रहमत अली (40) है, तो वहीं दूसरे का नाम मासूम अली (31) है। दोनों भोपाल (मध्य प्रदेश) के निशादपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत अमन कॉलोनी के रहने वाले हैं। इस गैंग में इनके अलावा 3 और भी लोग हैं, जो फरार हैं। पटना पुलिस इनकी तलाश कर रही है। गैंग के सभी मेंबर सुनियोजित तरीके से क्राइम ब्रांच के अधिकारी बनकर ठगी की घटना को अंजाम देते हैं। दोनों की गिरफ्तारी की पुष्टि सिटी एसपी सेंट्रल स्वीटी सहरावत ने की है। सिटी एसपी सेंट्रल स्वीटी सहरावत ने बताया, 'पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। साथ अन्य सदस्यों की भी तलाशी की जा रही है। फिलहाल दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।पुलिस को देखते ही भागने लगे 4 लोग, दो गिरफ्तार पटना के गांधी मैदान थाने



से चंद कदम की दूरी पर स्थित क्टअ हॉल के पास मंगलवार दोपहर 1 बजे दो बाइक पर चार लोग मौजूद थे। जानकारी के मुताबिक, वे किसी बड़ी घटना को अंजाम देने वाले थे। इसी दौरान पुलिस की प्रेट्रोलिंग टीम वहां से गुजर रही थी। पुलिस की गाड़ी देखते ही चारों भागने लगे। दोनों बाइक अलग-अलग दिशा में भागी। पुलिस ने एक बाइक का पीछा करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों को थाने लाया गया, जहां उनसे पूछताछ हुई। पूछताछ के दौरान मुख्य सरगना रहमत अली के पास से मध्य प्रदेश पुलिस का क्ऌ कार्ड मिला।दोनों ने पुलिस को बताया कि वो लोगों को क्राइम ब्रांच के अधिकारी के नाम पर डरा-धमकाकर गहने और रुपए ठगते थे। पुलिस की पूछताछ में दो अपराधियों ने बताया कि उसके गैंग के सदस्य चौक चौराहों पर खड़े हो जाते थे। इनमें दो पुलिसकर्मी बनता था और दो पुलिस अधिकारी। अधिकारी बनकर दो लोग गाड़ी में ही रहते थे, जबकि दो बाइक चेकिंग करते थे। चेकिंग के दौरान दोनों ऐसे महिला और पुरुष को टारगेट करते, जो ज्यादा गहने पहने होते थे। चेकिंग के दौरान दोनों पहले बाइक रुकवाते थे, फिर



पुलिस की फर्जी आई कार्ड दिखाकर पूछताछ करते थे। गैंग के मेंबर अलग-अलग तरीके से लोगों को डराते थे। कभी कहते थे कि आगे छिनतई की घटना हुई है। पुलिस चेक कर रही है। गहना, पैसे वगैरह सब उतारकर रख लेना है। खुद से उतारने भी लगते थे। जिनका गहना चेकिंग के नाम पर उतरवाते थे, उनके गहने को झोले या पोटली में रखवा देते थे। फिर कहते थे- घर पर जाकर खोलना, अभी मत खोलना। घर पर जाकर खोलने पर उसमें कुछ नहीं रहता था। या डुप्लीकेट रहता था। ठगी के बाद सभी मेंबर्स बराबर-बराबर हिस्से में पैसा-गहना बांट लेते थे। मई 2024 में कोतवाली थाना क्षेत्र के वेद विद्यालय के आचार्य अक्षय तिवारी से भी चेकिंग के नाम पर इसी तरह से गहने उतरवा लिए थे। उनसे कहा था कि आगे देर रात मर्डर हुआ है। पुलिस चेकिंग चल रही है। गहने-वगैरह इतना पहनकर नहीं चलना है। इसके बाद खुद से उतारकर एक झोले में रखकर उन्हें गहने दे दिया। जब स्कूल पहुंचकर उन्होंने झोले से गहना निकाला तो सभी गहने डुप्लीकेट थे। फिर अक्षय तिवारी ने थाने ने शिकायत दर्ज कराई।दो-तीन घटना के बाद बदल देते थे ठिकाना गैंग के सदस्य एक शहर में 2 से 3 घटना को अंजाम देने के बाद शहर बदल देते थे। फिर दूसरे शहर में जाकर इसी तरह से घटना को अंजाम देते थे। अब तक यह गैंग बेंगलुरु, कोलकाता, मुंबई, लखनऊ, दिल्ली, महाराष्ट्र, गुरुग्राम, हरियाणा, बहराइच, उतर प्रदेश, पटना, कदमकुआं, उऊअ बिल्डिंग, पटना के इलाके में घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। इनामी बदमाश है रहमत अली रहमुतुल्ला सैफउल्ला जाफरी उर्फ रहमत अली इनामी बदमाश है। सहारनपुर, उतर प्रदेश की पुलिस इस पर 15 हजार रुपए का इनाम रखी है। 2023 के जुलाई महीने में दरगाह शरीफ थाने के बहराइच जनपद, उतर प्रदेश के अग्रसेन तिराहा के पास साढ़े सात लाख की लूट में भी शामिल था। 2013-14 में बेंगलुरु शहर में इसी तरह की घटना को अंजाम देने में जेल गया था। इसके अलावा कोलकाता, मुंबई, लखनऊ, दिल्ली में भी जेल जा चुका है। फिलहाल जमानत पर है। जेल से निकलने के बाद फिर से रहमत अली अपने धंधे में सक्रिय था।

# अब 2 दिन में बंद हो जाएगी एसआईपी, नहीं लगेगा जुर्माना

**- सेबी ने म्यूचुअल फंड कंपनियों को दिए सख्त निर्देश**

**नई दिल्ली ।** सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के माध्यम से म्यूचुअल फंड में निवेश करने वाले लोगों के लिए अच्छी खबर है, भारतीय प्रतिभूति और विनियमक बोर्ड (सेबी) ने नया नियम लागू कर दिया है जिसके अनुसार अब आपको एसआईपी बंद करने के लिए सिर्फ दो दिन का इंतजार करना होगा। यह नियम 1 दिसंबर, 2024 से लागू हो चुका है। पहले सिपाहियों को 10 वर्किंग डेज़ का इंतजार करना पड़ता था, जिससे कई लोग अपनी सिप बंद करने में समय परेशान होते थे। इस नए नियम से निवेशकों को बड़ी राहत मिलेगी, क्योंकि अब वे अपने एसआईपी को दो दिन पहले ही बंद कर सकेंगे। यह न केवल जुर्माने से बचाएगा, बल्कि उन्हें अपने निवेश पर अधिक नियंत्रण भी मिलेगा। सेबी ने इस नए नियम को पारदर्शिता और निवेशकों के हितों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। वरिष्ठ आर्थिक सलाहकारों का कहना है कि इस नए नियम से निवेशकों को वित्तीय योजनाओं में अधिक सावधानी बरतने में मदद मिलेगी। यह भी निवेशकों को आत्मविश्वास देगा की उनके निवेशों पर पूरी निगरानी हो रही है। इस नए नियम के लागू होने से बाजार में भी एक नया जोश आया है, क्योंकि लोग अब अपने निवेशों पर अधिक नियंत्रण बनाए रख सकेंगे। यह नियम आम लोगों के वित्तीय सुरक्षा को भी मजबूत करेगा और उन्हें बेहतर वित्तीय योजनाओं में निवेश करने का साहस देगा। इस तरह सेबी द्वारा नए नियमों की घोषणा से म्यूचुअल फंड निवेशकों को एक बड़ी सुविधा प्रदान की गई है और वित्तीय योजनाओं में निवेश करने के लिए उन्हें अधिक आत्मविश्वास मिलेगा।

# रूस की तेल कंपनी रिलायंस को 500,000 बैरल प्रतिदिन कच्चा तेल देगी!

**10 वर्षीय समझौता वैश्विक आपूर्ति का 0.5 प्रतिशत है**




**मुंबई ।** रूस की सरकारी तेल कंपनी रोसनेफ्ट ने भारतीय निजी रिफाइनर रिलायंस को लगभग 500,000 बैरल प्रतिदिन (बीपीडी) कच्चे तेल की आपूर्ति करने पर सहमत हुई है, जो दोनों देशों के बीच अब तक का सबसे बड़ा ऊर्जा सौदा है।

10 वर्षीय समझौता वैश्विक आपूर्ति का 0.5 प्रतिशत है और आज की कीमतों पर लगभग 13 बिलियन डॉलर प्रति वर्ष है याने 11 हजार 322 करोड़ रुपये से ज्यादा का होगा।

इस सौदे से जुड़े तीनों सूत्रों ने बताया कि इस सौदे के तहत, रोसनेफ्ट हर महीने विभिन्न रूसी कच्चे तेल के 20-21 अफ्रामैक्स आकार के कार्गो (80,000 से 100,000 मीट्रिक टन) और ईंधन तेल के लगभग 100,000 टन के तीन कार्गो की आपूर्ति करेगा। ये शिपमेंट पश्चिमी राज्य गुजरात के जामनगर में रिलायंस के रिफाइनिंग कॉम्प्लेक्स, जो दुनिया का सबसे बड़ा है, के लिए आपूर्ति की जाएगी। 2024 में रिलायंस ने रोसनेफ्ट के साथ हर महीने 3 मिलियन बैरल कच्चे तेल की खरीद का सौदा किया था। रोसनेफ्ट नियमित आधार पर बिचौलियों के माध्यम से रिलायंस को कच्चा तेल भी बेच रहा है। एक सूत्र ने बताया कि नए सौदे में रूसी बंदरगाहों से रोसनेफ्ट के समुद्री तेल निर्यात का लगभग आधा हिस्सा शामिल है, जिससे अन्य व्यापारियों और बिचौलियों के लिए बहुत अधिक आपूर्ति उपलब्ध नहीं होती है। सूत्रों के अनुसार जनवरी से अक्टूबर तक रिलायंस ने औसतन 405,000 बैरल प्रतिदिन रूसी तेल का आयात किया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 388,500 बैरल प्रतिदिन से अधिक है।

# टोयोटा वेलफायर का घटा वेटिंग पीरियड




**नई दिल्ली।** टोयोटा वेलफायर कार के लिए वेटिंग पीरियड घटकर अब 6 महीने रह गया है।पहले ग्राहकों को इसके लिए 12 महीने तक इंतजार करना पड़ता था। नवंबर 2024 में इस कार की केवल 86 यूनिट्स की बिक्री हुई, जो पिछले 6 महीनों में इसका सबसे खराब प्रदर्शन है। अक्टूबर में 115 यूनिट्स बिकी थीं, और नवंबर में इसकी बिक्री में 29 यूनिट्स की कमी देखी गई। पिछले छह महीनों के बिक्री आंकड़ों के मुताबिक, जून 2024 में 142 यूनिट्स, जुलाई 2024 में 113 यूनिट्स, अगस्त 2024 में 114 यूनिट्स, सितंबर 2024 में 87 यूनिट्स, अक्टूबर 2024 में 115 यूनिट्स, और नवंबर 2024 में 86 यूनिट्स बिकीं। इस दौरान कुल 657 यूनिट्स की बिक्री हुई। टोयोटा वेलफायर का डिजाइन बेहद मॉडर्न है और इसमें शानदार डैशबोर्ड, एंबिएंट लाइटिंग और 14 इंच का बड़ा टचस्क्रीन इन्फोटेनमेंट सिस्टम जैसी सुविधाएं मिलती हैं। इसके अलावा, इसमें डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, वेंटिलेटेड और हीटेड सीट्स, इलेक्ट्रिकली एडजस्ट होने वाला स्टीयरिंग व्हील, रूफ-माउंटेड एंटरटेनमेंट सिस्टम और स्प्लिट ग्लास रूफ जैसी सुविधाएं भी हैं।

सुरक्षा के लिहाज से भी वेलफायर बेहतरीन है, इसमें 360-डिग्री कैमरा और एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम जैसी सुविधाएं मिलती हैं। इस कार में 2.5 लीटर का 4-सिलेंडर पेट्रोल इंजन है, जो स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड सिस्टम से लैस है और 193 पीएस की पावर और 240 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। इसके ई-सीवीटी गियरबॉक्स की वजह से ड्राइविंग अनुभव और भी स्मूथ और आरामदायक बन जाता है। बता दें कि इस कार की एक्स-शोरूम कीमत 1.20 करोड़ रुपये है और इसके बावजूद खरीददारों में कमी नहीं आई है।

# सेबी ने एसएमई कंपनियों के आईपीओ के नियमों में किया बड़ा सुधार

**- यूपीएसआई की परिभाषा को और व्यापक और सख्त बनाया जाएगा**

**मुंबई ।** भारतीय शेयर बाजार के नियामक प्राधिकरण, सेबी छोटे और मझोले उद्यमों (एसएमई) के आईपीओ के नियमों में सुधार करने की योजना बना रहा है। इसके तहत अप्रकाशित प्राइस सेंसिटिव इंफॉर्मेशन (यूपीएसआई) की परिभाषा को और व्यापक और सख्त बनाया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक ये सुधार 18 दिसंबर को होने वाली सेबी की बोर्ड बैठक में चर्चा के लिए रखा गया है। सेबी ने यह फैसला लिया है कि एसएमई लिस्टिंग नियमों को सख्त करके शेयर बाजार में धांधली और गलत प्रैक्टिस को रोका जा सके। इसके साथ ही, एसएमई आईपीओ में निवेश की न्यूनतम सीमा बढ़ाकर 2 लाख रुपये से 4 लाख रुपये करने का भी मौका दिया जा सकता है। समाचार के अनुसार इन सुधारों का मकसद है एसएमई लिस्टिंग में पारदर्शिता को बढ़ाना और निवेशकों को बेहतर सुरक्षा प्रदान करना। सेबी इन कदमों के जरिए इंसाइडर ट्रेडिंग ( पिट) नियमों को भी मजबूत करने का इरादा रखता है। इसे लेकर बहस चरम पर हो रही है, जब सेबी चेयरपर्सन को संबंधित विवादों में फंसे रहने का आरोप भी उठाया जा रहा है। इस सुधार से उम्मीद है कि शेयर बाजार में नए एसएमई कंपनियों के एक पारदर्शी और सकारात्मक मिलान की ऊर्जा बढ़ेगी।




# बजाज ऑटो 20 दिसंबर को लॉन्च करेगा अपडेटेड चेतक इलेक्ट्रिक स्कूटर

**नई दिल्ली ।** स्वदेशी कंपनी बजाज ऑटो लोकप्रिय इलेक्ट्रिक स्कूटर चेतक का अपडेटेड मॉडल लॉन्च करने जा रहा है। कंपनी 20 दिसंबर को इसे लांच करेगी। कंपनी नए वर्जन में नए बॉडी फ्रेम का इस्तेमाल करेगी, जिसमें बैटरी पैक अब स्कूटर के फ्लोरबोर्ड के नीचे फिक्स होगा। इसके अलावा, अंडर सीट स्टोरेज को बढ़ाकर 22 लीटर तक किया जाएगा, जिससे ग्राहकों को ज्यादा स्पेस मिलेगा। नए चेतक इलेक्ट्रिक स्कूटर के डिजाइन में कुछ मामूली बदलाव हो सकते हैं, हालांकि इसकी स्टाइल और लुक्स में बहुत बड़ा परिवर्तन नहीं होगा। स्कूटर में नए बैटरी पैक के साथ ज्यादा रेंज मिलने की उम्मीद है, जिससे ग्राहक लंबी दूरी तय करने में सक्षम होंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, नया मॉडल मौजूदा वर्जन के आसपास की कीमत पर लॉन्च किया जा सकता है, जो कि 96,000 रुपये से लेकर 1.29 लाख रुपये (एक्स-शोरूम, दिल्ली) के बीच है। अनुमान है कि नए मॉडल की एक्स-शोरूम कीमत लगभग 1 लाख रुपये हो सकती है। इस इलेक्ट्रिक स्कूटर में स्टील बॉडी के साथ कुछ नई डिजाइन फीचर्स मिलेंगे, जैसे बॉडी कलर्ड रियर व्यू मिरर, सैटिन ब्लैक ग्रैब रेल, मैचिंग पिलियन फुटरेस्ट और चारकोल ब्लैक फिनिश टू हेडलाइट केसिंग। स्कूटर में डिस्क ब्रेक, अलॉय व्हील, एलईडी लाइटिंग, टेलीस्कोपिक फ्रंट सस्पेंशन और आईपी67 रेटेड वॉटरप्रूफ बैटरी जैसे महत्वपूर्ण फीचर्स भी दिए जाएंगे। इसके अलावा, एक एक्स्ट्रा 'स्पोर्ट' राइड मोड भी मिलेगा। भारत में चेतक का मुकाबला एथर रिज्टा जेड, ओला एस1 प्रो और टीवीएस आई-क्यूब जैसे इलेक्ट्रिक स्कूटर्स से है। ब्रेकिंग सिस्टम में सुधार करते हुए नए मॉडल में डिस्क ब्रेक सेटअप भी दिया जा सकता है। नए चेतक में हिल-होल्ड कंट्रोल, फॉलो मी होम लाइट, टर्न-बाय-टर्न नेविगेशन, म्यूजिक कंट्रोल, कॉल अलर्ट, कस्टमाइजेबल थीम के साथ कलर्ड टीएफटी डिस्प्ले और ब्लूटूथ ऐप कनेक्टिविटी जैसी सुविधाएं भी मिलेंगी।

# रक्षा मंत्रालय ने एचएएल से 12 सुखोई जेट खरीदने किया करार

**सरकार ने जेट्स की खरीद के सौदे पर हस्ताक्षर किए**

नई दिल्ली । रक्षा मंत्रालय ने भारतीय वायुसेना के लिए उन्हें और अधिक शक्तिशाली और तैयार बनाने के लिए 12 सुखोई जेट्स की खरीद के सौदे पर हस्ताक्षर किए हैं। इस 13,500 करोड़ रुपये के समझौते के ज़रिए, भारतीय रक्षा उद्योग का संयम और अनुभव ताकत में वृद्धि करेगा। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ हुई इस डील के माध्यम से, एसयू-30 एमकेआई जेट्स का निर्माण अब भारत में ही होगा। यह एक महत्वपूर्ण क़दम है जो भारत के आत्मनिर्भरता की धारा को मज़बूत करेगा। विमानों में घरेलू सामग्री का 62.6 प्रतिशत शामिल होने से, भारतीय वायुसेना की योग्यता और तैयारी में सुधार होगा। इस सौदे ने भारत के सशस्त्र बलों की ताकत को बढ़ावा देने के लिए एक नया मार्ग प्रदर्शित किया है। रक्षा मंत्रालय ने इस महत्वपूर्ण खरीद के संदर्भ में सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक बयान जारी किया है, जिसमें इस सौदे की महत्वपूर्णता और फायदे पर जोर दिया गया है। इसके माध्यम से, भारत ने अपने रक्षा सेक्टर को आगे बढ़ाया है और अपनी रक्षा तंत्र को मज़बूत करने के लिए ठोस क़दम उठाए हैं।




# एसबीआई की अमृत वृष्टि योजना- बेहतर निवेश का अवसर


**आम ग्राहकों को 7.25 और वरिष्ठ को 7.75 फीसदी ब्याज दर मिलेगी**

**मुंबई ।** वर्तमान समय में निवेश करने के लिए मिल रहे अनगिनत ऑप्शन्स में से एक है भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की नई अमृत वृष्टि योजना। यह सावधि जमा योजना है जिसका आकर्षण है उसकी अवधि के साथ सुनहरा ब्याज दर है। इस योजना में निवेश करने पर आम ग्राहकों को 7.25 फीसदी और वरिष्ठ नागरिकों को 7.75 फीसदी की ब्याज दर मिलेगी। इस योजना के तहत जो आप्शन किए जा रहे हैं, वे महिलाएं और वरिष्ठ नागरिकों के लिए भी हैं। सीमित अवधि की यह जमा योजना 444 दिनों के लिए है और उन्हें 16 जुलाई 2024 से मिलेगी। निवेश करने का अंतिम तारीख 31 मार्च 2025 है। इस योजना को किसी भी भारतीय नागरिक के लिए खोला गया है, चाहे वो निवासी हो या अनिवासी और इसमें व्यक्तिगत, संयुक्त खाते और कंपनियां भी निवेश कर सकती हैं।

# मुंबई में 455 करोड़ का बिका प्लॉट, रजिस्ट्री पर खर्च हुए 27.30 करोड़

**मुंबई।** मुंबई में एक साढ़े 19 हजार वर्ग फिट का प्लॉट 455 करोड़ में बिका है। इतने महंगे प्लॉट की खासियत यह है कि ये जुहू इलाके में है जहां बॉलीबुड की तमाम हस्तियां रहती हैं। स्क्वायर याड्र्स के अनुसार, अग्रवाल होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड ने मुंबई के अत्यधिक मांग वाले जुहू इलाके में एक लैंड पार्सल का अधिग्रहण किया है, जिसकी कीमत 455 करोड़ रुपये है। यह प्लॉट शापूरजी पालोनजी ग्वालियर प्राइवेट लिमिटेड से हासिल किया था। स्क्वायर याड्र्स ने इस प्लॉट के रजिस्ट्रेशन डॉक्युमेंट को देखने के बाद बताया कि यह लैंड पार्सल लगभग 1,819.90 वर्ग मीटर (19,589.22 वर्ग फुट) के क्षेत्र में फैला है। इस लैंड डील को नवंबर 2024 में रजिस्ट्रेशन के बाद फाइनल किया गया। इस प्लॉट की रजिस्ट्री में 27.30 करोड़ रुपये की स्टांप ड्यूटी और 30,000 रुपये का रजिस्ट्रेश चार्ज लगा है। इससे पहले, अग्रवाल होल्डिंग्स ने सितंबर 2022 में जुहू में लगभग एक एकड़ और तीन-चौथाई एकड़ में फैले दो लैंड पार्सल का अधिग्रहण किया था, जिसका कुल मूल्य 332.8 करोड़ रुपये था। कैपिटल मार्केट एंड सर्विसेज, स्क्वायर याड्र्स के फाउंडर आनंद मूर्ति ने कहा, मुंबई देश की कमर्शियल कैपिटल है और एक प्रमुख व्यापारिक केंद्र है इसलिए यहां प्रॉपर्टी की कीमतें बहुत ज्यादा हैं। बता दें कि मुंबई में बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स और साउथ व वेस्ट मुंबई की कई लोकेशन की मांग सबसे ज्यादा है। वहीं, जुहू और बांद्रा भी समंदर से अपनी नजदीकी और लग्जरी हाउसिंग प्रोजेक्ट्स के लिए निवेश के लिए हमेशा से आकर्षण का केंद्र रहा है।

# दूसरों को मनपसंद डिश खिलाने वाली जोमैटो सरकार के डकार गई 803 करोड़! अब होगी वसूली




**नई दिल्ली।** जोमैटो को लेकर सरकार ने एक खुलासा किया है। सरकार ने कहा है कि जोमैटो ने 803 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी की है और अब उसे वसूली के लिए नोटिस भेजा गया है। दूसरी ओर, जोमैटो ने इन आरोपों से इनकार किया और कहा है कि वह इससे बचने के लिए कानूनी सहारा लेगी। ऑनलाइन ऑर्डर पर खाने-पीने का सामान पहुंचाने वाले मंच जोमैटो ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया है कि महाराष्ट्र के ठाणे जिले में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) विभाग ने उसे 803.4 करोड़ रुपये का टैक्स डिमांड मांग नोटिस भेजा है। इसमें ब्याज और जुर्माना भी शामिल है। कंपीन का कहना है कि डिलिवरी शुल्क पर ब्याज और जुर्माना के साथ जीएसटी का भुगतान न करने के संबंध में उसे नोटिस मिला है। जोमैटो ने कहा, 'कंपनी को 12 दिसंबर, 2024 को एक आदेश प्राप्त हुआ है। यह आदेश 29 अक्टूबर, 2019 से 31 मार्च, 2022 की अवधि के लिए सीजीएसटी और केंद्रीय उत्पाद शुल्क, ठाणे आयुक्तालय, महाराष्ट्र के संयुक्त आयुक्त द्वारा पारित किया गया है। इसमें लागू ब्याज के साथ 401,70,14,706 रुपये के जीएसटी की मांग और 401,70,14,706 रुपये के जुर्माने की पुष्टि की गई है।'

# अचानक शेयर बाजार ने मारी पलटी...

**सेंसेक्स 2000 अंक चढ़कर बंद**




**नई दिल्ली ।** भारतीय शेयर बाजार में सप्ताह के आखिरी दिन भारी उठापठक देखी जा रही है। शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में भारी गिरावट आई थी। लेकिन अब ना सिर्फ रिकवरी की है, बल्कि शानदार तेजी आई है। सेंसेक्स अभी 843 अंक चढ़कर 82,133 लेवल पर क्लोज हुआ, जबकि निफ्टी करीब 219 अंक उछलकर 24,768 पर बंद हुआ। इसके अलावा, बैंक निफ्टी में भी अच्छी तेजी देखने को मिली है। वहीं दोपहर तक शेयर बाजार में भारी गिरावट थी। सेंसेक्स 1200 अंक तक टूट चुका था और निफ्टी में 300 अंकों की गिरावट आई थी।

ऐसे में देखा जाए तो सेंसेक्स शुक्रवार के लो लेवल यानी 80,082 की तुलना में हाई लेवल 82,213.92 पर पहुंचा है, जो 2000 अंकों की उछाल है। वहीं निफ्टी दिन के लो लेवल से 600 अंकों की तेजी दिखाई है। शेयर बाजार में इतनी तेज रिकवरी की वजह हैवीवेट स्टॉक में शानदार तेजी और निवेशकों द्वारा लार्ज कैप स्टॉक में खरीदारी को माना जा रहा है।

बीएसई सेंसेक्स के टॉप 30 शेयरों में से 27 शेयर उछाल पर थे, जबकि तीन शेयर टाटा स्टील, इंडसइंड बैंक और जेएसडब्लू स्टील दबाव में थे। सबसे तेज उछाल भारती एयरटे के शेयर में 4.43 फीसदी की आई। इसके बाद कोटक बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाइटन और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में 1 फीसदी से ज्यादा की तेजी रही, जबकि सुबह के दौरान इन शेयरों में 1 फीसदी से ज्यादा की गिरावट देखी गई थी।

**79 शेयरों ने लगाया अपर सर्किट**

वहीं एनएसई की बात करें तो टॉप 50 शेयरों में से 40 शेयरों में तेजी रही, जबकि 10 शेयर ही गिरावट पर थे। 79 शेयरों ने अपर सर्किट लगाया था और 73 शेयरों ने लोअर सर्किट लगाया। इसके अलावा, 83 शेयर 52 सप्ताह के हाई पर थे और 18 शेयर 52 सप्ताह के निचले स्तर पर थे।

# यूपी से बिहार तक सस्ता हुआ तेल, हर जिले में बदला भाव

**-ब्रेंट क्रूड का भाव नीचे आकर 73.41 डॉलर प्रति बैरल हुआ**

**नई दिल्ली ।** वैश्विक बाजार में पिछले 24 घंटे के दौरान कच्चे तेल की कीमतों में खास बदलाव नहीं आया। इस वजह से शुक्रवार सुबह देश के ज्‍यादातर शहरों में तेल की कीमतों में नरमी देखी जा सकती है। शुक्रवार को यूपी से से बिहार तक सभी जिले में तेल के दाम में बदलाव हुआ है। ज्यादातर बड़े शहरों में तेल की कीमतों में गिरावट दिख रही है। सरकारी तेल कंपनियों के अनुसार यूपी के गौतमबुद्ध नगर जिले में पेट्रोल 27 पैसे सस्ता होकर 94.71 रुपये लीटर, डीजल भी 32 पैसे गिरा और 87.81 रुपये लीटर पहुंच गया है। बिहार की राजधानी पटना में पेट्रोल 13 पैसे सस्ता हुआ और 105.60 रुपये लीटर हो गया, जबकि डीजल 13 पैसे गिरकर 92.43 रुपये लीटर पहुंच गया है। यूपी की राजधानी लखनऊ में पेट्रोल 16 पैसे चढ़कर 94.73 रुपये लीटर तो डीजल 19 पैसे चढ़कर 87.86 रुपये लीटर बिक रहा है।

कच्चे तेल की बात करें तो बीते 24 घंटे में इसकी कीमतों में मामूली गिरावट दिख रही है। ब्रेंट क्रूड का भाव नीचे आकर 73.41 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है। डब्‍ल्‍यूटीआई भी गिरकर 69.90 डॉलर प्रति बैरल हो गया है। वहीं दिल्ली में पेट्रोल 96.65 रुपये और डीजल 89.82 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर है। नोएडा में पेट्रोल 94.71 रुपये और डीजल 87.81 रुपये प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 105.60 रुपये और डीजल 92.43 रुपये प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 94.73 रुपये और डीजल 87.86 रुपये प्रति लीटर हो गया है।




# ब्रुकफील्ड इंडिया ने क्यूआईपी के जरिये 3,500 करोड़ जुटाए

**- कंपनी को कर्ज घटाने की योजना को पूरा करने में मदद मिलेगी**

**नई दिल्ली।** ब्रुकफील्ड इंडिया रियल एस्टेट ट्रस्ट ने कर्ज घटाने के लिए क्यूआईपी निर्गम के जरिये संस्थागत निवेशकों से 3,500 करोड़ रुपये जुटाए हैं। यह घोषणा उनके शेयर बाजार में पहली बार की गई है। ब्रुकफील्ड ने शुक्रवार को शेयर बाजार को सूचित किया कि उन्होंने क्यूआईपी के माध्यम से 3,500 करोड़ रुपये जुटाए हैं। यह निवेश नौ दिसंबर को किया गया था और संस्थागत नियोजन के द्वारा किया गया था। इस निर्गम में लंबी अवधि के निवेशकों की मजबूत मांग देखी गई, जिसमें संस्थागत नियोजन, म्यूचुअल फंड और जीवन बीमा कंपनियों ने शामिल होकर निवेश किया। ब्रुकफील्ड ने दावा किया कि इस निर्गम के तहत भारत में पहली बार अंतरराष्ट्रीय वित्त निगम और भारतीय जीवन बीमा निगम ने निवेश किया है। इसके साथ ही, एसबीआई म्यूचुअल फंड और आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड भी मुख्य निवेशकों में शामिल हैं। इस पूंजी के माध्यम से ब्रुकफील्ड इंडिया रियल एस्टेट ट्रस्ट का कर्ज घटाने की योजना को पूरा करने में मदद मिलेगी और कंपनी के अगले कदमों के लिए मजबूती बढ़ेगी।

# फिक्की एफएलओ की वार्षिक बैठक में 350 महिला प्रतिनिधि शामिल

**गुवाहाटी ।** फिक्की महिला संगठन की अंतरराज्यीय बैठक में देश भर से लगभग 350 व्यवसायी महिलाएं और उद्यमी शो मिल हुई हैं। एफएलओ के पूर्वोत्तर चैप्टर द्वारा आयोजित मिस्टिकल नॉर्थईस्ट नामक इस बैठक में भाग लेने वाली महिलाएं प्रतिनिधि हैं। यह चार दिवसीय बैठक गुवाहाटी और शिलांग में आयोजित की जा रही है। इस बैठक में भारत के 20 चैप्टर से महिला उद्यमियों और पेशेवरों को एक साथ लाने का उद्देश्य है। इसके दौरान सलाह, नेटवर्किंग, और प्रदर्शन का मौका दिया जा रहा है। बैठक के पहले दो दिन गुवाहाटी में आयोजित होंगे और बाकी दो दिन शिलांग में। एफएलओ के माध्यम से इस सम्मेलन ने महिलाओं के उद्यमिता और एकजुटता को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण कदम साबित होने की उम्मीद है।

# गाबा में तीसरे टेस्ट को लेकर आस्ट्रेलिया टेंशन में, भारत दे चुका है करारी शिकस्त

## –रोहित ब्रिगेड के हौसला बुदंल, कंगारु भी उस हार को चाहेगा भुलाना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत-आस्ट्रेलिया का तीसरा टेस्ट गाबा में होने वाला है जिसको लेकर आस्ट्रेलिया ने टीम का ऐलान भी कर दिया है। गाबा वह मैदान है जहां आस्ट्रेलिया को हराना मुश्किल होता है लेकिन 2021 में गाबा में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हराया था। यह बात रोहित ब्रिगेड का हौसला बुदंल कर रही है। ऑस्ट्रेलिया भी उस हार को भुलाना चाहेगा।

ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर मिचेल मार्श ने कहा कि यह वक्त उस हार के बारे में सोचने का नहीं है। इसकी बजाय टीम को एडिलेड की तरह वापसी करने की अपनी क्षमता पर ध्यान देना होगा। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के 2021 में गाबा टेस्ट मैच में ऋषभ पंत और शुभमन गिल की शानदार पारियों के दम पर हार का मजा चखाया था। यह ऑस्ट्रेलिया की इस मैदान पर 1988 के बाद पहली हार थी।

अब दोनों टीमें 14 दिसंबर से फिर आमने-सामने आने वाली हैं। यह पांच मैचों की सीरीज का तीसरा टेस्ट है। दोनों टीमें अभी 1-1 मैच जीत कर बराबर हैं। ऐसे में तीसरा टेस्ट बहुत अहम माना जा रहा है। मिचेल मार्श ने तीसरे टेस्ट मैच से पहले प्रैक्टिस सेशन में कहा कि पहले क्या हुआ अभी हमारे पास उसके बारे में सोचने का समय नहीं है। अभी हम केवल उन चीजों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जो वर्तमान में अहम हैं।

पर्थ में पहले टेस्ट मैच में हार के बाद हमने जिस तरह से वापसी की यह उसका एक उदाहरण है। इसलिए हम अपनी शैली की क्रिकेट खेलने पर ध्यान दे रहे हैं। मार्श ने अपनी फिटनेस के बारे में कहा कि मेरी पीठ में दर्द था लेकिन अब मैं अच्छा महसूस कर रहा हूं। मार्श ने पहले दो टेस्ट मैच में बहुत अधिक गेंदबाजी नहीं की लेकिन उन्होंने कहा कि यह टीम की रणनीति का हिस्सा है।



मिचेल मार्श ने तेज गेंदबाज जोस हेजलवुड की फिटनेस की स्थिति का स्पष्ट ब्यौरा नहीं दिया जो मांसपेशियों में खिंचाव के कारण दूसरे टेस्ट मैच में नहीं खेले थे। उन्होंने गुरुवार को अभ्यास सत्र में गेंदबाजी भी नहीं की। उन्होंने कहा कि अब तक जोस का सवाल है तो वह ऐसा खिलाड़ी है जो परेशान नहीं होता और मैच में खेलने के लिए जो कुछ संभव है वह करेगा।

### टीम

**भारत:** यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, शुभमन गिल, विराट कोहली, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रोहित शर्मा (कप्तान), नीतीश कुमार रेड्डी, रवींद्र जडेजा/रविचंद्रन अश्विन/वॉशिंगटन सुंदर , आकाश दीप, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज.

**ऑस्ट्रेलिया :** उस्मान ख्वाजा, नाथन मैकस्वीनी, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, ट्रेविस हेड, मिचेल मार्श, एलेक्स कैरी (विकेट कीपर) पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क, नाथन लायन, जोश हेजलवुड

# पूर्व दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर ने रोहित की फिटनेस पर सवाल उठाये



**जोहांसबर्ग (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर डेरिल कलिनन ने भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा की फिटनेस पर सवाल उठाये हैं। कलिनन ने कहा है कि रोहत का वजन जरुरत से कहीं ज्यादा है जो उन्हें कम करना होगा। रोहित हाल में धरेलू धरती पर न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में मिली करारी हार के बाद से ही आलोचकों के निशाने पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एडिलेड टेस्ट में मिली हार के बाद से ही उनपर दबावा भी बढ़ गया है। रोहित पिछले काफी समय से रन भी नहीं बना पा रहे। वह एडिलेड की दोनों पारियों में असफल रे। रोहित इस मैच में छठे नंबर पर उतरे लेकिन फिर भी रन नहीं बना पाये।

कलिनन ने रोहित फिटनेस स्तर की आलोचना की और उन्हें बड़ी टेस्ट सीरीज के लिए अयोग्य बताया है। कलिन ने कहा कि, रोहित को देखिए, फिर विराट को। दोनो में ही साफ अंतर दिखेगा। रोहित का वजन ज्यादा है और वह लंबे समय तक नहीं खेल पायेंगे। रोहित चार या पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में खेलने के लिए अच्छी शारीरिक स्थिति में नहीं हैं। रोहित ने साल 2024 की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज के बाद से केवल एक टेस्ट में अर्धशतक लगाया है। वह पिछली 12 पारियों में से 8 में दो अंकों तक भी नहीं पहुंच पाये हैं।

# ट्रेविड हेड महान बल्लेबाज बनने की राह पर, रिकी पोटिंग ने इस दिग्गज से की तुलना



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि बाएं हाथ के बल्लेबाज ट्रैविस हेड आधुनिक समय के महान बल्लेबाजों में से एक बनने की राह पर हैं। एडिलेड ओवल में खेले गए डे-नाइट टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 10 विकेट से हराकर मेजबान टीम को पांच मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर करने में मदद की जिसके लिए हेड को 141 गेंदों पर 140 रनों की शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

हेड पिछले 18 महीनों में भारत के लिए मुश्किलें खड़ी कर रहे हैं, उन्होंने 2023 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में शानदार 163 रन बनाए और उसी साल के अंत में वनडे विश्व कप के फाइनल में मैच जीतने वाली 137 रन की पारी खेली। पोंटिंग ने कहा, 'वह उन (महान) खिलाड़ियों में से एक बनने की राह पर हैं। मुझे नहीं लगता कि आप उन्हें अभी महान कह सकते हैं। वह जो कर रहे हैं, उस पर कोई सवाल नहीं है क्योंकि वह जो कर रहे हैं, वह शानदार है। और कई बार ऐसा तब होता है जब उनकी टीम को उनकी सबसे ज़्यादा जरूरत होती है। विश्व कप सेमीफाइनल, विश्व कप फाइनल, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप, ऑस्ट्रेलिया में कुछ साल पहले हुई एशेज के बारे में सोचिए। बड़े पल तब होते हैं जब ट्रैविस ने खड़े होने का तरीका ढूंढ़ लिया है।'

# बुमराह की गेंदबाजी में कई दिग्गज तेज गेंदबाजों का मिश्रण: चैपल

**सिडनी (एजेंसी)।** भारत के पूर्व कोच ग्रेग चैपल का मानना है कि जसप्रीत बुमराह में डेनिस लिली, एंडी रॉबर्ट्स और रिचर्ड हैडली जैसे तेज गेंदबाज के गुण मौजूद हैं लेकिन वह अपनी खुद की ऐसी विरासत तैयार कर रहे हैं जो तेज गेंदबाजों की भावी पीढ़ियों को प्रेरित करेगी। उन्होंने कहा कि बुमराह 'बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी' और ऑस्ट्रेलिया के बीच खड़े एकमात्र खिलाड़ी हैं।

चैपल ने लिखा, 'बुमराह का कौशल का संयोजन उन्हें अलग कतार में खड़ा करता है। उनके पास (मैल्कम) मार्शल की परिस्थितियों से सामंजस्य बैठाने की क्षमता, लिली की आक्रामकता, रिचर्ड हैडली का नियंत्रण, रॉबर्ट्स की रणनीति, वसीम (अकरम) और वकार (यूनिस) की रिवर्स स्विंग, (ग्लेन) मैक्ग्रा की सटीकता, (डेल) स्टेन की विस्फोटकता , और (कैगिसो) रबाडा की आधुनिक बहुमुखी प्रतिभा का मिश्रण है।'

उन्होंने कहा, 'जैसा की नासिर हुसैन ने कहा, 'वह एक पूर्ण गेंदबाज है'। उसकी पीठ की सर्जरी हुई है और यह पता नहीं है कि उसका करियर कितना लंबा चलेगा लेकिन अगर उसने इसी तरह से गेंदबाजी जारी रखी तो उसका नाम भी इन चैम्पियन गेंदबाजों की तरह लिया जाएगा।'



बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पांच मैचों की श्रृंखला के शुरुआती टेस्ट में मौजूदा दौर के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज की अपनी साख को मजबूत करते हुए भारत को 295 रन से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने इस मैच में टीम की कप्तानी भी की थी। उन्होंने कहा, 'गुजरे जमाने के दिग्गजों ने नींव स्थापित की तो वहीं बुमराह अपनी खुद की विरासत बना रहा है। एक ऐसी विरासत जो तेज गेंदबाजों की भावी पीढ़ियों को प्रेरित करने का माद्दा रखती है।'

ऑस्ट्रेलिया के इस पूर्व कप्तान ने कहा कि बुमराह की घातक यॉर्कर और अस्थिर उछाल ने मैदान पर लिली की आक्रामकता की यादें ताजा कर दीं। उन्होंने कहा, 'लिली किसी योद्धा की तरह थे। उनके पास आक्रमकता और मनोवैज्ञानिक बढ़त बनाने का शानदार संयोजन था। मैंने घरेलू क्रिकेट में कई बार उनका सामना किया और अपने युग के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों के खिलाफ उन्हें करीब से परखा है।'

चैपल ने कहा, 'लिली के पास लंबे समय तक बल्लेबाज को परेशान करने वाली एक लाइन-लेंथ में गेंदबाजी करने की क्षमता थी। बुमराह इस मामले में थोड़े पीछे है लेकिन अलग तरह की गेंदबाजी एक्शन से वह कारगर यॉर्कर और और बाउंसर से बल्लेबाज को परेशान कर लिली की बराबरी करते हैं।' उन्होंने कहा, 'बुमराह रॉबर्ट्स के दिमागी चपलता को साझा करते हैं। दोनों गेंदबाज बल्लेबाजों को चकमा देने के लिए विविधताओं का उपयोग करते हैं। रॉबर्ट्स की तरह बुमराह भी ताकत के बजाय रणनीति पर भरोसा करते हैं।'

उन्होंने कहा, 'बुमराह ने सिर्फ 30 टेस्ट में 21.03 की औसत से 151 विकेट लिए है। विभिन्न परिस्थितियों में उत्कृष्टता हासिल करने की उनकी क्षमता मार्शल के प्रभुत्व की याद दिलाती है। बुमराह के पास पुरानी गेंद से रिवर्स स्विंग के साथ गेंद को सिम और स्विंग करने की कमाल की क्षमता है। मार्शल के विरुद्ध बल्लेबाजों को इसी तरह की अनिश्चितता का सामना करना पड़ता था।' चैपल ने कहा, 'जैसा कि इयान बॉथम ने मार्शल के बारे में प्रसिद्ध टिप्पणी की थी कि वह आपको कोई राहत नहीं देते है। आज बल्लेबाज भी बुमराह के बारे में ऐसी ही भावनाएं व्यक्त करते हैं।'

# पीसीबी से नाराज गिलेस्पी कोच पद छोड़ेंगे



लाहौर ।पाकिस्तान की टेस्ट टीम के कोच जैसन गिलेस्पी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड पीसीबी से नाराज चल रहे हैं और माना जा रहा है कि वह शीघ्र ही अपना पद छोड़ देंगे। पीसीबी ने जिस प्रकार पिछले कुछ महीनों में उनकी भूमिका और अधिकारों को सीमित किया है उससे वह उपेक्षित अनुभव कर रहे हैं। अक्टूबर में उन्हें टेस्ट टीम के चयन पैनल से हटा दिया गया। उन्हें कहा गया कि अब वे केवल मैच के लिए रणनीतकार हैं। कोच गैरी कर्स्टन के जाने के बाद गिलेस्पी ने अंतरिम आधार पर टीम को कोचिंग दी थी। वहीं गिलेस्पी के कहने पर टिम नीलसन की इस साल अगस्त में हाई–परफॉर्मेंस रेड–बॉल कोच बनाया गया था। उनके अनुबंध को पाकिस्तान के ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद रिन्यू करना था पर ऐसा नहीं किया गया है। नीलसन के अनुसार टीम अच्छी तहर से आगे बढ़ रही थी और वह दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज क तैयारी कर रहे थे पर पीसीबी ने उन्हें बताया कि उनकी सेवाओं की अब आवश्यकता नहीं है। गिलेस्पी को लगता है कि नीलसन ने खिलाड़ियों के साथ बहुत अच्छा तालमेल बनाया है। ये बात उन्होंने सार्वजनिक रूप से कई बार कही है। यही शायद उनके गुस्सा होने की वजह भी है।

# मोहम्मद नबी 300 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले पहले अफगान क्रिकेटर बने

स्पोर्ट्स डेस्क ।अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर मोहम्मद नबी 300 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले पहले अफगान खिलाड़ी बन गए हैं। अफगानिस्तान के क्रिकेट सफर के आधार रहे 39 वर्षीय नबी ने जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 सीरीज के पहले मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। नबी ने इस अवसर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए 27 गेंदों पर पांच चौकों और एक छक्के की मदद से 44 रन बनाए। अपनी उपलब्धि पर विचार करते हुए नबी ने अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) द्वारा जारी एक वीडियो में कहा, 'मुझे खुशी है कि मैंने अपने देश के लिए 300 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। मुझे इस पर गर्व है।'' इसी पारी के दौरान नबी ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 150 चौके पूरे करके एक और उपलब्धि हासिल की जिससे अफगानिस्तान के सबसे सफल खिलाड़ियों में से एक के रूप में उनकी स्थिति और मजबूत हो गई। नबी का अंतरराष्ट्रीय करियर अप्रैल 2009 में शुरू हुआ जब उन्होंने स्कॉटलैंड के खिलाफ वनडे में डेब्यू किया। तब से उन्होंने 167 वनडे मैचों में हिस्सा लिया है, जिसमें उन्होंने 27.48 की औसत से 3,600 रन बनाए हैं और 32.47 की औसत से 172 विकेट लिए हैं। उनका टी20 करियर फरवरी 2010 में आयरलैंड के खिलाफ शुरू हुआ था। 130 से ज़्यादा मैचों में नबी ने 22.54 की औसत से 2,209 रन बनाए हैं और 7.33 की इकॉनमी से 97 विकेट लिए हैं। टेस्ट क्रिकेट में नबी ने तीन मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 33 रन बनाए हैं और आठ विकेट लिए हैं।



# गाबा टेस्ट को लेकर शास्त्री की रोहित को सलाह.... ओपनिंग करे, ताकि टीम को शुरुवात से मजबूती मिले

**ब्रिस्बेन (एजेंसी)।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चल रही टेस्ट सीरीज में निर्णायक मोड़ आ चुका है। इस पर पूर्व भारतीय कोच रवि शास्त्री ने कप्तान रोहित शर्मा को ओपनिंग की सलाह दी है। एडिलेड में दूसरे टेस्ट में भारत को 10 विकेट से मिली हार के बाद सीरीज 1-1 से बराबर है, और गाबा में शनिवार से शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट में विजेता टीम के लिए सीरीज जीतने की संभावना प्रबल हो सकती है।

दरअसल शास्त्री ने कहा कि रोहित ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन बतौर सलामी बल्लेबाज किया है। उन्होंने तेज गेंदबाजों के खिलाफ अपनी तकनीक और क्षमता का बार-बार प्रदर्शन किया है। शास्त्री ने कहा, अगर रोहित को ऑस्ट्रेलिया पर दबाव बनाना है, तब उन्हें पारी का आगाज करना चाहिए। रोहित ने अपनी पिछली 10 पारियों में केवल एक अर्धशतक लगाया है, और मध्यक्रम में उनके प्रदर्शन ने टीम को नुकसान पहुंचाया है। पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने भी शास्त्री की राय का समर्थन कर कहा कि ओपनिंग रोहित के लिए सबसे उपयुक्त पोजीशन है।

यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल की मौजूदा सलामी जोड़ी के प्रदर्शन ने प्रभावित किया है। इसके बावजूद शास्त्री का मानना है कि रोहित को ओपनिंग करना चाहिए। हालांकि, उन्होंने संकेत दिया कि संतुलन बनाए रखना बेहद जरूरी है। टीम को मौजूदा जोड़ी के प्रदर्शन और रणनीतिक फैसलों के बीच संतुलन साधना होगा।

शास्त्री ने टेस्ट को सीरीज का निर्णायक मुकाबला बताया। उन्होंने कहा, जो भी टीम मैच को जीतेगी, वह सीरीज जीत सकती है। ऑस्ट्रेलिया ने एडिलेड में जीत के बाद आत्मविश्वास पा लिया है। इसके बाद अब भारत को सही संतुलन और रणनीति के साथ उतरना होगा। रोहित की ओपनिंग के फैसले से भारत को एक मजबूत शुरुआत मिलेगी, जिससे बाकी बल्लेबाज दबाव मुक्त होकर खेल सकें। वहीं, गेंदबाजी आक्रमण



और स्पिन विभाग में सही चयन भी टीम की सफलता के लिए अहम होगा।

# संन्यास के बाद भी करोड़ों की कमाई कर रहे युवराज



चंडीगढ़ ।भारतीय टीम के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह को संन्यास लिए काफी समय हो गया है। इसके बाद भी युवराज विज्ञापनों से जमकर कमाई कर रहे है। वह विज्ञापनों से ही हर माह करीब एक करोड़ की कमाई कर रहे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार युवराज की नेट वर्थ करीब 291 करोड़ रुपये है। 2011 विश्वकप में भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले युवराज ने साल 2019 में क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। इसके बाद भी आज वह कई बड़े ब्रांड से जुड़े है। युवराज ने कई स्टार्टअप्स शुरू किए हैं जिससे भी उन्हें अच्छी खासी कमाई हो रही है। संपत्ति करीब 50 करोड़ से ज्यादा है. युवराज सिंह के पास मुंबई में करोड़ों रुपये की कीमत वाले दो आलीशान अपार्टमेंट हैं। उन्होंने साल 2013 में वर्ली में लग्जरी आवासीय टॉवर में दो अपार्टमेंट खरीदने के लिए 64 करोड़ खर्च किए थे। उनके पास गोवा में भी एक घर है जबकि चंडीगढ़ में के हवेली है। युवराज सिंह के पास कई लक्जरी कारें हैं। उनके पास बेंटले कॉन्टिनेंटल जीटी, लॉम्बिरिगनी मरसिएलागोए बीएमडब्ल्यू एम5 ई60, बीएमडब्ल्यू एक्सएम 6रूऔर ऑडी क्यू 5 गाड़ियां है। युवराज के करियर की बात करें तो 40 टेस्ट में 1900 रन बनाए जबकि 304 वनडे में उन्होंने 8701 रन बनाए। वहीं 58 टी20 इंटरनेशनल मैचों में उनके नाम 1177 रन हैं। उन्होंने टेस्ट में 3 शतक और 11 अर्धशतक जबकि एकदिवसीय में 14 शतक और 52 अर्धशतक लगाये हैं। टी 20 में उन्होंने 1177 रन बनाए हैं। इसके साथ हीन्होंने गेंदबाजी करते हुए टेस्ट में 9 एकदिवसीय में 111 और टी20 में 28 विकेट लिए हैं। 2007 टी20 विश्वकप में उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ मैच में लगातार छह छक्के लगाये थे। अपनी आक्राामक बल्लेबाजी के कारण वह दर्शकों के पसंदीदा बल्लेबाजों में शामिल रहे हैं।

# सबसे युवा विश्व चैम्पियन बनना बहुत बड़ी बात : शुभमन गिल ने गुकेश की तारीफ की



ब्रिसबेन ।सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने शुक्रवार को भारतीय क्रिकेट टीम की ओर से डी गुकेश को बधाई दी जो सबसे युवा शतरंज विश्व चैम्पियन बने हैं। गुकेश ने चीन के डिंग लिरेन को सिंगापुर में हुए मुकाबले में 7.5 .6.5 से हराकर खिताब जीता। गिल ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट से पूर्व मीडिया से कहा, 'मैं डी गुकेश को पूरी भारतीय टीम की ओर से बधाई देना चाहता हूं। सबसे युवा विश्व शतरंज चैम्पियन बनना ही अपने आप में बहुत बड़ी उपलब्धि है।' गुकेश से पहले रूस के गैरी कास्पारोव सबसे युवा विश्व चैम्पियन थे जिन्होंने 1985 में 22 वर्ष की उम्र में अनातोली कारपोव को हराकर खिताब जीता था। वह विश्वनाथन आनंद के बाद खिताब जीतने वाले दूसरे भारतीय हैं।

# ऋषभ पंत के लिए पागल थे पार्थ, गोयनका ने बताया 27 करोड़ की बोली लगाने की वजह

नई दिल्ली। आईपीएल नीलामी 2025 में सिर्फ 20 मिनट में श्रेयस अय्यर और ऋषभ पंत ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। 2015 में कोई भी भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह के 16 करोड़ से ज्यादा में नहीं बिका था, लेकिन जेद्दा–सऊदी अरब में मेगा नीलामी के कुछ ही मिनटों में श्रेयस अय्यर और ऋषभ पंत पहली बार 25 करोड़ का आंकड़ा पार कर गए। अय्यर पहले इंसान थे जिन्हें 26 करोड़ की भारी कीमत पर पंजाब किंग्स ने खरीदा था। उन्होंने पिछले साल केकेआर द्वारा 24.75 करोड़ में खरीदे गए मिशेल स्टार्क का रिकॉर्ड तोड़ा। श्रेयस के नाम यह रिकॉर्ड केवल 11 मिनट रहा क्योंकि लखनऊ सुपर जाइंट्स ने ऋषभ पंत को बोर्ड पर लाने के लिए 27 करोड़ खर्च कर दिए। रिकॉर्ड–तोड़ आईपीएल नीलामी के तीन सप्ताह बाद अब एलएसजी के मालिक संजीव गोयनका ने पंत पर बोली लगाने के पीछे की बात उजागर की है। गोयनका ने कहा कि वह जानते थे कि डीसी के सह–मालिक पार्थ जिंदल पंत के लिए पागल थे और उन्हें वापस लाने के लिए कुछ भी करने को तैयार थे, इसलिए उन्हें इतनी राशि लगानी पड़ी कि डीसी उनके राइट टू मैच विकल्प का उपयोग करने के बावजूद मैच नहीं कर सके। गोयनका ने बताया कि पंत के लिए 27 करोड़ की बोली लगाने के पीछे विज्ञान था। दिल्ली ने श्रेयस अय्यर के लिए 26.5 करोड़ की बोली लगाई। मुझे लगा था कि पार्थ जिंदल ऋषभ पंत के लिए इतने पागल हैं कि वह आईपीएल नीलामी में एक पायदान ऊपर जाएंगे। मैंने विचार किया जहां पर वह रुकेगा हम वहां से ऊपर जाएंगे। गोयनका ने कहा कि पंत को अपनी टीम के साथ जोड़ने का मुख्य मकसद एक भारतीय एंकर को अपने साथ जोड़ना था। उन्होंने कहा कि दिल्ली के लिए जो भी परिस्थितियां रहीं, उन्होंने उसे रिटेन नहीं किया वह ऋषभ को रिटेन करने के इच्छुक नहीं थे। मेरे लिए उस पर चर्चा करना या उस पर टिप्पणी करना सही नहीं है।



# वेस्टइंडीज ने बंगलादेश को चार विकेट से हराकर सीरीज में किया क्लीन स्वीप

**बासटेयर (एजेंसी)।** आमिर जंगू (नाबाद 104), केसी कार्टी (95) तथा गुडाकेश मोती (नाबाद 44 और एक विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत वेस्टइंडीज ने तीसरे एक दिवसीय मुकाबले में बांग्लादेश को चार विकेट से हराया। इसी के साथ वेस्टइंडीज ने तीन एकदिवसीय मैचों की सीरीज में बांग्लादेश का सूपड़ा साफ कर दिया। 104 रनों की बेहतरीन पारी खेलने वाले आमिर जंगू 'प्लेयर ऑफ दि मैच' से और शरफेन रदरफोर्ड को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' से नवाजा गया। बांग्लादेश के 321 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 36 रन के स्कोर पर अपने तीन विकेट गवां दिये।

ब्रैंडन किंग (15), ऐलेक ऐथनेज (सात)और कप्तान शे होप (तीन) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद 15वें ओवर में वेस्टइंडीज ने शरफेन रदरफोर्ड (15) के रूप में अपना चौथा विकेट 86 के स्कोर पर गवां दिए। ऐसे संकट के समय केसी कार्टी के साथ आमिर जंगू ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट लिये 132 रनों की साझेदारी हुई। इस साझेदारी ने वेस्टइंडीज के जीत की नींव रखी। 34वें ओवर में रिशाद हुसैन ने केसी कार्टी को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। केसी कार्टी ने 88 गेंदों में 10 चौके और दो छक्के लगाते हए (95) रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए रॉस्टन चेज (12) को भी रिशाद हुसैन ने अपनी ही गेंद पर कैच आउट कर पवेलियन भेज दिया। बल्लेबाजी करने आये गुडाकेश मोती ने आमिर जंगू का बखूबी साथ निभाया। दोनों बल्लेबाजों ने सातवें विकेट के लिए मैच विजयी साझेदारी की। आमिर जंगू ने 83 गेंदों में छह चौके और चार छक्के लगाते हुये (नाबाद 104) रनों की पारी खेली। वहीं गुडाकेश मोटी ने 31 गेंदों में तीन चौक और तीन छक्के लगाते हुए (नाबाद 44) रन बनाये। इन दोनों बल्लेबाजों ने 45.5 ओवर में छह विकेट पर 325 रन बनाकर कर मुकाबला चार विकेट से जीत लिया। बंगलादेश की ओर से रिशाद हुसैन ने दो विकेट लिये। तसकीन अहमद, नासुम अहमद और हसन महमूद ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने मात्र नौ रन के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिऐ। तंजिद हसन और लिटन कुमार दास बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गए। इन दोनों बल्लेबाजों को अल्जारी जोसेफ ने आउट किया। इसके बाद सौम्य सरकार और कप्तान मेहदी हसन मिराज ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट लिए 136 रनों की साझेदारी हुई। 24वें ओवर में गुडाकेश मोटी ने सौम्य सरकार (73) को पगबाधा कर इस साझेदारी को तोड़ा। 30वें ओवर में शरफेन रदरफोर्ड ने मेहदी हसन मिराज (77) को




रनआउट कर बंगलादेश को चौथा झटका दिया। अफिफ हुसैन ध्रुबो (15) को शरफेन रदरफोर्ड ने आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये महमुदउल्लाह और जाकेर अली की जोड़ी ने पारी को संभालते हुए तेजी के साथ रन बटोरे। महमुदउल्लाह ने 63 गेंदों में सात चौके और चार छक्के लगाते हुए (नाबाद 84) रनों की पारी खेली। वहीं जाकेर अली ने 57 गेंदों में पांच चौके और दो छक्को की मदद से (नाबाद 62) रन बनाये। बंगलादेश की टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में पांच विकेट पर 321रनों का स्कोर खड़ा किया। वेस्टइंडीज की ओर से अल्जारी जोसेफ ने दो विकेट लिये। शरफेन रदरफोर्ड और गुडाकेश मोटी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।



भारतीय अंतरिक्ष मिशन को मिलेगी ताकत

# इसरो ने एलवीएम3 क्रायोजेनिक इंजन का सफल परीक्षण किया, भविष्य के अभियान क्रार्यकमों को मिलेगी नई ऊंचाई

**इसरो प्रोपल्शन कॉम्प्लेक्स में संपन्न यह परीक्षण गगनयान सहित भविष्य के अंतरिक्ष मिशनों के लिए इंजन की विश्वसनीयता और दक्षता को और मजबूत करता है। सीई20 इंजन इसरो के एलवीएम3 का मुख्य घटक है**

नई दिल्ली

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सीई20 क्रायोजेनिक इंजन का सफल समुद्री-स्तर का गर्म परीक्षण करके अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। इसरो प्रोपल्शन कॉम्प्लेक्स में संपन्न यह परीक्षण गगनयान सहित भविष्य के अंतरिक्ष मिशनों के लिए इंजन की विश्वसनीयता और दक्षता को और मजबूत करता है। सीई20 इंजन इसरो के एलवीएम3 का मुख्य घटक है। यह इंजन चंद्रयान-2, चंद्रयान-3 और आगामी गगनयान जैसे प्रमुख मिशनों में उपयोग किया गया है।

**यह इंजन गगनयान मिशन में उपयोग किया जाएगा**

**इससे अंतरिक्ष अभियान का संचालन सुरक्षित होगा**



**19 टन की थ्रस्ट क्षमता**

*19 टन की थ्रस्ट क्षमता वाले इस इंजन को भविष्य में 22 टन तक अपग्रेड करने की योजना है। इसरो के अनुसार यह परीक्षण भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में सहायक होगा।*

### अंतरिक्ष में इंजन फिर शुरू हो सकेगा

इसरो ने इस परीक्षण में मल्टी-एलिमेंट इग्नाइटर का उपयोग किया। जो इंजन को अंतरिक्ष में पुनः आरंभ करने की क्षमता प्रदान करता है। यह सुविधा जटिल मिशनों के दौरान अधिक लचीलापन और कार्यक्षमता सुनिश्चित करती है। परीक्षण प्रक्रिया के दौरान उत्पन्न होने वाले कंपन और तापीय तनाव को नियंत्रित करने के लिए एक उन्नत नोजल सुरक्षा प्रणाली पेश की गई। यह प्रणाली न केवल संचालन को सुरक्षित बनाती है। बल्कि परीक्षण की लागत को भी कम करती है।

### प्रदर्शन मानकों को पूरा किया

परीक्षण के दौरान इंजन और परीक्षण सुविधा दोनों ने प्रत्याशित प्रदर्शन मानकों को पूरा किया। इससे गगनयान सहित अन्य अंतरिक्ष अभियानों के लिए सीई20 इंजन की विश्वसनीयता और क्षमता की पुष्टि हुई।

## खबर संक्षेप

### मार्शल लॉ की घोषणा सही: राष्ट्रपति यून



**सियोल।** दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सूक योल ने गुरुवार को मार्शल लॉ लगाने की अपनी घोषणा का बचाव किया। उन्होंने अपने ऊपर लगे विद्रोह के आरोपों से भी इनकार किया। उन्होंने महाभियोग और मार्शल लॉ की जांच के खिलाफ अंतिम क्षण तक लड़ने की कसम खाई। उन्होंने कहा कि चाहे मुझ पर महाभियोग लगाया जाए या जांच की जाए, मैं इसका निष्पक्ष रूप से सामना करूंगा।" इससे पहले पुलिस ने राष्ट्रपति कार्यालय पर छापा मारा। जब छापेमारी हुई तो

### थाईलैंड के लिए 1 जनवरी से शुरू होगी ई-वीजा सेवा



**नई दिल्ली।** अगले साल से अब इंडियन पासपोर्ट होल्डर्स को थाईलैंड के लिए ई-वीजा मिल जाएगा। नई दिल्ली स्थित रॉयल थाई दूतावास ने घोषणा की है कि थाईलैंड की ई-वीज़ा सेवा 1 जनवरी 2025 से भारतीय पासपोर्ट धारकों के लिए उपलब्ध होगी जबकि भारतीय यात्रियों के लिए मौजूदा 60-दिवसीय वीज़ा छूट जारी रहेगी। दूतावास ने कहा कि वीज़ा आवेदनों पर वीज़ा फीस स्लिप जारी होने की तारीख से

## असद के रासायनिक हथियारों को लेकर दुनिया परेशान

# गलत हाथों में पड़ गए तो बढ़ जाएंगी मुश्किलें विद्रोहियों का दावा नहीं करेंगे इनका इस्तेमाल

दमिश्क

विद्रोही गुटों के सीरिया पर कब्जे के बाद से देश में मौजूद रासायनिक हथियारों को लेकर चिंताएं जाहिर की जाने लगी है। ऐसी आशंका जताई जा रही है कि कहीं ये गलत हाथों में न पड़ जाए। सीरियाई विद्रोही नेता अबू मोहम्मद अल-जुलानी का कहना है कि ग्रुप हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस), उन संभावित क्षेत्रों को सुरक्षित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ काम कर रहा है, जहां रासायनिक हथियार हो सकते हैं। एचटीएस ने कहा है कि वह किसी भी परिस्थिति में रासायनिक हथियारों का इस्तेमाल नहीं करेगा। बता दें रविवार को सीरिया की राजधानी पर कब्जा कर लिया और राष्ट्रपति बशर अल-असद को देश छोड़ कर भागना पड़ा जिन्होंने करीब 24 साल तक अरब देश पर शासन किया था।

इस बीच पेंटागन ने कहा कि अमेरिका संभावित रासायनिक हथियार स्थलों को सुरक्षित करने के बारे में उनकी टिप्पणियों का स्वागत करता है, लेकिन साथ ही इसने आगाह भी किया कि 'बयान के साथ-साथ कथनी भी जरूरी है।' बता दें, सीरिया में रासायनिक हथियारों का उत्पादन 1980 के दशक के मध्य में शुरू हुआ। माना जाता था कि सीरिया के पास संयुक्त राज्य अमेरिका और रूस के बाद दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा रासायनिक हथियारों का भंडार है। सीरिया के 13 साल से अधिक समय तक चले गृह युद्ध के दौरान बशर अल-असद पर बार-बार रासायनिक हथियारों के इस्तेमाल करने का आरोप लगता रहा है।

### अमेरिकी एजेंसियां रख रही कड़ी निगरानी



पिछले हफ़्ते तक, अमेरिकी खुफिया एजेंसियां सीरिया में संदिग्ध रासायनिक हथियारों के भंडारण स्थलों पर कड़ी निगरानी रख रही थीं। उन्हें डर था कि सरकारी बल कहीं विद्रोहियों को राजधानी पर कब्जा करने से रोकने के लिए बचे हुए रासायनिक हथियार न इस्तेमाल कर लें। अब जबकि असद सरकार गिर गई है, इस बात की चिंता है कि हथियार चोरी हो सकते हैं या उनका इस्तेमाल किया जा सकता है।

### ओपीसीडब्ल्यू ने नष्ट किए थे हथियार

*अंतरराष्ट्रीय रासायनिक हथियार निषेध संगठन (ओपीसीडब्ल्यू), को 2013 में सीरिया के रासायनिक हथियारों के भंडार को नष्ट करने का काम सौंपा गया था, एक ऐसा काम जिसने संगठन को उस वर्ष का नोबेल शांति पुरस्कार जीतने में मदद की। अगले नौ महीनों में, ओपीसीडब्ल्यू ने लगभग 1,100 मीट्रिक टन सरीन, वीएक्स और मस्टर्ड गैस एजेंटों और उनके वितरण तंत्र को नष्ट कर दिया, और जून 2014 में प्रमाणित किया कि सीरिया के सभी घोषित हथियार हटा दिए गए हैं।*

### 80 लोगों की हुई मौत से खुलासा

*अमेरिका और ओपीसीडब्ल्यू अधिकारियों को शक था कि अल-असद ने अपने कुछ रासायनिक हथियारों को छुपा लिया है। तीन साल बाद 2017 में खान शेखौन में सीरियाई बलों के हमले में 80 लोगों की मौत हुई थी। ऐसा व्यापक रूप से माना जाता है कि सरकारी बलों ने हमले में रासायनिक हथियारों का इस्तेमाल किया था। 7 अप्रैल, 2018 को दमिश्क के पास एक हमले में लगभग 50 और लोग मारे गए। इस बार भी अटैक को रासायनिक हमला माना गया।*

### कार्यवाहक पीएम का ऐलान

## सीरिया की आर्थिक स्थिति 'बेहद' खराब



*सीरिया की अंतरिम सरकार के पीएम मुहम्मद अल-बशीर ने कहा है कि उनका उद्देश्य उन लाखों सीरियाई लोगों को वापस लाना है जो अन्य देशों में शरणार्थी बनकर मुश्किल भरा जीवन जी रहे हैं। साथ ही सभी नागरिकों की सुरक्षा और उनकी मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा किया जाएगा। लेकिन इन उद्देश्यों को पूरा करने के लिए देश के खजाने में विदेशी मुद्रा नहीं है। सीरिया के खजाने में केवल सीरियन पाउंड (सीरियाई मुद्रा) हैं जबकि देश में एक अमेरिकी डॉलर की कीमत 35 हजार सीरियन पाउंड है। एचटीएस के नेता अबू मुहम्मद अल-गोलानी ने कहा है कि सीरिया में बशर अल-असद की सत्ता के दौरान जो लोग भी निर्दोषों की हत्या और उन पर अत्याचार के लिए जिम्मेदार होंगे उन्हें माफ नहीं किया जाएगा। ऐसे लोगों को निश्चित ही दंडित किया जाएगा। इस बीच, एचटीएस से अमेरिकी अधिकारियों ने संपर्क स्थापित कर लिया है और उन्होंने अंतरिम सरकार को प्रक्रियागत तरीके से चलाने का अनुरोध किया है।*

## सुरक्षाबलों को मिली बड़ी कामयाबी

# दंतेवाड़ा में मुठभेड़ में 12 नक्सली ढेर, रुक-रुककर फायरिंग जारी



दंतेवाड़ा

छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले की सीमा में गुरुवार की सुबह नक्सलियों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में दोनों ओर से रुक-रुककर गोलियां अभी भी चल रही हैं। अब तक मुठभेड़ में 12 वर्दीधारी नक्सली मारे गए हैं। पुलिस नक्सलियों की फायरिंग का मुंहतोड़ जवाब दे रही है। सूत्रों के मुताबिक एसटीएफ और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम गश्त पर थी। जिसके ऊपर छिपे हुए नक्सलियों ने फायरिंग कर दी। जिसके बाद सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई की। इससे पहले सुरक्षाबलों ने दंतेवाड़ा, नारायणपुर, कोंडागांव और जगदलपुर जिले में सर्च अभियान चलाया था। इसके बाद फोर्स दक्षिण अबूझमाड़ क्षेत्र में गश्त के लिए रवाना हुई थी। नक्सलियों को फायरिंग का करारा जवाब दिया जा रहा है।

### 40 से 50 नक्सली छिपे होने की आशंका

बता दें, सुरक्षा बलों को इस इलाके में 40-50 नक्सली छिपे होने की जानकारी मिली थी। गुरुवार अलसुबह 3 बजे से फायरिंग चल रही है। मुठभेड़ में नक्सलियों के बड़े कैडर के मारे जाने की सूचना भी मिली है। बता दें कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अगस्त महीने में ऐलान कर दिया था कि 2026 तक देश में नक्सलवाद की समस्या खत्म हो जाएगी। आने वाले समय में नक्सलियों को सफाया कर दिया जाएगा। शाह ने समीक्षा बैठक के दौरान छत्तीसगढ़ और साथ लगते राज्यों के मुख्य सचिवों के साथ चर्चा की थी।

### अब तक 207 बड़े नक्सलियों का सफाया

गृह मंत्री शाह के ऐलान के बाद अब तक सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच 96 एनकाउंटर हो चुके हैं। पुलिस ने करीब 207 नक्सलियों का सफाया कर दिया है। इनके ऊपर लगभग 9 करोड़ रुपए का इनाम था। एक दिन पहले बीजापुर में सुरक्षाबलों और नक्सलियों में मुठभेड़ हुई थी। जिसमें एक वर्दीधारी नक्सली मारा गया था। नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट किया था। जिसमें 2 जवान घायल हुए थे। थाना गंगालूर के मुनगा इलाके के जंगल में मुठभेड़ के बाद नक्सली भाग खड़े हुए थे। पिछले एक सप्ताह में नक्सली करीब 5 लोगों को मुखबिरी के शक में झारखंड और छत्तीसगढ़ में मार चुके हैं।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने किया सम्मानित

# नेपाल के सेना प्रमुख को भारतीय सेना के जनरल की मानद रैंक दी

नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में गुरुवार को सुप्रबल जनसेवाश्री जनरल अशोक राज सिगदेल को भारतीय सेना के जनरल की मानद रैंक प्रदान की। अशोक राज सिगदेल नेपाली सेना के प्रमुख हैं।

राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक विशेष अलंकरण समारोह में अशोक राज सिगदेल को उनकी सराहनीय सैन्य शक्ति और भारत के साथ नेपाल के दीर्घकालिक और मैत्रीपूर्ण संबंधों को और बढ़ावा देने में उनके अतुलनीय योगदान के लिए सम्मानित किया। नेपाल के सेनाध्यक्ष सुप्रबल जनसेवाश्री जनरल अशोक राज सिगदेल 11 से



14 दिसंबर तक भारत की यात्रा पर हैं। जनरल अशोक राज सिगदेल की यात्रा का उद्देश्य भारत और नेपाल की सेनाओं के बीच सैन्य सहयोग सुदृढ़ करना और दोनों देशों के बीच सहयोग के नए क्षेत्रों की पहचान करना है।

नेपाल के सेना प्रमुख ने 11 दिसंबर को नई दिल्ली में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और साउथ ब्लॉक लॉन में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया था।

### मस्जिद से आतंक फैलाने की थी साजिश एनआईए ने धर दबोचा

**सिलचर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने असम की मस्जिद से आतंक फैलाने की एक बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया है और पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के साथ संदिग्ध संबंधों के लिए राज्य के गोलपारा जिले से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। असम एसटीएफ के साथ एक संयुक्त अभियान में एनआईए ने गोलपारा के विभिन्न इलाकों में छापेमारी और कई लोगों से सघन पूछताछ के बाद ये गिरफ्तारी की है। सूत्रों ने बताया कि गोलपारा के तुकुरा गांव में छापेमारी के दौरान, एजेंसी ने एक मस्जिद से साहनूर आलम नामक एक इमाम को गिरफ्तार किया, जो जैश-ए-मोहम्मद के इशारे पर इलाके में आतंक फैलाने की साजिश रच रहा था।

## गाजा में युद्ध विराम का प्रस्ताव पारित

# भारत सहित 158 देशों ने किया समर्थन, सात देश विरोध में रहे

न्यूयॉर्क

भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में उस प्रस्ताव का समर्थन किया है जिसमें गाजा पट्टी में तुरंत और स्थाई युद्धविराम की मांग की गई है। महासभा ने बुधवार को दो प्रस्तावों को भारी बहुमत से मंजूरी दी। पहला प्रस्ताव गाजा में युद्धविराम की अपील करता है तो वहीं दूसरा प्रस्ताव फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए काम करने वाली संयुक्त राष्ट्र एजेंसी यूएनआरडब्ल्यूए को समर्थन देने से संबंधित है।



यूएनआरडब्ल्यूए के प्रस्ताव में इजराइल के एक नए कानून की आलोचना की गई है जो फिलिस्तीनी क्षेत्रों में एजेंसी की गतिविधियों को सीमित करता है। इजराइल का आरोप है कि एजेंसी के कुछ कर्मचारी हमास से जुड़े हुए हैं। युद्धविराम के प्रस्ताव को 158 देशों ने समर्थन दिया, जबकि अमेरिका, इजराइल और 7 अन्य देशों ने विरोध किया। 13 देश मतदान से अनुपस्थित रहे। प्रस्ताव को 159 देशों ने समर्थन दिया, जबकि 9 देशों ने विरोध किया और 11 देश अनुपस्थित रहे। भारत ने प्रस्ताव का समर्थन करते हुए 7 अक्टूबर के हमलों की निंदा की इसे आतंकवादी कार्रवाई बताया।

## कश्मीर के मैदानी इलाकों में मौसम की पहली बर्फबारी



**श्रीनगर।** कश्मीर के मैदानी इलाकों में भी बर्फबारी का दौर शुरू हो गया है। कई इलाकों में गुरुवार को मौसम की पहली बर्फबारी हुई, जिससे लंबे समय से चल रहा सूखा खत्म हो गया। शोपियां, पुलवामा और बारामूला के मैदानी इलाकों के साथ-साथ अनंतनाग, बड़गाम और बांदीपोरा के ऊपरी इलाकों में हल्की बर्फबारी हुई। गुलमर्ग, सोनमर्ग, तंगमर्ग, गुरेज और जोजिला दर्रे के पर्यटक रिसॉर्ट्स सहित घाटी के ऊंचे इलाकों में हल्की से मध्यम बर्फबारी हुई। जोजिला दर्रे पर बर्फ जमा होने के कारण श्रीनगर-लेह राजमार्ग यातायात के लिए बंद कर दिया गया है, जबकि बांदीपुरा-गुरेज मार्ग और मुगल रोड भी बंद हैं।

## संसदीय समिति को विदेश सचिव मिस्त्री ने दी जानकारी

# भारत सरकार पूर्व पीएम हसीना के आलोचना का समर्थन नहीं करती

नई दिल्ली

भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने हाल ही में बांग्लादेश का दौरा किया था। वहां से लौटकर विदेश सचिव ने बुधवार को विदेश मामलों की संसदीय समिति को बताया है कि भारत सरकार बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के ढाका में मोहम्मद यूनुस सरकार को लेकर की गई आलोचना का समर्थन नहीं करती है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर की अध्यक्षता वाली संसदीय समिति को विदेश सचिव मिस्त्री ने यह जानकारी दी है। विदेश सचिव का बांग्लादेश दौरा दोनों देशों के बीच तनाव को कम करने के रूप में देखा जा रहा है।

उन्होंने बताया कि हसीना संबोधन के लिए प्राइवेट कम्युनिकेशन डिवाइस का इस्तेमाल कर रही हैं। भारत सरकार ने हसीना को भारतीय धरती से राजनीतिक गतिविधियां चलाने के लिए कोई भी मंच या फिर रिसोर्स नहीं मुहैया करवाया है।



### यूनुस सरकार के साथ काम करेंगे

विदेश सचिव ने बताया कि उन्होंने वहां की अंतरिम सरकार को बताया कि बांग्लादेश के साथ भारत के संबंध किसी खास राजनैतिक दल या किसी खास सरकार से कहीं आगे बढ़कर हैं। भारत बांग्लादेश के लोगों के साथ अपने संबंधों को प्राथमिकता देता है और वह मौजूदा सत्ता के साथ मिलकर काम करेगा। उन्होंने अपने समकक्ष के साथ बांग्लादेश में हो रहे अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का भी मुद्दा उठाया और भारत की चिंता से उन्हें अवगत करवाया।

## जनसंख्या बढ़ाने के लिए चीन सरकार लेकर आई नई योजना

**रिश्तों के बीच संतुलन बनाने में आने वाली कठिनाइयों को बताएंगे**

# कई नामी यूनिवर्सिटीज में शुरू हुई 'प्यार की पाठशाला', शादी-विवाह, सेक्स पर कई कोर्स

बीजिंग

चीन में घटती जनसंख्या, बुजुर्गों की बढ़ती संख्या और बढ़ती युवा बेरोजगारी दर ने वहां के नीति निर्माताओं को चिंतित कर दिया है। सरकार जनसंख्या बढ़ाने के तमाम इंतजाम कर रही हैं। एक सर्वे से पता चला है कि 57 प्रतिशत कॉलेज के छात्रों ने रोमांटिक रिश्तों में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई, जिसका मुख्य कारण पढ़ाई और रिश्तों के बीच संतुलन बनाने में आने वाली कठिनाइयों को बताया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि रोमांटिक रिश्तों पर व्यापक और वैज्ञानिक शिक्षा की कमी के कारण छात्रों का इससे जुड़ाव नहीं है। इसी समस्या को देखते हुए वहां की कई नामी विश्वविद्यालयों ने अब लव अफेयर्स पर कई कोर्स शुरू किए हैं।

**01** 2023 में चीन में 9.02 करोड़ बच्चे पैदा हुए

**02** चीन में जनसंख्या घटकर 140 करोड़ रह गई



### जन्म दर काफी नीचे पहुंची


*चीन में घटती विवाह दर रिकॉर्ड निम्न स्तर पर पहुंच गया है। इसी के साथ जन्म दर भी काफी नीचे पहुंच गया है। साल 2023 में चीन की आबादी में 20.80 लाख की कमी आई है। साल 2023 में चीन में सिर्फ 9.02 करोड़ बच्चे पैदा हुए, जो 2017 से आधे हैं। चीन की जनसंख्या 2023 में लगातार दूसरे वर्ष घटी है। अब वहां की जनसंख्या घटकर 140 करोड़ रह गई है।*

### निम्न जन्म दर जटिल मुद्दा

*वुहान यूनिवर्सिटी, जियामेन यूनिवर्सिटी और तियानजिन यूनिवर्सटी समेत कई नामी-गिरामी चीनी विश्वविद्यालयों ने अपने यहां 'विवाह और प्रेम', 'प्रेम का मनोविज्ञान', 'प्रेम का समाजशास्त्र' जैसे कोर्स शुरू किए हैं। विश्वविद्यालयों का तर्क है कि निम्न जन्म दर एक जटिल सामाजिक मुद्दा है जिसके लिए व्यापक उपायों की आवश्यकता है।*

### इंटरनेट पर व्यापक आलोचना

हालांकि, यूनिवर्सिटीज की इन पहल का इंटरनेट पर व्यापक पैमाने पर आलोचना भी हो रही है। आलोचकों का कहना है कि सरकार को पहले बेरोजगारी की गंभीर समस्या पर ध्यान देना चाहिए क्योंकि हरेक युवा के लिए शादी करने और बच्चे पैदा करने से पहले आर्थिक मजबूती और वित्तीय स्थिरता जरूरी है। उनके मुताबिक बिना नौकरी के प्रेमपाश में पड़ना, शादी और सेक्स करना और बच्चे पैदा करना एक तरह की सजा हो सकती है।



# 'हंटर' की शूटिंग के दौरान घायल हुए सुनील शेट्टी...

**मुंबई।** अभिनेता सुनील शेट्टी अपनी आगामी सीरीज हंटर के सेट पर घायल हो गए। वह अपने शूट के दौरान स्टंट कर रहे थे। इस दौरान उनकी पसलियों में चोट लग गई वे गंभीर रूप से घायल हो गए। अपने स्टंट खुद करने के लिए मशहूर शेट्टी चार से पांच स्टंट कलाकारों के साथ एक हाई-इंटेंसिटी फाइट सीन कर रहे थे, तभी एक दुर्घटना हुई। इस सीन में लकड़ी के लॉग को सहारा के तौर पर इस्तेमाल किया गया था, लेकिन गलत समय पर हरकत के कारण लॉग गलती से अभिनेता की पसलियों में जा लगा। इसी घटना में सुनील शेट्टी घायल हो गए। सुनील शेट्टी अगली बार 'वेलकम टू द जंगल' में नजर आएंगे।

लाइफ Style

# हुमा

## कम सैलरी के कारण ठुकराईं दो बड़ी फिल्में

अपनी अद्भुत अभिनय के लिए मशहूर हुमा कुरैशी ने हाल ही में दो मुख्य भूमिकाओं वाली फिल्म को अस्वीकार करने के पीछे का कारण का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि इन फिल्मों के लिए उन्हें उच्च वेतन की पेशकश नहीं की गई थी।

इन फिल्मों में उनके साथ काम करने वाले दूसरे अभिनेताओं में अनुभव की कमी के कारण उन्होंने इसे अस्वीकार कर दिया। उन्होंने बताया कि अगर कोई अभिनेता अपने सोशल मीडिया फॉलोइंग के कारण लोकप्रिय माना जाता है, इसका यह मतलब नहीं कि उसके शो या फिल्मों को दर्शक पसंद करेंगे। एक मीडिया साक्षात्कार में हुमा कुरैशी ने दो नई फिल्मों को न कहने के पीछे के कारमों पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि ईमानदारी महत्वपूर्ण है। अन्य अभिनेताओं की लोकप्रियता के बावजूद उन्हें लगता है कि स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर उनका अनुभव अन्य अभिनेताओं के अनुभव से मेल नहीं खाता है। उन्होंने कहा, 'बिना नाम बताए, मुझे दो लीड फिल्मों की पेशकश की गई थी। मैंने उसे स्वीकार नहीं किया, क्योंकि इसमें शामिल अन्य मशहूर अभिनेताओं के पास स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म का मेरे जितना अनुभव नहीं था।' हुमा ने स्पष्ट किया कि वह फिल्मों में काम करने के लिए तैयार हैं, लेकिन तभी जब फिल्मों में अन्य अभिनेताओं की तरह उनके किरदार को भी समान महत्व दिया जाए। उन्होंने आगे कहा कि करियर के इस स्तर पर उन्हें नहीं लगता कि कोई समझौता करने की जरूरत है।



हॉलीवुड मसाला



# मैरी सीख रही हैं बेली डांस

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस की नन्ही सी बेटी मालती मैरी बेली डांस सीख रही हैं। उनकी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। गुलाबी रंग ड्रेस में मालती ने अपनी अदाओं से फैंस का दिल जीत लिया है। फैंस का कहना है कि वो बेहद क्यूट दिख रही हैं। मालती को डांस सीखते देख हर कोई हैरान है कि इतनी कम उम्र में ही उन्होंने अपने मम्मी और पापा के नक्शेकदम पर चलना शुरू कर दिया है। हर कोई उन पर अपना प्यार लुटा रहा है।



# 'सब कुछ किया जो मैं कर सकती थीं'...

**लॉस एंजिल्स।** डोनाल्ड ट्रंप की निर्णायक राष्ट्रपति जीत ने हॉलीवुड को चौंका दिया। ऐसे में कलाकारों, मशहूर हस्तियों और मीडिया हस्तियों ने सोशल मीडिया पर अपनी पीड़ा और निराशा की भावनाओं को साझा किया। जनरल हॉस्पिटल स्टार नैन्सी ली ग्राहन ने एक्स अकाउंट पर लिखा, 'मैंने वह सब कुछ किया है, जो मैं कर सकती थी। मैं अपनी बेटी की सुरक्षा के लिए अपने सभी सोशल मीडिया को डिलीट कर दूंगी। मुझे बहुत खेद है। भगवान हम सबकी मदद करें।' वहीं, अभिनेत्री मिया फैरो ने व्लादिमीर पुतिन की तस्वीर के ऊपर एक साधारण नोट ट्वीट किया, 'लगता है कि वह जीतेंगे। भगवान हमारी मदद करें।' सोशल मीडिया पर अक्सर पोस्ट करने वाली और ट्रंप की कट्टर विरोधी बेट मिडलर ने एचएल मेनकेन का एक कोट पोस्ट करने के बाद अपना एक्स अकाउंट डिलीट कर दिया है।




# 'सिकंदर का मुकद्दर' का प्रसारण 29 को


**मुंबई।** नेटफ्लिक्स का क्राइम ड्रामा 'सिकंदर का मुकद्दर' सभी का इंतजार खत्म करते हुए 29 नवंबर को प्रसारित होने वाला है। नीरज पांडे द्वारा निर्देशित इस फिल्म में जिमी शेरगिल, अविनाश तिवारी, तमन्ना भाटिया और राजीव मेहता मुख्य भूमिकाएं निभा रहे हैं। इस फिल्म में पांडे ने अपने सिग्नेचर स्टाइल में नेटफ्लिक्स के दर्शकों के लिए कहानी को बहुत दिलचस्प बना दिया है। सिकंदर का मुकद्दर में एक चोरी, एक पुलिस अधिकारी के इंस्टिंक्ट्स, और 15 साल तक पीछा करने की रोचक कहानी का रोमांचक अनुभव प्रदान करेगी। इससे पहले नीरज पांडे ने नेटफ्लिक्स के साथ खाकी:बिहार चैप्टर के लिए काम किया था। इस क्राइम और पीछा करने की कहानी के साथ उन्होंने नेटफ्लिक्स पर अपनी वापसी की है।




# करण ने नई फिल्म का किया ऐलान

**मुंबई।** करण जौहर ने बुधवार रात एक पोस्ट साझा कर सनसनी मचा दी। उन्होंने बताया कि वे एक लव स्टोरी लेकर आ रहे हैं। गुरुवार को उन्होंने इसका ऐलान भी कर दिया है। लेकिन, इसकी स्टाराकास्ट ऐसी है कि एक बार फिर उन पर नेपोटिज्म के आरोप लगने वाले हैं। फिल्म में अनन्या पांडे नजर आएंगी। उनके साथ लक्ष्य की जोड़ी जमेगी। निर्माता ने फिल्म की पहली झलक साझा की है। फिल्म अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज होगी। करण जौहर की नई फिल्म का नाम है- 'चांद मेरा दिल'। पोस्ट के साथ करण ने कैप्शन लिखा है, 'हम एक बेहद प्यारी और भावुक प्रेम कहानी लाने की तैयारी में हैं। ऐसी प्रेम कहानी होगी, जैसी पहले कभी नहीं रही। प्यार में थोड़ा पागल होना ही पड़ता है'?

टीवी मसाला



# टीआरपी के मामले में आगे बढ़ा 'झनक' उड़ने की आशा आया एक पायदान नीचे

**नई दिल्ली।** टीवी की दुनिया में सबसे ज्यादा टीआरपी पाने वाला सीरियल 'अनुपमा' ही है। दूसरे नंबर पर 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' को अच्छे टीआरपी रेटिंग्स मिले हैं। तीसरे नंबर पर है, 'झनक'। चौथे नंबर पर है 'उड़ने की आशा'। पांचवें नंबर पर है 'एडवोकेट अंजली अवस्थी'। छठवें नंबर पर है- गुम है किसी के प्यार में। सातवें नंबर पर आएगा मंगल लक्ष्मी। आठवें नंबर पर है शिव शक्ति।

# अभिषेक - ऐश्वर्या फिर नजर आएंगे साथ...

**नई दिल्ली।** अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय बच्चन के बीच चल रहे कथित मतभेद पिछले काफी समय से चल रहे हैं। अफवाहें तो हैं कि दोनों के बीच तलाक की स्थिति आ गई है। पिछले काफी समय से चल रहीं इन अफवाहों को लेकर दोनों ने चुप्पी साधी हुई है। लेकिन, ऐश्वर्या के बर्थडे पर उनके लिए कोई पोस्ट न करना लोगों तो एक बार फिर खटका। बच्चन परिवार और ऐश्वर्या के बीच कथित मतभेदों को लेकर नेटिजंस के मन में कई सवाल हैं।लेकिन, तलाक की अफवाहों के बीच एक बड़ा अपडेट सामने आया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक बच्चन जल्द ही एक फिल्म के लिए हाथ मिलाने वाले हैं। मशहूर फिल्ममेकर मणिरत्नम अपनी 'गुरु' जोड़ी अभिषेक और ऐश्वर्या को लेकर एक और हिंदी फिल्म की योजना बना रहे हैं। मणिरत्नम के साथ अभिषेक का ये चौथी फिल्म होगी। रत्नम के साथ अपने गहरे रिश्ते को दर्शाते हुए, अभिषेक ने एक बार जूम से बात करते हुए कहा था, 'जब वह पहली बार मुझे 'युवा' के लिए साइन करने के लिए हमारे घर आए थे, तो मुझे लगा कि वह पा (पिता अमिताभ बच्चन) को साइन करने आए हैं।



# पति की बेवफाई के बावजूद 12 साल तक जीनत अमान ने निभाया रिश्ता...

**नई दिल्ली।** 70-80 के दौर में जब भी किसी फेमस और सक्सेसफुल एक्ट्रेस का जिक्र होता हैं, तो इसमें जीनत अमान का नाम जरूर आता हैं। जिन्होंने उस दौर में भी ऐसी-ऐसी फिल्में की जिसके बारे में लोग सोच भी नहीं सकते थे। लेकिन अपने करियर के पीक दौर में उन्होंने एक्टर मजहर खान से 1985 में शादी की, लेकिन उनकी शादी किसी बुरे सपने से कम नहीं थी। एक साल के अंदर ही उन्हें अपने पति की बेवफाई झेलनी पड़ी, लेकिन इसके बाद भी 12 साल तक उन्होंने क्यों इस रिश्ते को निभाया, इस बारे में जीनत अमान ने एक इंटरव्यू के दौरान बताया।




### जीनत शादी के पहले साल ही समझ गई कि गलती की थी

जीनत अमान ने सिमी ग्रेवाल के साथ एक इंटरव्यू के दौरान बताया कि उन्होंने 1985 में मजहर खान से शादी की थी और शादी के पहले साल ही उन्हें समझ आ गया था कि उन्होंने गलती की हैं। जीनत ने यह भी बताया की मजहर से शादी करने का फैसला मेरा खुद का था और वह सबकी इच्छाओं के खिलाफ जाकर उनसे शादी करने को तैयार हुई, लेकिन शादी के 1 साल के अंदर ही उन्हें मजहर की बेवफाई के बारे में पता चला। उस समय स्टारडस्ट मैगजीन में बड़ा आर्टिकल छपा था, जिसमें बताया गया था कि मजहर का किसी और महिला के साथ अफेयर हैं।

### 5 साल तक उनके जीवन के लिए संघर्ष करती रहीं

जीनत अमान ने कहा कि मैं उस समय मजहर को छोड़ना चाहती थीं, लेकिन मैं गर्भवती थी। मेरे बेटे का जन्म हुआ, तो मैंने सोचा मुझे शादी को खत्म कर देना चाहिए। लेकिन सोचा फिर मेरे बच्चे को एक मौका मिलना चाहिए, इसलिए मैंने शादी को बनाए रखने का फैसला किया। जब मेरे बेटे की उम्र 5 साल हुई तो मैंने काम करने के बारे में सोचा, लेकिन उससे पहले मजहर बीमार हो गए। 5 साल तक उनके जीवन के लिए संघर्ष करती रहीं। जीनत ने बताया कि मैंने हर संभव कोशिश की, लेकिन यह रिश्ता नहीं बच पाया। मैं मानसिक रूप से टूटने की कगार पर थी, मेरे पास 12 साल तक ऐसा कोई शख्स नहीं था जिसने मुझसे यह पूछा हो कि तुम कैसी हो? जीनत अमान ने अपने इस जिंदगी के पहलू के बारे में खुलकर बात की और यह भी कहा कि मुझे कोई अपराधबोध नहीं है, क्योंकि मुझे यकीन है कि 99% महिलाएं मेरे जितना लंबे समय तक ईमानदारी से नहीं टिक पाती।




हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रत्नेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.